e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 310
शनिवार
16.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सीढ़ियों की जरुरत उन्हें है जिन्हें छत तक जाना है, मेरी मंजिल तो आसमान है, रास्ता भी खुद ही बनाना है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### स्पेन में एक रिटायरमेंट होम में लगी भीषण आग, कम से कम 10 लोगों की मौत

**स्पेन :** स्पेन के विलाफ्रांका डेल एब्रो में एक रिटायरमेंट होम जार्डिन्स डी विलाफ्रांका में शुक्रवार को भयंकर आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय समयानुसार सुबह के पांच बजे आग लगी। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को कम से कम दो घंटे लगे। स्थानीय सरकार के प्रतिनिधि के अनुसार, अधिकारी यह पुष्टि करने में असमर्थ थे कि हताहत होने वाले सभी लोग रिटायरमेंट होम से ही थे या नहीं। बता दें कि रिटायरमेंट होम में 82 बुजुर्ग रहते हैं। इस हादसे में एक की हालत गंभीर है, जबकि अन्य का इलाज जारी है। घटना की जानकारी पाकर दमकल की गाड़ियों के साथ पुलिस और एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंची।

### गिरफ्तार 33 मुन्ना भाइयों को भेजा गया जेल

**पूर्णिया :** पूर्णिया में केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित एमटीएस परीक्षा में बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। पूर्णिया पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गुलाबबाग हांसदा रोड स्थित पूर्णिया डिजिटल एग्जामिनेशन सेंटर में कई फर्जी छात्र दूसरों के बदले परीक्षा दे रहे हैं।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित छापामारी दल ने जब परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया तो 12 फर्जी छात्र पाए गए। जांच में पता चला कि सेंटर से सटे सुरेश चंद्र के किराए के मकान में 12 मूल छात्र और 2 अन्य व्यक्तियों को छिपा कर रखा गया था, जिनके बदले परीक्षा केंद्र में फर्जी छात्र परीक्षा दे रहे थे।पूछताछ में पता चला कि परीक्षार्थियों को पूर्णिया के विभिन्न होटलों में ठहराया जाता था और संस्थान के कर्मियों की मिलीभगत से फर्जी बायोमैट्रिक्स का इस्तेमाल कर परीक्षा दिलाई जाती थी। इस पूरे मामले में परीक्षा केंद्र के 7 कर्मी समेत कुल 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### देव दीपावली उत्सव में भाग लेने वाराणसी पहुंचे उप राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री

**वाराणसी** : देव दीपावली उत्सव में भाग लेने के लिए शुक्रवार शाम उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी वाराणसी पहुंचे। नमो घाट पर मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड का स्वागत किया। उप राष्ट्रपति ने स्वागत के बाद नमो घाट का उद्घाटन किया। इस दौरान घाट पर मौजूद लोगों ने हर–हर महादेव का परम्परागत उद्घोष कर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखडका स्वागत किया। देव दीपावली पर्व को लेकर उपराष्ट्रपति में भी उत्साह दिखा। वह घाट पर मौजूद लोगों का अभिवादन लगातार हाथ जोड़ कर करते रहे।प्राचीनता और आधुनिकता के साथ तालमेल मिलाकर चलती काशी के घाटों की श्रृंखला में एक और पक्का घाट जुड़ गया है। यह वाराणसी के पहले मॉडल घाट के रूप में जुड़ा है। इसका विस्तार नमो घाट से आदिकेशव घाट हुआ है। घाट की बनावट और अंतरराष्ट्रीय सुविधा के साथ नमस्ते का स्कल्पचर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

### बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर पीएम मोदी ने कार्यक्रम में भाग लिया

# पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा के वंशज को किया सम्मानित

**पीएम ने 6640 करोड़ की लागत से कई विकास परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया**

एजेंसी

**जमुई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमुई में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया. इस मौके पर बल्लेपुर गांव में पीएम जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शिरकत की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इसके साथ 6640 करोड़ की लागत से कई विकास परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया. बिरसा मुंडा की प्रतिमा का भी अनावरण किया. पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में आए लोगों को बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर बधाई दी. उन्होंने कहा आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी जा रही है. मैं सभी देशवासियों को और अपने आदिवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की बधाई देता हूं. पीएम मोदी ने लोगों के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम को सराहा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरसा मुंडा के वंशज को सम्मानित किया. पीएम ने साल ओढ़ाकर और चांदी का सिक्का वाला मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया. इस दौरान काफी संख्या में आए लोगों ने जमकर ताली बजायी.

### पीएम मोदी ने चांदी का सिक्का और डाक टिकट का किया विमोचन

पीएम नरेंद्र मोदी ने स्मारक सिक्के और स्मारक डाक टिकट का विमोचन किया. बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर पीएम मोदी ने कार्यक्रम में भाग लिया. इसके साथ कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे.



### केंद्र सरकार ने दिल्ली के सराय काले खां चौक का नाम बदल कर बिरसा मुंडा चौक किया

**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार ने जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर शुक्रवार को दिल्ली के सराय काले खां चौक का नाम बदल कर भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर करने की घोषणा की। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जयंती वर्ष के अवसर पर सराय काले खां के नजदीक बांसेरा पार्क में बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा थी। आज ही के दिन झारखंड के एक छोटे से गांव में भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था। शाह ने कहा कि बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 15 नवंबर 2025 तक आगामी एक वर्ष 'आदिवासी गौरव वर्ष' के रूप में मनाया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासियों के लिए अपनी मूल संस्कृति के उद्धारक तो बने ही, उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में अपने कृत्यों के माध्यम से इस बात की व्याख्या की कि जीवन कैसा व किसके लिए होना चाहिए और जीवन का ध्येय क्या होना चाहिए। निश्चित तौर पर भगवान बिरसा मुंडा आजादी के महानायकों में से एक हैं। गृह मंत्री ने कहा कि बहुत कम उम्र में भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी सेकंडरी शिक्षा के दौरान धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठाई थी। जब पूरे भारत और दो-तिहाई दुनिया पर अंग्रेजों का शासन था, उस समय बालक बिरसा मुंडा ने धर्मांतरण के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा होने की वीरता दिखाई और आगे चलकर यह दृढ़ता और वीरता इस देश के एक नायक के रूप में परिवर्तित हुई। उन्होंने कहा कि रांची की जेल से इंग्लैंड की महारानी तक राष्ट्र नायक बिरसा मुंडा देशवासियों की आवाज बने थे।

### पीएम मोदी ने 6640 करोड़ की सौगात दी

पीएम जनमन के तहत 25 हजार नए पक्के मकान की स्वकृति, 11000 नव निर्मित गृहों का घर प्रवेश, 500 किमी नई सड़क का शिलान्यास, 55 नई मोबाइल मेडिकल यूनिट की स्वकृति और 23 नई मोबाइल मेडिकल यूनिट को चालू किया. 65 आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वीकृति, 66 नए छात्रावास, 50 नए बहुउद्देशीय केंद्र की स्वीकृति और 100 बहुउद्देशीय केंद्रों का शिलान्यास किया गया. प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान और पीएम जनजातीय विकास मिशन के तहत 300 वन धन विकास केंद्र चालू किया गया. इसके साथ झरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 1.16 लाख नए पक्का मकान की स्वीकृति, 300 नए छात्रावास की स्वीकृति, 30 मोबाइल यूनिट क्रियाशील, स्किल सेल उन्मूलन के लिए 6 सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंसी की स्वीकृति. आश्रम विद्यालय, संग्रहलय आदि योजनाओं की सौगात दी.

## संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहा है इंडिया अलायंस : राहुल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोड्डा :** झारखंड के महगामा विधानसभा क्षेत्र में राहुल गांधी ने कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी पर कड़े प्रहार किए.साथ ही जातीय जनगणना और आरक्षण को लेकर बड़ी घोषणा की. राहुल गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत संविधान की किताब दिखाकर की. उन्होंने कहा कि इंडिया अलायंस संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है. जबकि बीजेपी और आरएसएस इस संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं. इसे कूड़ेदान में फेंकने की कोशिश कर रहे हैं.यही हमारी लड़ाई है.उन्होंने कहा कि यह संविधान भारत के महापुरुषों की सोच है, यह एक तरह से भारत के लोगों की आत्मा है और आज इस देश में गरीबों को जो अधिकार मिले हैं, जैसे वोट का अधिकार, पानी का अधिकार, जंगल का अधिकार, यह किताब उन्हें देती है. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने गरीबों से 16 लाख करोड़ रुपये छीनकर अरबपतियों का लोन माफ कर दिया है. नरेंद्र मोदी मुंबई के धारावी में एक लाख करोड़ की जमीन अडानी को देने की कोशिश कर रहे हैं. महाराष्ट्र में हमारी सरकार इसी वजह से गिराई गई थी। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि झारखंड में एससी के लिए आरक्षण 26 से 28 प्रतिशत, एससी के लिए 10 से 12 प्रतिशत होगा. वहीं पिछड़ों के लिए आरक्षण 14 से 27 प्रतिशत किया जाएगा.

> **राहुल गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत संविधान की किताब दिखाकर की. उन्होंने कहा कि इंडिया अलायंस संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है. जबकि बीजेपी और आरएसएस इस संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं. इसे कूड़ेदान में फेंकने की कोशिश कर रहे हैं.यही हमारी लड़ाई है.उन्होंने कहा कि यह संविधान भारत के महापुरुषों की सोच है, यह एक तरह से भारत के लोगों की आत्मा है और आज इस देश में गरीबों को जो अधिकार मिले हैं, जैसे वोट का अधिकार, पानी का अधिकार, जंगल का अधिकार, यह किताब उन्हें देती है.**

## पलामू : कंटेनर से एक करोड़ का डोडा बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट में एक ढाबा के पास लगे कंटेनर से पुलिस ने एक करोड़, तीन लाख, पांच हजार का डोडा बरामद किया है। इसका वजन 687 किलो पाया गया है।कंटेनर पिछले 4-5 दिनों से उक्त ढाबा के पास लावारिश हालत में खड़ा था। संदेह होने पर पुलिस ने जांच की और फिर वाहन मालिक और चालक की मौजूदगी नहीं होने पर उसे जप्त कर थाना ले आई।

सर्च करने पर कंटेनर से 35 अलग अलग कार्टून में भरे डोडा बरामद किया गया।सदर थाना प्रभारी उतम कुमार राय ने शुक्रवार को बताया कि बरामद डोडा की सरकारी कीमत 15 हजार रूपये किलो है। 687 किलो डोडा की कीमत एक करोड़ तीन लाख पांच हजार है।उन्होंने बताया कि कंटेनर का इंजन और रजिस्ट्रेशन नंबर महाराष्ट्र का लगा हुआ है, जबकि वाहन गुजरात का है।उन्होंने कहा कि चार-पांच दिनों से कंटेनर के लावारिश हालात में अपना ढाबा के पास लगे होने पर संदेह हुआ था। जांच करने पर चालक और मालिक का कोई अता पता नहीं चला तो ढाबा संचालक से पूछताछ की गयी तो उसने गाड़ी मालिक और चालक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन उसके पास गाड़ी की चाभी मिली।इस संबंध में कंटेनर मालिक-चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## आदिवासियों को भाजपा ने छलने का कार्य किया है : हेमंत सोरेन

एजेंसी

**साहिबगंज।** बोरियो प्रखंड के पौआल स्थित मंगरूटीकर फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को बोरियो विधानसभा सीट से जेएमएम प्रत्याशी धनंजय सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबोधित किया। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा की 2024 की विधानसभा चुनाव में बोरियो विधानसभा में धनंजय सोरेन ने तीर धनुष का भार उठाया है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी लोबिन पर तंज करते हुए उन्हें बूढा बैल बताया। उन्होंने भाजपा पर भी तीखा निशाना साधते हुए कहा राज्य के लिए काम नहीं कर सकूं। इसके लिए मुझे जेल में डाला गया।हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि आदिवासियों को पहचान मिले। जो हमेशा से ही आदिवासियों को छलने का कार्य किया है।उपस्थित लोगों को



संबोधित करते हुए झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सौरन ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि झारखंड में 24 वर्षो में से 18 वर्ष भाजपा ने शासन किया। पर राज्य की समुचित विकास नहीं कर पाई। आदिवासियों को हितैषी बनने की ढोंग करने वाली भाजपा ने एसटी की आरक्षण में भी कटौती कर दिया था। हमारे गठबंधन सरकार पांच वर्ष के कार्यकाल में वाई वर्ष कोरोना जैसे महामारी में बिता। कोरोना कल मे जान की बाजी लगाकर प्रभावित लोगों का मदद किया। बचे ढाई वर्षो के दौरान भाजपा ने षड्यंत्र के तहत हमको को जेल में डाल दिया। इसके बावजूद राज्य सरकार ने लोगों को हित में कई योजनाओं को धरातल में लाया। मंईयां सम्मान योजना की चौथी किस्त निर्गत की जा चुकी है। व्हीं राज्य के सभी बकाए बिजली बिल को माफ, कृषकों की दो लाख तक की कृषि त्रह्म माफ, बेघरों को अबुआ आवास सहित कई योजनाओं का लाभ आम लोगों को दे रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक 40 लाख लोगों को सर्वजन पेंशन, 25 लाख अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना से लाखों महिलाओं को जोड़ा गया है। ओल्ड पेंशन जिसे भाजपा ने बंद किया था, राज्य सरकार ने इसे लागू किया। भाजपा घुसपैठियों के बहाने लोगों को डराना चाह रही है। जो कभी सफल नहीं होगा। संथाल परगना क्षेत्र में झामुमो पूर्व से सर का ताज बना हुआ है, आगे भी बना रहेगा। वहीं राज्य के 1932 की सखतियान आधारित स्थानीय नीति लागू की जाएगी।

## झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा कि झारखंड राज्य के स्थापना दिवस एवं रजत जयंती वर्ष की सभी को हार्दिक बधाई। भगवान बिरसा मुंडा सहित अनेक वीरों ने झारखंड की धरती को गौरवान्वित किया है.पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि झारखंड के अपने सभी भाई-बहनों को राज्य के स्थापना दिवस पर अनेकानेक शुभकामनाएं. जनजातीय समाज के संघर्ष और बलिदान से सिंचित इस धरती ने देश को हमेशा गौरवान्वित किया है.

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त राज्यवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा है कि प्राकृतिक सौंदर्य से सुशोभित एवं



खनिज सम्पदा से परिपूर्ण इस राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं.

उन्होंने सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि, राज्य की निरंतर प्रगति तथा समृद्ध झारखंड की कामना की है.झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने एक्स के जरिए लोगों को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने लिखा कि आज का दिन हमारे लिए विशेष है - धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस. हमारी समृद्ध संस्कृति, जनजातीय, मूलवासी विरासत और प्राकृतिक संपदा हमारी पहचान है, हमारा गौरव है.

## बंटेंगे तो कटेंगे नारे का अजित पवार ने फिर किया विरोध



एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र में सत्ताधारी गठबंधन महायुति में बंटेंगे तो कटेंगे वाले नारे को लेकर दो गुट बनते दिख रहे हैं। एक वो जो इसके समर्थन में हैं, वहीं दूसरा इसके खिलाफ है। जो गुट बंटेंगे तो कटेंगे वाले नारे के खिलाफ हैं उसमें राज्य के मौजूदा डिप्टी सीएम और एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार और भाजपा नेता पंकजा मुंडे जैसे नाम हैं, जबकि इसके समर्थन में राज्य के दूसरे डिप्टी सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस सरीखे लोग शामिल हैं। डिप्टी सीएम अजित पवार ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान का फिर विरोध किया और कहा, मैंने इस मामले में पहले ही सार्वजनिक तौर पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कुछ भाजपा नेताओं ने भी ऐसी ही प्रतिक्रिया दी है।

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद
सर्दियों में बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा
हमारे ह्रदय रोग विशेषज्ञ से मिलने पर हर्ज ही क्या है!
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# झामुमो ने मनाई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला झामुमो के तत्वावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। बिरसा मुंडा जयंती के मौके पर शुक्रवार को शहर के कल्याणपुर स्थित बिरसा मुण्डा स्मारक पार्क में स्थित भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर झामुमो नेताओं ने बिरसा मुण्डा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखण्ड राज्य के उलिहातु गांव में हुआ था। ये आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले प्रमुख नेता थे। बिरसा मुण्डा का जीवन आदिवासी समाज का उत्पीड़न एवं कठिनाइयों के खिलाफ संघर्ष का प्रतिक है। इन्होंने आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान (विद्रोह) किया। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं। वे धरती आबा के नाम से भी जाने जाते हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, शांति देवी, शंभु चन्द्रवंशी, कबुतरी देवी, छोटू सिंह, रामसागर उरांव, दशरथ प्रसाद, आशीष गुप्ता, फुजैल अहमद, संजीव भुईयां, बाबर खां, बबलू अहमद, संजय सिंह, राजेश प्रसाद गुप्ता, सितारूद्दीन खां, जितेन्द्र चौधरी, अख्तर अंसारी, दिनेश, डॉ नसीम अंसारी, धर्मदेव ऋषि, नवीन तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा का नाम त्याग और अतुलित बलिदान का प्रतीक है : अरविंद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** बिरसा मुंडा जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून के के हेल्पलाइन सेंटर में श्रद्धाजंलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभिनी श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर अरविंद गुप्ता ने अपने संबोधन में भगवान बिरसा मुंडा को त्याग और अतुलित बलिदान का प्रतीक बताया। और उनके संघर्षो पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य के विकास में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में योगदान देने का आह्वान किया। मौके पर जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र राम, अरबिन्द विश्वकर्मा, सन्नी कुमार, पंचम कुमार, चन्दन कुमार, अरविन्द अग्रवाल, उपेंद्र सिंह, उमेश कुमार रवि, सुनील पासवान, मनोज गुप्ता, अविरल कुमार, मृणाल कुमार, शुभम कुमार, सोनू कुमार, गोगल प्रसाद, लक्ष्मण रजक, सुनील गुप्ता, कन्हाई प्रसाद, राजू प्रसाद, प्रीतम कुमार, रितेश चंद्रा, मंजीत कुमार, गोलू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिले में मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा जयंती व राज्य स्थापना दिवस



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस मनाई गई। इस मौके पर गढ़वा जिला के प्रशासनिक अधिकारियों और पदाधिकारियों ने नये समाहरणालय के सामने स्थित भगवान बिरसा मुंडा पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस बिमलेश शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने माल्यार्पण किया। इसके उपरांत समाहरणालय सभाकक्ष में जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त जमुआर ने कहा कि आज की तिथि झारखंड वासियों के लिए गौरवपूर्ण है क्योंकि आज ही के दिन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है और राज्य का स्थापना दिवस भी। आज हम सब राज्य गठन का 24 वां वर्षगांठ मना रहे हैं। आज ही के दिन झारखंड बिहार से अलग होकर एक नया राज्य बना। उन्होंने कहा कि जिले की खुशहाली एवं संपूर्ण विकास के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है। वही एसपी श्री पाण्डेय ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उनके आदर्शो पर चल कर झारखंड राज्य का गठन हुआ था। हम सभी लोगों को भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शो को आत्मसात करने की जरूरत है साथ ही महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने से ही समाज में बेहतर वातावरण तैयार होता है। मौके पर जिले के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के कर्मी तथा जेएसएलपीएस की दीदीया उपस्थित रहे।

# नगर ऊंटारी रेलवे लाइन के पास मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा रोड-चोपन रेल खंड पर नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन से पश्चिम दिशा की ओर रेलवे फाटक के कुछ दूरी पर रेलवे लाइन के बगल में शुक्रवार को एक युवक का शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंचकर जानकारी लेने की कोशिश करने लगे। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन एवं स्थानीय थाने को दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह,थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक घटना स्थल पहुंचकर रेलवे पुलिस की मदद से शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। मृतक युवक की पहचान थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव निवासी रामानन्द पाल के 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार उर्फ डब्लू पाल के रूप में की गई। मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने उक्त स्थल से युवक का मोबाइल और बाइक बरामद किया है। छानबीन में जुटी पुलिस उधर घटना से घरवालों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के मां और बहन का स्थिति गंभीर है। दोनों लोग बार-बार बेहोश हो जा रहे है। युवक घर का एकलौता कमाऊ सदस्य था। इधर घटना के बाद थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक छानबीन शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

# झारखंड स्थापना दिवस पर ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में कई कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के रेहला व बेलचंपा शाखा में झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. दोनों स्कूल में बिरसा मुंडा व गुरु नानक को जयंती पर नमन किया गया. इसके अलावा देव दीपावली भी मनाई गई. इस मौके पर स्कूल प्रबंधन द्वारा कई प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी. प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरष्कृत किया गया. इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया. निदेशक अमित सिंह ने झारखंड राज्य निर्माण के संघर्ष से बच्चों को अवगत कराया. उन्होंने बिरसा मुंडा व गुरु नानक के जीवन पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला. मौके पर प्राचार्य मनीष पांडेय, दीपक तिवारी, शैलेश चौबे, अजीत तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, रतन चौबे, राजेश चौबे, लतीफ अंसारी, वेद प्रकाश सिंह, प्रवीण प्रसाद, विमलेश यादव, विकास पांडेय, अवनीश चौबे, रिचा मिश्रा, मनीषा वर्मा, खुशबू शुक्ला, आभा चौबे, सोनाली सिंह, चंचला दीक्षित, प्रतिभा शुक्ला, कविता सिंह, शिवानी शुक्ला, परमिता गुप्ता, शिवानी कश्यप, ज्योति सिंह, वैशाली सिन्हा, निशिका सिंह, संजीदा खातून, प्रियंका शुक्ला सहित कई शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्रा मौजूद थे।

## राजा पहाड़ी पर श्री रुद्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजा पहाड़ी पर आयोजित श्री रुद्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। झरिवा नदी से शुरू हुई कलश यात्रा में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु कलश में जल भरकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए बंशीधर मंदिर पहुंचे, जहां परिक्रमा और पूजन-अर्चन के बाद यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित किया गया।गाजे-बाजे और जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए यज्ञ समिति के सदस्यों के साथ पुलिसकर्मी भी तैनात थे। कलश यात्रा के दौरान महाशक्ति पीठ विंध्याचल से पधारे स्वामी श्री सत्येंद्रानंद जी महाराज, एक आकर्षक रूप से सजाए गए रथ पर विराजमान थे। उन्हीं के सानिध्य में पूरे यज्ञ का संचालन किया जा रहा है। इस महायज्ञ के मुख्य यजमान डॉ. संतोष कुमार हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, यज्ञ समिति के अध्यक्ष सौरभ पांडेय, सचिव नंदलाल प्रसाद, उपाध्यक्ष गोपाल पाठक, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे।यज्ञ समिति के अध्यक्ष सौरभ पांडेय ने बताया कि यह रुद्र चंडी महायज्ञ 5 दिनों तक चलेगा। 20 नवंबर को समापन के अवसर पर समष्टि भंडारा आयोजित किया जाएगा। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम 3 से 7 बजे तक विभिन्न संतों के प्रवचन होंगे। यज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और समिति के सदस्यों के बीच कार्य विभाजन किया गया है। सौरभ पांडेय ने सभी धर्म प्रेमियों से इस महायज्ञ को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का एक अद्भुत अवसर है।

# गढ़वा और भवनाथपुर चुनाव को लेकर सट्टा बाजार में करोड़ों का दांव

## जनता में हार जीत पर चर्चा गरम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जिले के दोनों सीट भवनाथपुर और गढ़वा विधानसभा चुनावों के नतीजों पर न केवल मतदाता उत्सुक हैं। बल्कि सट्टा बाजार भी गर्म हो चुका है। 23 नवंबर को मतगणना के दिन कौन विजयी होगा? इसे लेकर चौक-चौराहों और चौपालों पर चर्चा का माहौल चरम पर है। राजनीतिक विश्लेषण के साथ-साथ लोग बाजी लगाकर लाखों की शर्तें लगाने में भी पीछे नहीं हैं। गढ़वा सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार मिथलेश ठाकुर और भवनाथपुर से अनंत प्रताप देव को मजबूत मानने वाला एक वर्ग है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार गढ़वा से सत्येंद्र नाथ तिवारी और भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही को भी जीत का प्रबल दावेदार बताया जा रहा हैं।सट्टा बाजार में झामुमो और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। लाखों की बोली लगाने वाले समर्थकों का मानना है कि दोनों सीटों पर परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं। इसके बावजूद, झामुमो समर्थक जहां अपने उम्मीदवारों की जीत को लेकर आश्वस्त हैं, वहीं भाजपा के पक्षधर भी अपनी पार्टी की जीत का दावा कर रहे हैं।अभी सभी की नजरें 23 नवंबर की मतगणना पर टिकी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सट्टा बाजार के अनुमानों पर जनता का फैसला भारी पड़ेगा या फिर कुछ अप्रत्याशित परिणाम सामने आएंगे।

# मतदान में बाधा डालने के मामले में 9 लोगो पर केस दर्ज

## ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मी ने लगाया आरोप, मामला दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव के दौरान थाना क्षेत्र के उ0म0वि0 दरूआ बुथ सं0-182 और 183 पर मतदान के दौरान हंगामा करने व जबर वोट करने का मामला सामने आया है इस सबन्ध में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी 472 इंद्र कुमार आईआरबी के जवान ने हुसैनाबाद थाना एवं वरीय अधिकारियों को लिखित शिकाय किया है जिसमे लिखा कि ।मैं आरक्षी 472 इन्द्र कुमार आईआरबी 01 जामताड़ा उम्र 32 वर्ष पिता कौलेश्वर यादव स्थायी पता ग्राम अलगडीह पो0- मस्केडीह, थाना चलकुशा जिला हजारीबाग का रहने वाला हूं। मैं अपने हव0 अमर कुमार पाण्डेय साथ में अभिषेक कुमार और आ0- 85 गोपाल कुमार सभी जामताडा के साथ आज दिनाक 13.11.2024 को 79 हुसैनाबाद विधानसभा चुनाव 2024 ड्यूटी में सुबह प्रात करीब 06 बजे से ही उ0म0वि0 दरूआ बुथ सं0-182 और 183 थाना हुसैनाबाद जिला पलामू में सुरक्षा देने हेतु स्टेटिक बल के रूप में अपने कर्तव्य पर तैनात था। हमलोग सभी को पिठासिन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया था कि मतदान से संबंधित विना पहचान पत्र वाले किसी भी व्यक्ति को मतदान केन्द्र के अंदर आने नहीं दीजियेगा। इसी बीच करीब 12.00 बजे दोपहर के आस-पास कुछ व्यक्ति बार-बार मतदान केन्द्र के कैम्पस के अंदर आना जाना कर रहे थे। जब मैने उनलोगों से मतदान से संबंधित पहचान पत्र की मांग किये तो वो मेरे साथ गाली गलौज करने लगे और बोलने लगे कि मैं कोई पहचान पत्र नहीं दिखाऊंगा, तुमलोग क्या कर लोगे। मेरे साथ हव0 अमर कुमार पाण्डेय जो उसी जगह डयूटी में तैनात थे उनके साथ भी गाली गलौज किया और धक्का मुक्ती लगा। करीब 60-70 लोग अचानक मतदान केन्द्र कैंपस में घुस गए और मतदान कार्य में बादा पहुंबाने हेतू सभी सुरक्षा बलों के साथ लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो गए। जब मैंने अपना मोबाईल वरीय पदाधिकारी को इस घटना के संबंध में सुचित करने के लिये निकाला तो वे लोग मेरा हाथ से मोबाईल छिनने का प्रयास करने लगे और सभी लोग बोलने लगे कि यहां चुनाव कार्य नहीं होगा, हमलोग जो चाहेंगे वही होगा और सभी लोग हमलोग चारो को मारने का प्रयास करने लगे इसी दौरान एक व्यक्ति मेरा हथियार भी छिनने का प्रयास किया। किसी प्रकार मैं अपना जान बचाकर निकला और अपने वरीय पदाधीकारी को मोबाईल से सूचना दी। तो पुलिस बल मौके पर पहुंची। बल आने की सूचना पाकर सभी भागने लगे और तब जा कर मामला शांत हुआ। वहीं पर उपस्थित स्थानिय लोगो से अपने एवं हव0 सर के मोबाईल में कुछ खिचे गए फोटो दिखाकर घटना में शामिल व्यक्तियों के बारे में पूछताछ किया तो निम्न व्यक्तियों का नाम पता चला जो इस प्रकार है। 1. हिमान्सु कुमार पे0 श्रीकान्त सिंह 2. राजेन्द्र सिंह का बेटा पता नोनिया विघा दरूआ 3. सुदामा सिंह पिता स्व0 मुन्दीका 4. सुशील सिंह पिता अनिरूद्ध सिंह 5. भगवान सिंह पिता स्व0 प्रमोद सिंह, 6. अजय सिंह पिता हरिहर सिंह, 7. गौरी शंकर सिंह पिता गया सिंह 8. गुडल सिंह पिता केदार सिंह, 9. निरंजन सिंह पिता गया सिंह एवं अन्य 50-60 व्यक्तियों के द्वारा हमलोग सभी सुरक्षा बलों के साथ में धक्का मुक्की गाली गलौज मतदान में बाधा पहुंचाने एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया गया।

# बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात कर झारखंड को करना होगा विकसित : चंद्रशेखर सिंह छोटू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बिरसा मुंडा झारखंड के ही नहीं बल्कि पूरे भारत के महान योद्धा थे। कम उम्र होने के बावजूद अदम साहस का परिचय देते हुए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए थे। आजसू पार्टी बिरसा मुंडा के आदर्श को आत्मसात कर बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड का निर्माण करेगी। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही।? वे शुक्रवार को स्थानीय स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की जयंती पर हम सभी को उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। बिरसा मुंडा की जयंती पर ही झारखंड राज्य की स्थापना हुई थी। लेकिन झारखंड की कई सरकारों ने बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड नहीं बनाया। झारखंड विकास से कोसों दूर हो गया है। कहा कि बिरसा मुंडा ने 1895 में अंग्रेजों की लागू की गई जमींदार प्रथा व राजस्व व्यवस्था के साथ-साथ जंगल व जमीन की लड़ाई लड़ी थी। सूदखोरों व महाजनों के खिलाफ भी जंग का ऐलान किया था। उन्होंने अस्मिता व संस्कृति को बचाने की लड़ाई लड़ी थी। लेकिन आज झारखंड की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। चारों तरफ लूट का साम्राज्य कायम हो गया है। इससे निजात दिलाना आवश्यक है। इससे निजात दिलाने के लिए बिरसा मुंडा की तरह लड़ाई लड़नी होगी। जरूरतमंदों को हक दिलाना होगा। बिरसा मुंडा की जयंती पर युवाओं को झारखंड के नवनिर्माण के लिए आगे आना होगा ताकि झारखंड वासियों के चेहरे पर मुस्कान आ सकें व झारखंड को विकसित झारखंड राज्य बनाया जा सके। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजू सिंह, उपाध्यक्ष सतीश तिवारी, शैलेश मिश्रा, लाल जी मिश्रा, सुरेश सिंह, सुजीत तिवारी, रंजय ठाकुर, रिंकू कुमार, सतीश कुमार व राजीव रंजन पांडेय ने भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया व श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

# बाल दिवस पर जीएन कान्वेंट स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर खेल के लिए शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा एलकेजी से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रत्येक हाउस कैप्टन अपने-अपने फ्लैग के साथ बैंड के धुन पर मशाल के साथ मार्च पास्ट निकाला। 12वी की छात्रा द्वारा खेल के लिए शपथ कार्यक्रम कराए गए जबकि शिक्षक खुर्शीद आलम के द्वारा खेल प्रतिवेदन की विवेचना की गई। वहीं स्वागत भाषण उपप्राचार्य बी के ठाकुर ने किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक शिक्षाविद मदन केशरी ने कहा कि खेल बच्चों के संपूर्ण विकास में सहायक है। खेलकूद न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि यह खिलाड़ी को एक साथ कई स्किल्स भी सीखाता है जो जीवन में एक बेहतर इंसान बनने में मदद करता है। खेल से अनुशासन का पाठ सीखता है। वहीं खेल एक खिलाड़ी को जीवन के वैकल्पिक चरणों पर प्राप्त सफलता और असफलता से साझा करने की कला भी सीखाता है। खेल प्रतियोगिता में मैथ रेस, फ्रॉग रेस, 200 मीटर रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, जैवलिन थ्रो, डिस्क थ्रो आदि खेलकूद कराए गए। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, ज्योति कुमारी, पूजा प्रकाश, शिवानी गुप्ता, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### रांची जिला से पुरुष और महिला बॉक्सरों का हुआ चयन हुआ

**रांची।** रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद के निगरानी में 17 वा राज्यस्तरीय सिनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता 19 से 22 नवंबर 2024 जमशेदपुर टाटा को देखते हुए एक दिवसीय चयन शिविर स्थानीय खेलगांव बॉक्सिंग हॉल होटवार रांची में रखा गया जिसमें 7 पुरुष बॉक्सर एवं 2 महिला बॉक्सरों का चयन किया गया।आर जे के रूप में द्रोणाचार्य अवॉर्डी बीबी मोहंती, बिमल आनन्द नाग, सचिन कुमार उपस्थित थे। पुरुषों में-46 से 48 कि ग्रा में अनुज बिलॉन्ग 51 से 54 किग्रा में अविनाश कुमार 54 से 57 किग्रा में अमित कुमार 57 से 60 किग्रा में मुथू राज एम 60 से 63.5 में निखिल मुंडा 67 से 71 किग्रा में सोनू रजक 71 से 75 किग्रा में सचिन कुमार पांडे रहे।महिलाओं में 45 से 48 किग्रा में काजल कुमारी 52 से 54 किग्रा में रजनी कुमारी चयनित हुई। पुरुषों के कोच सचिन कुमार मैनेजर शिवम् चौबे महिला कोच अभिषेक कुमार बनाए गए। चयन शिविर में मुख्य रूप से अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू सचिव अजय मुकुल टोप्पो, कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद,कोच कमल किशोर कच्छप, सिंटू कुमार,राज ठाकुर,प्रमोद कुमार,सहित अन्य उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने राज्य स्थापना दिवस पर दी बधाई व शुभकामनाएं

**रांची :** प्रदेश के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को झारखंड राज्य के स्थापना दिवस पर सभी राज्यवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि प्राकृतिक सौंदर्य से सुशोभित एवं खनिज सम्पदा से परिपूर्ण इस राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि,राज्य की निरंतर प्रगति तथा समृद्ध झारखंड की कामना की है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विविधता से संपन्न झारखंड अपनी अनोखी विरासत और परंपराओं के लिए विशेष स्थान रखता है।

## वोट बैंक के लिए 'तुष्टिकरण' की राजनीति कर रहे है झामुमो-कांग्रेस गठबंधन : गौरव भाटिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष राजीव बिंदल, राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया एवं तेलंगाना के पूर्व वित्त मंत्री एटला राजेंद्र ने भाजपा मीडिया सेंटर, रांची में संयुक्त प्रेसवार्ता की। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, तेलंगना के जिला अध्यक्ष विक्रम रेड्डी मौजूद रहे। गौरव भाटिया ने कहा कि, आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंति, झारखंड प्रदेश का स्थापना दिवस और गुरु पर्व का पावन दिन है। प्रदेश के पहले चरण के लिए मतदान हो चुका है, इसी के साथ ही प्रदेश की जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा-एनडीए की सरकार बनने जा रही है। भाटिया ने कहा कि झारखंड की जनता की आवाज बनकर एक भ्रष्टाचारी, निकम्मी और सांप्रदायिक तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली झामुमो-कांग्रेस सरकार को उखाड़



फेंकना है। भाजपा भगवान बिरसा मुंडा की सीख को आगे बढ़ाते हुए रोटी-बेटी-माटी के नारे के साथ अपने संकल्प लेकर आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस सरकार ने राज्य में घुसपैठियों को बढ़ावा दिया है और आदिवासी समाज के अधिकारों का उल्लंघन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास की बात करते हैं, भाजपा ने विकास किया है। झारखंड प्रदेश से सभी घुसपैठियों को चुन चुनकर बाहर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, 'एक रहोगे तो सेफ रहोगे' ये नारा देश के हर कोने में पहुंच गया है। कांग्रेस-झामुमो झारखंड की संस्कृति और अस्मिता को खतरे में डाल रहे हैं। भाटिया ने कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के बयान का भी विरोध किया, जिसमें उन्होंने गैस सिलेंडर को घुसपैठियों को देने की बात की थी। भाटिया ने सवाल उठाया कि, आखिर क्यों कांग्रेस-झामुमो अपने राजनीतिक लाभ के लिए घुसपैठियों को सहायता देने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि भाजपा हमेशा राज्य के मूल निवासियों और आदिवासी समाज के पक्ष में खड़ी रही है। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो ने झारखंड के लोगों की सुरक्षा, संस्कृति और रोजगार के अवसरों के मामले में चुप्पी साध रखी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 287,000 सरकारी नौकरियों का वादा किया है, जो राज्य के युवाओं के लिए एक बड़ी राहत होगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आदर्शों और भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष की याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा राज्य की संस्कृति को बचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जबकि कांग्रेस -झामुमो अपनी तुष्टीकरण नीति के तहत काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, जिस तरह हमारी बहन सीता सोरेन का अपमान किया जाता है, लेकिन किसी ने महिला असमिता के लिए एक शब्द भी नहीं बोला। 20 सितंबर 2024 को उच्च न्यायालय का एक फैसला आया था, जिसमें उन्होने माना है कि हमारी संस्कृति को घुसपैठियों से खतरा है। घुसपैठियों को अपना वोट बैंक समझकर झामुमो-कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है, जिसका करारा जबाव उनको झारखंड की जनता देने जा रही है। मौके पर भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप, अशोक बड़ाइक उपस्थित थे।

## हार्डकोर फिटनेस जिम का डीआईजी ने किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पुंदाग दीपाटोली स्थित अर्पण काम्प्लेक्स में शुक्रवार को हार्डकोर फिटनेस जिम का उद्घाटन किया गया। जिम का का उद्घाटन डीआईजी नौशाद आलम ने फीता काट कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जिम शरीर को फिट रखने में अहम भूमिका निभाता है साथ ही स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे आज गलत लोगो की संगति मे भटक गए हैं। काफी युवा नशे का सेवन कर बीमार हो रहे हैं।युवा इन बुरी आदतों को छोड़ कर अपने शरीर पर ध्यान दें और ऐसे जिम में जरूर जाए और अपने शरीर को फिट बनाए। युवा फिट रह कर पुलिस मे जा सकते है साथ ही सरकार की ओर से युवाओं को मिल रहे योजनाओं के माध्यम से अपना भविष्य बना सकते हैं। इतना ही नहीं आजकल बाउंसरों की भी काफी डिमांड है। इसलिए युवा जिम जा कर अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने जिम के ट्रेनर की तारिफ करते हुए कहा कि कई युवाओं का भविष्य उन्होंने बनाया है।इससे पहले जिम के मालिक सुहैल अंसारी ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान अजहर अंसारी, तैयब अंसारी, शाहबाज़ अहमद, ज्योतिष टोपनो, दानिश खान, मनीष माधव, आसिफ अंसारी उर्फ बंधु, अर्पण कुमार, कामरान अहमद, सीबू, आरिफ समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## झारखंड विधानसभा में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर झारखंड विधानसभा स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा जावेद हैदर एंव सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर मालार्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

## सीपीआई ने भगवान बिरसा मुंडा को किया याद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सीपीआई राज्य कार्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर याद किया गया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।इस अवसर पर सीपीआई के राज्य कार्यकारणी सदस्य सह जिला सचिव अजय सिंह एवं कांके से सीपीआई के प्रत्याशी संतोष कुमार रजक ने पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के सपने को साकार करने के लिए एक और उलगुलान की आवश्यकता है ।इस बार उलगुलान अंग्रेजों के खिलाफ नहीं



देशी कॉरपोरेट घराने के खिलाफ करने की जरूरत है जो झारखंड में जबरिया भूमि अधिग्रहण और सी.एन.टी और एस.पी .टी की धज्जियां उड़ा रही हैं यहां के लोगों को विस्थापित कर रही है।जो कानून हमने अंग्रेजों से लड़कर बनाया था उसे भी सरकार खत्म करने पर आमदा है । इस अवसर पर ज्ञानेंद्र कुमार भंते, संतोष रजक मनोज ठाकुर,श्यामल, तारिक,महेंद्र,नीरज सिंह, विजय मिश्रा, जयंत पांडेय,रिजवान,सहित कई लोग शामिल थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिरसा चौक स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि दी।

## डीसी ने पुष्प अर्पित कर दिया श्रंद्धाजलि, भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त, राँची वरुण रंजन ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने मोरहाबादी स्थित गोपनीय कार्यालय कक्ष में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपायुक्त वरुण रंजन ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर सभी जिलेवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान



बिरसा मुंडा जनजातीय समुदायों के साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक हैं। उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा के अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने क्रांतिकारी विचारों से समाज में जागरूकता की अलख जगाई। भगवान बिरसा मुंडा न केवल पराक्रम बल्कि सामाजिक चेतना के भी प्रतीक थे, जिन्होंने आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलने का काम किया। श्री वरुण रंजन ने भगवान बिरसा मुंडा के मार्ग का अनुसरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने की बात कही।

## राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**भगवान बिरसा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोतः राज्यपाल**

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल श्री गंगवार ने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुण्डा के योगदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका साहस, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण हमें अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बिरसा चौक जाकर वहां स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांचीः** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को देश की स्वतंत्रता और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसके साथ ही राज्यपाल ने समस्त देशवासियों को 'जनजातीय गौरव दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि यह विशेष दिवस हमारे जनजातीय समाज के अद्वितीय योगदान, उनकी वीरता और सांस्कृतिक धरोहर के सम्मान का प्रतीक है।

## राष्ट्र, धर्म एवं संस्कृति के रक्षक थे भगवान बिरसा मुंडा : मिथिलेश्वर मिश्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद, रांची महानगर की ओर से शुक्रवार को झारखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। विहिप के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्राचीन राम मंदिर चुटिया में भी भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि राष्ट्र, धर्म एवं संस्कृति के भगवान बिरसा मुंडा रक्षक थे। भगवान बिरसा मुंडा केवल झारखंड के नहीं बल्कि भारतवर्ष के जननायक थे, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन पर्यंत अंग्रेजों से संघर्ष किया तथा बलिदान हुए। उन्होंने अंग्रेज मिशनरियों के प्रभाव से समाज के बीच हो रहे धर्मांतरण का विरोध किया और स्वधर्म के प्रति जागरूक किया। भगवान बिरसा की पावन जयंती पर आज संपूर्ण देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है तथा भगवान बिरसा के साथ-साथ जनजाति समाज के सभी महापुरुषों ,वीर बलिदानियों को नमन कर रहा है। झारखंड के संपूर्ण विकास के लिए धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए आज उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में राम मंदिर चुटिया के महंत गोकुलदास, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत मातृशक्ति प्रमुख दीपा रानी, रांची विभाग मंत्री रविशंकर राय, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, महानगर मंत्री विश्वरंजन, महानगर सामाजिक समरसता प्रमुख मुकेश गिरी, महानगर मातृशक्ति प्रमुख चंदा देवी, केशव नगर मंत्री अजय बैठा, बिरसानगर संयोजक त्रिलोक सिंह,मंजू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा नेता के शिक्षण संस्थानों पर रांची पुलिस की छापेमारी

**रांची :** विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए अवैध रुपये रखे जाने की सूचना पर रांची पुलिस ने शुक्रवार को टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र स्थित दो शैक्षणिक संस्थानों में छापेमारी कर रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान यह तीसरा मौका है जब रांची पुलिस किसी शैक्षणिक संस्थान में अवैध रुपये को लेकर छापेमारी कर रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो सरला बिरला स्कूल, उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी, अनगड़ा रिसोर्ट और एक भाजपा नेता के यहां छापेमारी की जा रही है।

## प्रकाश उत्सव पर गुरुनानक देव की निकाली गई झांकी व शोभायात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मेरे हर प्रीतम की कोई बात सुनावै। गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव के मौके पर गुरुवार को रातू रोड के श्रीकृष्णनगर कॉलोनी से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में शामिल सिख समाज के लोग श्री गुरुनानक देव की वाणी का गायन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के आगे पंज प्यारे और निशानची चल रहे थे। इस दौरान स्कूली बच्चों की देशभक्ति से ओतप्रोत झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण की केंद्र रही। स्कूली बच्चों के साथ बैंड वादन टीम व



एनसीसी कैडेट भी जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। रंग-बिरंगे व सुगंधित फूलों की सवारी पर विराजमान पवित्र श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के साथ निकली शोभायात्रा का विभिन्न इलाकों में आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा के नेतृत्व में निकला नगर कीर्तन रातू रोड, न्यू मार्केट, अपर बाजार, शहीद चौक, मेन रोड होते हुए श्री गुरुनानक स्कूल पहुंचा। जहां रात में शोभायात्रा का समापन हुआ।

**सजा विशेष दीवानः** इससे पूर्व रातू रोड के श्रीकृष्णनगर कॉलोनी गुरुद्वारा मैदान में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की ओर से प्रकाशोत्सव मनाया गया। विशेष दीवान की शुरुआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल के शबद गायन हल्ले यारा हल्ले यारा खुशखबरी....से हुई। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों ने कल तारण गुर नानक आया.शबद गायन किया।

मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथा वाचन किया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर स्वर्ण रेखा सहित अन्य नदियों में लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्वर्ण रेखा नदी सहित अन्य नदियों में शुक्रवार सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी है। सुबह से ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे स्वर्ण रेखा नदी पहुंचकर स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य दिया। कार्तिक पूर्णिमा पर इक्कीसों महादेव धाम स्वर्णरेखा नदी तट पर सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का स्नान एवं मंदिर में पूजा शुरू है। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। इस पवित्र दिन पर कई श्रद्धालु परिवार भगवान सत्यनारायण की कथा पंडितों से सुनते देखे गए। साथ ही कई लोग स्वर्ण रेखा नदी में स्नान-दान और पूजा-अर्चना भी कर रहे थे। कार्तिक पूर्णिमा पर कई वर्षो से स्वर्णरेखा नदी के





तट पर मेला लगता है। इस मेले में कोकर, नामकुम, चुटिया, डोरंडा, जगरनाथपुर, नगड़ी, बेड़ो, रामपुर, बुंडू, तमाड़, खूंटी, सिल्ली, ओरमांझी सहित कई इलाकों से श्रद्धालु पहुंचते है। इस मौके पर पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि हिंदू धर्म में व्रत, त्योहार और स्नान का विशेष महत्व है। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा और सरोवर में स्नान कर पुण्य प्राप्ति के लिए लोग गंगा घाटों पर पहुंचते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान के साथ दीप दान का विशेष महत्व होता है। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर नदी और मंदिर के आसपास मेला लगा था। मेला में चाट, फुचका के ठेले, गन्ना, बच्चों के खिलौने, पूजन सामग्री की दर्जनों दुकानें लगी थीं। पूजन सामग्री की दुकानों में महिलाओं और चाट-फुचका की दुकानों में युवक-युवतियां और बच्चों की भीड़ लगी थी। इस दौरान सुरक्षा को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस टीम तैनात दिखी। वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची के मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर, काली मंदिर, पहाड़ी मंदिर सहित सभी मंदिरों में भी लोग सुबह से ही पूजा अर्चना करते देखे गए।

## भगवान बिरसा मुंडा की राह पर चलने के लिए हम सब हैं संकल्पित : गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सह,झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के सह द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर उनके समाधि स्थल पर स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण करके याद किया गया और उनके राह पे चलकर देश को और झारखंड को आगे बढ़ाने के लिए हम सब संकल्पित हैं। इस कार्यक्रम में



शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सह फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अजीत नायक, अकबर कुरेशी, राज गुप्ता , सोनू और कई नेतागण दुकानदार शामिल थे।

## पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी कोयलांचल सहित आसपास के इलाकों में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सैकड़ों लोगों ने नदी और जलाशयों में आस्था की डुबकी लगायी। शुक्रवार को नदी में स्नान के बाद लोगों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पूजा अर्चना की। वहीं मंदिरों और शिवालयों में भी इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। खाशकर चुरी कोलयरी नदी तट स्थित सूर्य मंदिर में दूर-दराज से लोगों ने आकार पूजा अर्चना की। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन नदी में स्नान करने और भगवान की आराधना करने से भगवान अपने भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

## स्वर्गीय कलिंदर महतो की 40वीं स्मृति दिवस मनाया गया




**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी के दरहाटांड़ में शुक्रवार को क्षेत्र के सफल किसान व सामाजिक कार्यकर्ता स्व कलिंदर महतो की 40वीं स्मृति दिवस मनायी गयी। मौके पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वर्गीय कलिंदर महतो सेवा सम्मान पुरस्कार दिया गया। इसमें कृषि क्षेत्र में मोरो के कुशल महतो, समाज सेवा के लिये पत्रकार गोविंद यादव व शिक्षा के क्षेत्र में पीएम श्री राजकीयकृत मवि बारीडीह कि कक्षा आठ कि रानी केरकेट्टा व लक्ष्मी कुमारी और कक्षा छः कि दीपिका कुजूर का नाम शामिल है। ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किला में आयोजित मुख्य समारोह में झारखंड से एक मात्र स्कूल से इन बच्चियों का चयन हुआ और क्षेत्र का मान बढ़ाया। इसे पूर्व कार्यक्रम कि शुरुआत स्व महतो कि प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में मंगल मारुति परिवार के अध्यक्ष विक्रम महतो ने संबोधित किया। उन्होंने स्व महतो द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यो कि चर्चा कि साथ ही लोगों से छुआ छूत और नशापान से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम को विजय कुमार कुशवाहा, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साकेत सिंह, समाजसेवी राजू महतो, बिनोद कुमार सिन्हा, मुस्ताक अहमद, इशरत आलम, देवेंद्र महतो, राजकुमार तिर्की सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, संचालन जयश्री दास व धन्यवाद ज्ञापन सुचिता देवी ने दिया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और महिलाओं द्वारा म्यूजिकल चेयर और घड़ा फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर इटकी सहित आसपास के सैकड़ो ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित कि।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने बिरसा मुंडा की जयंती मनायी



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा डकरा स्थित कार्यालय में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता सहित अन्य सदस्यों ने बारी बारी से बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एव पुष्प अर्पित किया। बिगन सिंह भोगता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जो जल जंगल जमीन और देश की आजादी के लिए झारखंड में उलगुलान किया था। आज फिर से एक और उलगुलान की जरूरत है ताकि रैयत विस्थापित को उनका हक अधिकार मिल सके। इस मौके पर रंथू उरांव, जालिम सिंह, जगरनाथ महतो, नरेश गंझु, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, प्रभाकर गंझु, शिवनारायण लोहरा, विनय उरांव, रामधारी गंझू, श्यामजी महतो, सुनील यादव, दामोदर गंझु, राजेंद्र उरांव, प्रभु गंझू, सुशील उरांव, संजय गंझू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# तीरंदाजी खिलाड़ियों का मुरी स्टेशन में हुआ जोरदार स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** SGFI -17 मे झारखंड टीम के तीरंदाजों ने कुल 1 स्वर्ण 4 सिल्वर 1ब्रांच के साथ कुल 6 पदक जीत कर सिल्ली आते ही सिल्ली के तीरंदाजों के साथ पदक विजेता खिलाड़ियों के माता पिता व सिल्ली वासियों ने मुरी स्टेशन में गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।ज्ञात हो कि



10 से 20 नवंबर तक गुजरात में आयोजित 68वां नेशनल स्कूल गेम्स में झारखंड टीम के ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 17 तीरंदाजी टीम के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण 4 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम गौरवांवित किया था।

उल्लेखनीय है कि सिल्ली की तमन्ना वर्मा रिकर्व डिवीजन के व्यक्तिगत स्पर्द्धा 60 मीटर दूरी में 1 स्वर्ण पदक ओवरऑल में रजत पदक एवं टीम स्पर्द्धा में रजत पदक जीती है। रिकर्व टीम में तमन्ना वर्मा के अलावे सिल्ली की रितु रानी, जोन्हा की लक्ष्मी कुमारी एवं जेएसएसपीएस रांची की अनुपा कुमारी शामिल है । वही इंडियन राउंड में जोन्हा की लवली कुमारी ने व्यक्तिगत स्पर्द्धा 40मीटर की दूरी में कांस्य पदक ओवरऑल रजत पदक एवं टीम स्पर्द्धा में रजत पदक जीता हैद्य (लवली, सिल्ली की रुचिता उरांव , रितिका, जमशेदपुर की प्रिया कुमारी शामिल है ।

पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्य संरक्षक श्री सुदेश कुमार महतो ,खेल निदेशक संदीप कुमार, शिक्षा विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग,रांची जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष श्रीमती नेहा महतो,प्रकाश राम, शिशिर महतो,रोहित कोईरी, करण कुमार कर्मकार,एवं राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दिये ।

## चिराग नर्सरी स्कूल मुरी में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** चिराग नर्सरी स्कूल मुरी में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस पावन दिवस पर स्कूल कमिटी की ओर से प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु के जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। स्कूल प्राचार्य दिनेश कुमार महतो ने पंडित जवाहरलाल नेहरु के बारे बिस्तृत रूप से बच्चों को जानकारी दी,उन्होंने कहा हमारे देश में प्रत्येक बर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है।उन्होंने ने कहा कि हम इसे क्यों मनाते है वह भी



बिस्तृत रुप से बच्चों को बताये।सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छोटे छोटे नन्हो बच्चों ने ध्यान पूर्वक सुने।

बच्चों और शिक्षकों - शिक्षिकाओं के बीच काफी उत्साह देखा गया।बच्चों द्वारा बाल दिवस पर कहने का मौका दिया गया। बच्चों के साथ-साथ सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा सामुहिक डांस व ठुमके लगाऐ। मनोरंजन के साथ-साथ पुरे स्कूल परिवार भरपेट( लंच ) स्नेक का लुफ्त उठाये।अंत मे प्राचार्य जी ने सभी बच्चों एवं शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिए। इस प्रोग्राम को सफलता पूर्वक संचालन के लिए वरिष्ठ शिक्षक श्री धीरेन्द्र नाथ महतो,श्रीमती सरस्वती ,श्रीमती रोशनी,श्रीमती रोशनी, श्रीमती विनीता, श्रीमती सुनीता,श्रीमती सुमन,श्रीमती रीता, श्रीमती ज्योति, श्रीमती बबीता, श्रीमती मनीषा, श्रीमती अंजुबाला, सुश्री सुष्मिता, सुश्री पुष्पा, सुश्री काजल, सुश्री कल्याणी, सुश्री मुन एवं श्रीमती अनीता और अन्य उपस्थित थे।

## दुर्गा बाड़ी में पंचायत सम्मेलन का आयोजन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को सिंगपुर दुर्गाबाड़ी परिसर में पार्टी की ओर से 48 पंचायत में पंचायत सम्मेलन रखा गया था ! उसी के आवाज में बांसारूली पंचायत के पंचायत सम्मेलन सिंगपुर में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉक्टर रमनेश प्रसाद एवं पार्टी के जिला सचिव सह जिला परिषद गौतम कृष्णा साहू, ग्राम प्रभारी प्रेमचंद हजम, हारून रशीद पंचायत प्रभारी शिशुपाल महतो, धनेश्वरवेदिया, ज़ोन भारी लक्ष्मण महतो सिंगपुर प्रभारी



गणेश महतो घासीराम महतो प्रभात, प्रखंड उपप्रमुख आरती देवी, पंचायत प्रभारी गीताश्री देवी,उपासी देवी,जानकी देवी,उषा देवी, रीता देवी,कलावती देवी समेत समस्त चूल्हा प्रमुख युद्ध महिला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाऊंडेशन ट्रस्ट ने गरीब बच्चों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाऊंडेशन ट्रस्ट पिपरवार के सौजन्य से पिपरवार क्षेत्र के बहेरा एवं कल्याणपुर पंचायत के सरकारी स्कूल के कई गरीब बच्चों को सम्मानित किया गया।ट्रस्ट के द्वारा बच्चों को पेंसिल, कॉपी सहित अन्य पाठय सामाग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया।



इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली ने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के मनोबल बढ़ाने को लेकर उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन ट्रस्ट के द्वारा कई वर्षो से किया जाता रहा है। इससे पूर्व शिक्षक दिवस पर भी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को ट्रस्ट के द्वारा सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने से स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे एवं शिक्षकों का भी मनोबल बढ़ता है और उनका शिक्षा के प्रति लगाओ बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इस तरह का सहयोग कार्य ट्रस्ट के द्वारा आगे भी किया जाएगा।साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी इस तरह के सहयोग कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।इस मौके पर जाहिद अली,मोहम्मद अनवर,बिरेंद्र उरांव,राजेश श्रीवास्तव,मोहम्मद मजीद, मोहम्मद आशिफ,मतीउल रहमान,मोहम्मद फहीम, बादशाह आलम सहित ट्रस्ट के कई लोग मौजूद थे।

**डीएवी खलारी में श्रद्धापूर्वक मनाई गई कर्मयोगी एन डी ग्रोवर एवं बिरसा मुंडा जयंती**

## महापुरुषों के त्याग एवं बलिदान से हम प्रेरणा लें : प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डीएवी स्कूल खलारी में शुक्रवार को प्रसिद्ध शिक्षाविद कर्मयोगी महात्मा नारायण दास ग्रोवर का 100वां जन्म दिवस और धरती पुत्र भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने दोनों महान आत्माओं के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। तदोपरांत सभी उपस्थित शिक्षकों ने पुष्पांजलि देकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने दोनों महापुरुषों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं उनके द्वारा समाज की भलाई के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि महात्मा नारायण दास ग्रोवर ने आजीवन अवैतनिक रहकर बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा में दिन-रात एक करके 200 से अधिक डीएवी संस्थाएं खोलीं ताकि यहां की गरीब एवं शिक्षा से वंचित जनता को अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाई जा सके। महात्मा ग्रोवर एक दूरदर्शी



सोच वाले व्यक्ति थे। उनका एकमात्र उद्देश्य था कि समाज को सस्ती और आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य की सेवाएं भी लगातार मिलती रहें। इसके लिए उन्होंने यहां के लोगों को साथ लेकर डीएवी विद्यालय खोले जिनमें आज लाखों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करके अच्छे-अच्छे पदों पर पहुंच रहे हैं। साथ ही इन विद्यालयों में हजारों लोगों को रोजगार भी मिला हुआ है। वहीं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने आदिवासियों की भलाई के लिए अपने जीवन की कुर्बानी दी। यहां की जनता, जमीन तथा जंगल को बचाने की मुहिम जो उन्होंने शुरू की थी, उससे आज हमारा देश लाभान्वित हो रहा है।

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर वंशजों व अधिकारियों ने किया मल्यार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जन जातीय गौरव दिवस के मौके पर उनके जन्मस्थल उलीहतु में अधिकारियों, वंसाजों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया श्रद्धा सुमन अर्पित। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जन जातीय गौरव दिवस के मौके पर आज पुरे दिन उनके जन्मस्थल उलीहतु में अधिकारियों, भगवान बिरसा मुंडा के वंसजो, विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों समेत अन्य ने उनके प्रति आदर और सम्मान प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से डिप्टी डायरेक्टर जेनरल, मिनिस्ट्री ऑफ़ ट्राईबल अफेयर्स, भारत सरकार, अंसु सिंह, उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, परियोजना निदेशक, आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, भगवान बिरसा मुंडा के वंसजो समेत



अन्य ने भगवान बिरसा मुंडा के बलिदानों एवं उनके आदर्शों को याद करते उनकी प्रतिमा पर पूजा अर्चना करते हुए माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

डिप्टी डायरेक्टर जेनरल, मिनिस्ट्री ऑफ़ ट्राईबल अफेयर्स, भारत सरकार, अंसु सिंह के आगमन पर स्थनीय लोगों द्वारा उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। उलीहतु पहुंच उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के वंसजो से मुलाकात किया। मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए बिरसा मुंडा के जीवन पर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं और उनके द्वारा किए गए योगदानों को याद किया एवं उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, जिन्हें ÷धरती आबा÷ के नाम से भी जाना जाता है, झारखंड और पूरे भारत में आदिवासी समुदायों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। उनका जीवन संघर्ष, साहस और बलिदान का प्रतीक है, जिन्होंने अंग्रेजी शासन के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई और अपने समुदाय के अधिकारों के लिए आंदोलन किया। वहीं बिरसा कॉम्पलेक्स में स्थापित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर भी उन्होंने माल्यार्पण करते हुए उनके बलिदानों को याद किया।

# सीसीएल सीएमडी एनके सिंह ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एनके सिंह ने शुक्रवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर स्थानीय महाप्रबंधक संजीव कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर सीएमडी का स्वागत किया।जिसके बाद सीएमडी श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों के साथ क्षेत्र के कोयला खदानों का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने अशोक परियोजना कोयला खदान,सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी और कारो स्थित सोलर प्लांट का निरीक्षण किया और कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच की जानकारी ली।इसके अलावे उन्होंने पिपरवार कायाक्लप वाटिका का दौरा किया,जहां उन्होने पर्यावरण की रक्षा को लेकर वृक्षारोपण किया।वही कायाकल्प वाटिका परिसर में सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा करीब एक हेक्टेयर भूमि पर बनाये जा रहे अमृत वन की उन्होंने नींव रखी और वृक्षारोपण किया।जिसके बाद बचरा संगम विहार परिसर मे सीएमडी एनके सिंह ने पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियो के साथ बैठक की।इस बैठक मे उन्होंने कोयला उत्पादन और डिस्पैच की जानकारी ली,साथ ही पिपरवार मे खुलने वाली अशोक वेस्ट ओपेनकास्ट माइंस और पिपरवार भुमिगत खदान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय सीसीएल अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।साथ ही क्षेत्र की समस्याओं की उन्होंने जानकारी ली।कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच के अलावा क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों पर भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस मौके पर जीएम संजीव कुमार,अशोका पीओ जेके सिंह,सीएचपी/सीपीपी पीओ धनजंय कुमार, एसओपी नागेश कुमार गोपाल,खान प्रबधंक एसके सिहं,डीके सिंह,संजय कुमार,जगदीश मंडल,शिशिर गर्ग सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



### सीसीएल सीएमडी एनके सिंह ने धार्मिक स्थलो मे टेका माथा

पिपरवार दौरे पर आये सीसीएल सीएमडी एनके सिंह ने पिपरवार क्षेत्र के बचरा मे कई धार्मिक स्थल जाकर माथा टेका और क्षेत्र की सुख,शांति एंव खुशहाली की कामना की।जानकारी के अनुसार अनेकता मे एकता का प्रतीक माने जाने वाले बचरा काली मन्दिर,बचरा गुरूद्वारा और बचरा मस्जिद जाकर उन्होंने विधिवत रूप से पूजा अर्चना की और क्षेत्र एंव राज्य की सुख शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की।सीएमडी श्री सिंह बचरा गुरुद्वारा में गुरुनानक जयंती के अवसर पर आयोजित प्रकाश पर कार्यक्रम में भी शामिल हुए।इस संबंध में पत्रकारों से बात करते हुए सीएमडी एनके सिंह ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र उनके घर जैसा है।वह काफी दिनों तक यहां काम कर चुके हैं।उन्होंने कहा कि पिपरवार एरिया कोयला उत्पादन के लिए जाना जाता है।यही कारण है कि पिपरवार क्षेत्र सीसीएल के अलावे पूरे कोल इंडिया में अपनी अलग पहचान बना चुका है।आने वाले दिनों में यहां ओपन कास्ट माइंस एवं भूमिगत खदान खुलने से कोयला उत्पादन बढ़ेगा और विकास कार्यों की रफ्तार तेज होगी।इस अवसर पर पिपरवार जीएम संजीव कुमार,अशोका पीओ जेके सिंह,सीएचपी पीओ धनजंय कुमार,एसओपी नागेश कुमार गोपाल,शिशिर गर्ग, श्रमिक प्रतिनिधि रविन्द्रनाथ सिंह,एसके चौधरी,भीम प्रसाद मेहता,दिलिप गोस्वामी, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष सुनील प्रसाद,सचिव रविंद्र कुमार सिंह,विद्यापति सिंह, गुरुदयाल सिंह,निर्मल सिंह, मिथिलेश कुमार,अरुण कुमार सिंह,प्रमोद कुमार सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई गुरुनानक जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में शुक्रवार को गुरुनानक देव जी की जयंती धुमधाम के साथ मनाया गया।सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का 555 वां जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया।गुरुनानक जयंती के अवसर पर बचरा गुरुद्वारा में भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में काफी संख्या में सिख समुदाय की महिला व पुरुष ने हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम में बाहर से आए रागी जत्था के द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया।साथ ही साथ भव्य लंगर का भी आयोजन किया गया।इस संबंध मे बचरा गुरुद्वारा के ग्रंथी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुनानक देव जी का 555वा प्रकाशोत्सव संगत के द्वारा धूमधाम से मनाया गया।गुरुपर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को आकर्षक ढंग से फूल मालाओं व रंग बिरंगी लाइटों से



सजाया गया था।प्रकाश पर्व को लेकर कई दिन से चल रहे सहज पाठ की समाप्ति के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।वही लंगर कार्यक्रम मे हजारो की संख्या मे लोग शामिल हुए।इधर प्रकाश पर्व को लेकर बचरा गुरुद्वारा में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा भी कार्यक्रम पेश किया गया।दोपहर मे विशाल लंगर का आयोजन किया गया,जिसके सभी समुदाय के लोग शामिल हुए।इस दौरान करीब पांच हजार से अधिक लोगो ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर ग्रंथी कुलदीप सिंह, बक्सी सिंह, निर्मल सिंह, सुखदेव सिंह, अमन मेहरा, इन्दर सिंह, पृथ्वीपाल सिंह, कलवंत सिंह, गुरजीत सिंह, सेवा सिंह,प्रताप सिंह, राजेन्द्र सिंह,अमनदीप सिंह, दिलबाग सिंह,कमलजीत सिंह, राजीव वर्मा,गुरूदयाल सिंह, मिन्टु सिंह,हरजिन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आदिवासी सांस्कृतिक मंच ने रैली निकाल कर बिरसा मुंडा की शहादत को किया याद



**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिरसा मुंडा आदिवासियों सांस्कृतिक मंच पोटका की ओर से आज शुक्रवार को पर्यावरण चेतना केंद्र बड़ा सिकदी की ओर से बिरसा जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर गांव में आदिवासी भूमिज सरना अखाड़ा की ओर से सांस्कृतिक रैली निकाली गई जो पूरे गांव में भ्रमण के बाद वापस केंद्र में आकर समाप्त हो गया। जिसकी अगुवाई सामाजिक कार्यकर्ता सिदेश्वर सरदार ने की। मौके सिदेश्वर सरदार ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने नायक के रूप में अपनी भूमिका निभाई व भारत माता के लिए शहीद हो गए। इसके पूर्व बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । इस दौरान बच्चों व युवाओं समेत कलाकारो के बीच कई प्रतियोगिता आयोजित किया गया व प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभीषण सामत, सिद्धेश्वर सरदार, अनिता कुमारी, राकेश सरदार, मनिता सरदार, अजय सरदार, अशोक सरदार समेत कई लोगों ने अहम भूमिका निभाया।

## बिरसा मुंडा के आदर्शों का अनुसरण कर ही झारखंड का विकास संभव : काशिफ़ रज़ा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज़ाद समाज पार्टी जमशेदपुर यूनिट ने बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती और झारखंड स्थापना दिवस की झारखंड वासियों को शुभकामनाएं दी। बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यर्पण करने पहुँचे आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी ने कहा कि बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चल कर ही हम झारखड़ का विकास कर सकते हैं, बिरसा मुंडा इस प्रदेश के नही बल्कि देश के महानायक हैं। हम सबको मिलकर प्रदेश के सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक विकास के लिए कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाद्यक्ष मुमताज़ खान, प्रदेश सचिव नईम खान, ज़िला अध्यक्ष युवा मज़हर खान, ज़िला उपाध्यक्ष फैय्याज खान, ज़िला सचिव आफताब पठान, सचिव हामिद, वसीम, राशिद, एजाज़ आलम, आमिर, तुलैब और अन्य उपस्थित थे।

## दक्षिण पूर्व रेलवे पर कवच की स्थापना 2028 तक पूरी करने की योजना

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय रेलवे ने मानवीय भूल या उपकरण विफलताओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्वदेशी रूप से एक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली - कवच (ट्रेन टक्कर परिहार प्रणाली) विकसित की है। यह ट्रेन पायलटों को वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करता है, जिससे उच्च गति पर ट्रेनों को चलाना सुरक्षित हो जाता है। यदि लोको पायलट ऐसा करने में विफल रहता है तो सिस्टम स्वचालित रूप से ब्रेक लगा सकता है और खराब मौसम के दौरान ट्रेन को सुरक्षित रूप से चलाने में भी मदद कर सकता है। जहां तक दक्षिण पूर्व रेलवे के कवच की स्थापना का सवाल है, 688 किलोमीटर की एचडीएन लाइन (हावड़ा-खड़गपुर-भद्रक और खड़गपुर-टाटानगर-झारसुगुड़ा खंड) 25 नवंबर, 2024 को बोलियों के लिए खुलेगी। कवच के लिए 1556 किलोमीटर एचयूएन मार्ग पर काम को मंजूरी दी गई है। बोलियां आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2025 है। शेष 515 किलोमीटर कवच निर्माण को वित्तीय वर्ष 2024-2025 की छत्र परियोजना के तहत मंजूरी दी गई है। रेलवे की योजना मार्च 2028 के लिए है। इसमें शामिल विभिन्न गतिविधियों के समन्वय के लिए एक बहु-विषयक टीम की आवश्यकता है क्योंकि कवच की स्थापना शीघ्र परियोजना निष्पादन के लिए एक बड़ी चुनौती है और भारतीय रेलवे की कई जटिलताओं के कारण रोलिंग स्टॉक शाखा के साथ निकट समन्वय की आवश्यकता है, जिसमें मिश्रित यातायात, गति अंतर, इंजनों की विविधता और कोचिंग और वैगन स्टॉक शामिल हैं। कवच का नवीनतम संस्करण अब तक भारतीय रेलवे द्वारा 1,548 आरकेएम पर स्थापित किया गया है और 3,000 आरकेएम के लिए काम चल रहा है। इसके अलावा, अन्य 14,735 आरकेएम के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं।

## ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम मनाया गया बिरसा जयंती



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर, बिरसा डुंगरी कुटाम , कुकड़ु प्रखंड कार्यालय, डाटम सहित कई जगहों में भगवान विरसा मुंडा का आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। गौरांगकोचा में भगवान विरसा मुंडा के मुर्ती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद समाजसेवी भूषण चन्द्र मुर्मू ने कहा कि भगवान विरसा मुंडा सुदखोरों और अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ लोगों को एकजुट कर गुलामी के खिलाफ जंग छेड़ा था। मौके पर रंजीत टुडु, लाल मांझी, सुभाष दत्ता, सुभाष महतो, दयाल सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## दलदली में झारखंड स्थापना दिवस पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत दलदली पंचायत के लूकुईकानाली में किया गया। मौके पर शुक्रवार को दूसरे दिन अतिथि के रूप में अखिल झारखंड अनूसूचित जनजाति महासभा के जिलाध्यक्ष मंगल टुडू ने शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर टुडू ने कहा हमारे लिए गर्व की बात है कि जमशेदपुर प्रखंड के सुदूर गांव के गरीब घर का एक लड़का जेएफसी में अपना योगदान दे रहा है और जमशेदपुर, झारखंड और देश का नाम रोशन कर रहा है। इस दौरान बड़ाबांकी पंचायत के मुखिया सह आजसू नेता राकेश मुर्मू, बेको के पूर्व मुखिया दुर्लभ बेसरा, समाजसेवी कड़ाकड़ गोप, रबिन्दर मार्डी, दलदली पंचायत की मुखिया सुजाता किस्कू, शिक्षक टिबूराम मुर्मू व मिथुन आदि आदी मौजूद थे।

## भगवान बिरसा मुंडा हमारे प्रेरणास्रोत : राजकुमार सिंह




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अबुआ दिशुम अबुआ राज का नारा बुलंद करने वाले भगवान बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और जन नायक थे। उनके महान कर्मों की वजह से उन्हें भगवान की उपाधि प्राप्त है। यह बातें शुक्रवार को बिरसानगर में बिरसा सेवा दल की ओर से आयोजित भगवान बिरसा मुंडा की जयंती कार्यक्रम में बतौर अतिथि समाजसेवी राजकुमार सिंह ने कहीं। मौके पर लाल बाबू, रंजीत कुमार, दीपू तिवारी व सोनू कुमार आदि मौजूद थे। इससे पूर्व राजकुमार सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एनआइटी जमशेदपुर में उद्योग- अकादमिक कॉन्क्लेव शुरू, देश-विदेश के 60 संस्थान के प्रतिनिधि शामिल

# उद्योग की जरुरत के अनुसार अकादमिक कार्यक्रम बने : राज्यपाल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एनआईटी जमशेदपुर में आयोजित भारत के भविष्य के विकास के लिए दूरदर्शी थीम के साथ उद्योग अकादमिक कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री अतिथि के रूप में शिरकत किए झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि ऐसे आयोजन बहुत महत्वपूर्ण हैं और ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच एक सफल सहयोग विकसित करना होना चाहिए। उन्हें उम्मीद है कि इस सम्मेलन के नतीजे अकादमिक संस्थानों में किए गए उन्नत अनुसंधान का उपयोग करके औद्योगिक समस्याओं को हल करने में सहायक होंगे। उन्होंने उद्योग की जरूरतों के अनुसार अकादमिक कार्यक्रमों के विकास पर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने उद्योग-अकादमिक समुदाय की प्रेरणा के लिए इस आयोजन की सफलता की कहानी साझा करने की सलाह दी। इस समारोह में सीआईआई के अध्यक्ष एस के बेहरा ने टाटा स्टील और आईआईटी मुंबई के बीच एक बहुत ही सफल उद्योग-अकादमिक सहयोग का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उद्योग शैक्षणिक साझेदारी से शैक्षणिक संस्थानों को उन्नत अनुसंधान और विकास, नौकरी के लिए तत्परता और नए स्टार्ट-अप के मामले में लाभ हो सकता है।

संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ गौतम सूत्रधार ने बताया कि यह आयोजन 15-17 नवंबर, 2024 तक आयोजित किया जाना है. इसका थीम 2047 में राष्ट्र शताब्दी वर्ष तक प्रगतिशील भारत और झारखंड के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालेगा. कार्यक्रम में करीब 30 स्टाल लगे। इसमें देश-विदेश के 60 संस्थान के प्रतिनिधि शामिल हुए। यह कॉन्क्लेव का दूसरा संसकरण है।

आज कॉन्क्लेव के पहले दिन विभिन्न तकनीकी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एनआईटी जमशेदपुर ने आईआईटी जोधपुर और आरवीएससीईटी जमशेदपुर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। जीएएल इंडिया, इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमेन, लक्ष्मी एसोसिएट्स, ग्रीनको ग्रुप, ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड और केनरा बैंक जैसे विभिन्न सरकारी और निजी संगठनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इंद्रजीत यादव, एमएसएमई रांची ने एमएसएमई और शैक्षणिक सहयोग पर व्याख्यान दिया। स्थायी ऊर्जा भविष्य के लिए ग्रिड के साथ नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण विषय पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इस सम्मेलन के वरिष्ठ सलाहकार डा. सुवोकमल दत्ता एम डी एस इंडो केन ओटावा कनाडा है। इस सम्मेलन के आयोजन में सचिव प्रो. अमरेश कुमार , प्रो. एम.के. सिन्हा के साथ-साथ कुलसचिव कर्नल निशीथ कुमार राय, समन्वयक डॉ. कनिका प्रसाद, डॉ. अशोक मंडल, मिडिया प्रभारी सुनील कुमार भगत और डॉ. ओम हरि गुप्ता ने सक्रिय रूप से इस कार्यक्रम में भागिदारी किया।

## एक्सएलआरआइ दिल्ली-एनसीआर कैंपस और आइयूसीएन के बीच हुआ एमओयू



### - प्रकृति और जैव विविधता के मुद्दों पर होगा काम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ दिल्ली-एनसीआर कैंपस और आइयूसीएन (अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ. एमओयू के तहत दोनों संस्थानों द्वारा संयुक्त रूप से प्रकृति और जैव विविधता के मुद्दों पर कार्य किया जाएगा. इस एमओयू पर आइयूसीएन में भारत के प्रतिनिधि डॉ. यश वीर भटनागर, और एक्सएलआरआइ के एफएसीइएस के चेयरपर्सन डॉ. टाटा एल. रघु राम ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए. यह एमओयू भारतीय कॉरपोरेट क्षेत्र में स्थायी व्यावसायिक प्रथाओं और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है. इस अवसर पर एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष टी. वी. नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के निदेशक फादर एस. जॉर्ज, और एक्सएलआरआइ दिल्ली एनसीआर के निदेशक फादर केएस कश्मीरी एसजे उपस्थित थे. इस अवसर पर जेपी मॉर्गन के एमडी माधव बी कल्याण, सेंट्रम ग्रुप के चेयरमैन जसपाल बिंद्रा, एवरस्टोन कैपिटल एशिया प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर डायरेक्टर अजय कौल और मोजांबिक होल्डिंग्स के चेयरमैन जोस पारायंकेन भी शामिल थे.

एक्सएलआरआइ दिल्ली-एनसीआर कैंपस और आइयूसीएन (अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ) के एमओयू का मुख्य उद्देश्य :

1. व्यावसायिक निर्णय लेने में प्रकृति और जैव विविधता के मुद्दों को शामिल करना.
2. व्यवसाय और जैव विविधता के बीच संबंध को मापने और रिपोर्ट करने के लिए टास्कफोर्स ऑन नेचर से संबंधित फाइनेंशियल डिस्क्लोजर (टीएनएफडी ) जैसे ढांचों का का उपयोग करना.
3. कॉरपोरेट सोसाइटी में प्रकृति और जैव विविधता के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ावा देना.

## गोपाल मैदान में बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते हुए संवाद 2024 सम्मेलन का हुआ आगाज

### - झारखंड, ओडिशा की 401 नगाड़ों की सुनाई दी गूंज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गोपाल मैदान, जमशेदपुर में संवाद के 11वें संस्करण का उद्घाटन किया गया, जहां आदिवासी नेताओं, परिवर्तनकर्ताओं के साथ-साथ टाटा स्टील लिमिटेड के वरिष्ठ नेतृत्व ने धरती आबा बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी।

समारोह की शुरुआत आदिवासी समुदाय और टाटा स्टील के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा जावा के अनावरण के साथ हुई, जिसके बाद झारखंड और ओडिशा की 22 जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 401 नगाड़ों की गूंज सुनाई दी।

उद्घाटन समारोह में संथाल जनजाति से बैजू मुर्मू और दशमथ हंसदा, हो जनजाति से गणेश पाट पिंगुआ, भूमिज जनजाति से उत्तम सिंह सरदार, महाली जनजाति से कानू राम मार्डी, उरांव जनजाति से लक्ष्मी नारायण भगत और खरिया जनजाति से सोमरा खरिया जैसे वरिष्ठ, सम्मानित आदिवासी नेताओं और परिवर्तनकर्ताओं की उपस्थिति देखी गई।

उद्घाटन में टाटा स्टील लिमिटेड के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जैसे कि टीवी नरेंद्रन प्रबंध निदेशक टाटा स्टील लिमिटेड और अध्यक्ष, टाटा स्टील फाउंडेशन चाणक्य चौधरी उपाध्यक्ष कॉर्पोरेट सेवाएं टाटा स्टील लिमिटेड और निदेशक टाटा स्टील फाउंडेशन, साथ ही दीपक कपूर, स्वतंत्र निदेशक टाटा स्टील लिमिटेड और डॉ शेखर मंडे, स्वतंत्र निदेशक, टाटा स्टील लिमिटेड।

संवाद की पहली शाम को 401 नगाड़ों वाले कलर्स ऑफ झारखंड कोहोर्ट के आकर्षक शो के बाद नागपुरी बैंड की प्रमुख गायिका गरिमा एक्का के शानदार प्रदर्शन से भी चिह्नित किया गया था। जनजातीय सांस्कृतिक केंद्र, सोनारी और प्रकृति विहार, कदमा के निकट जोहार हाट में संवाद फेलोशिप के सत्र और जनजातीय घरेलू रसोइयों के साथ कार्यशालाएं चल रही थीं।

## भगवान बिरसा मुंडा के सिद्धातों पर चलकर ही झारखंड का विकास संभव : डॉ. अजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश की 24 वें स्थापना दिवस के अवसर पर डॉ. अजय कुमार ने साकची स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और समस्त झारखंड वासियों को प्रदेश की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी. वहीं मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ अजय ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के सिद्धातों पर चलकर ही झारखंड का सर्वागीण विकास संभव है. प्रदेश की इंडिया गठबंधन की सरकार ने बेहतर कार्य किया है. जल,जंगल और जमीन को बचाने के साथ ही महिला एवं गरीब लोगों के कल्याणार्थ कई योजनाएं चलाई जा रही है. जिसका लोभ लोगों को मिल रहा है. सरकार द्वारा किए गए कल्याणकारी कार्यों की वजह से विधानसभा चुनाव में आम लोगों ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में भरपूर मतदान किया है.

## भाजपा ने जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाये भगवान बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने महान क्रांतिकारी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 149 वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। शुक्रवार को जमशेदपुर पूर्वी की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने भाजपा नेताओं, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं के संग बिरसानगर संडे मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने झारखंड स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन आदिवासी समाज और पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, कल्याणी शरण, मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, उर्मिला देवी, मंजीत सिंह, बोलटू सरकार, श्रीराम प्रसाद, शैलेश गुप्ता, ममता भूमिज, रंजू झा, शशि यादव, मुकेश मिश्रा, प्रेमचंद भगत, मिथिलेश साव समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरयू राय ने जापानी दूतावास की प्रथम सचिव संग की झारखंड की राजनीति पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय शुक्रवार को व्यस्त रहे. कई लोग उनसे मिलने बिष्टुपुर स्थित कार्यालय पर आए और राजनीतिक विषयों पर चर्चा की. श्री राय से मिलने आज जापानी दूतावास में कार्यरत प्रथम सचिव त्सुबाकीमोतो और जापानी दूतावास में ही कार्यरत राजनीतिक प्रभाग की वरीय सहयोगी कृष्णा मनीष चौधरी ने मुलाकात की. इस दौरान श्री राय ने वर्तमान विधानसभा चुनाव और झारखंड की राजनीतिक दशा और दिशा पर भी चर्चा हुई. इन तमाम मौकों पर श्री राय के साथ पप्पू सूर्यवंशी, निखार, तन्मय आदि मौजूद रहे. इससे पुर्व सरयू राय ने सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें प्रणाम किया और उनके योगदान को स्मरण किया. उन्होंने सोनारी के पंचवटी नगर में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया. इसके बाद वह सोनारी स्थित गुरुद्वारा गये, जहां गुरु नानक देव जी महाराज की 555वीं जयंती (प्रकाश पर्व) कार्यक्रम में हिस्सा लिया. उन्होंने गुरु नानक देव जी महाराज के गुरुद्वारे में शीश नवाया और लोगों को उनके जीवन से शिक्षा लेने की सीख दी. इसके उपरांत श्री राय श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर, केबुल टाउन गये. वहां उन्होंने ईश्वर को प्रणाम किया और अन्य व्यवस्थाएं भी देखीं. वही अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह की मां के निधन की खबर सुनते ही श्री राय अरविंद सिंह के आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया.

# सतगुरु नानक परगटिया से गूंजी लौहनगरी

### गुरु नानक देव जी का 556 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ मना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिखों के प्रथम गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर सोनारी गुरुद्वारा से विशाल नगर कीर्तन सजाया गया। जिसका समापन साकची गुरुद्वारा में शाम को हुआ। इसके साथ ही पूरी लौहनगरी, सतगुरु नानक परगटिया, मिट्टी धुंध जग चानन होआ, से गूंज उठी।

सोनारी गुरुद्वारा में प्रायोजक सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह एवं उनकी टीम को गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान तारा सिंह सुखविंदर सिंह आदि ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

वहां अकाली दल के जत्थेदार जरनैल सिंह ने वाहेगुरु के आगे अरदास कर समस्त जीवों के भलाई और नगर कीर्तन सफल होने की कामना की।

आगे आगे नन्हे घुड़सवार बच्चे, सिख मार्शल आर्ट गतका टीम, उसके पीछे धार्मिक स्कूल, मिडिल स्कूल एवं हाई स्कूल के बच्चे अनुशासित ढंग से स्कूल के ब्रांड पर ड्रिल तथा कीर्तन करते हुए चल रहे थे।

सिख जागृति मंच के सेवादार फूलों से सजी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की पालकी के आगे फूल फेक रहे थे तथा पालकी साहेब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज एवं पंच प्यारे सुशोभित थे।

इसके पीछे नगर कीर्तन में शामिल आम श्रद्धालु बीवियां तथा उनके पीछे क्रमशः बत्तीस गुरुद्वारों के स्त्री सत्संग सभाओं की बीवियां तथा युवाओं के जत्थे मनोरम गुरबाणी कीर्तन करते हुए चल रहे थे।

इसके सफल आयोजन संचालन में सेंटरल सिख नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह एवं उनकी टीम सरदार सुरजीत सिंह सरदार हरविंदर सिंह, तरनप्रीत सिंह बन्नी एवं अन्य लगे हुए थे।

साकची गुरुद्वारा में प्रधान निशांत सिंह एवं उनकी टीम ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज को रुमाला एवं प्रसाद भेंट कर स्वागत किया।

नगर कीर्तन में चेयरमैन गुरमीत सिंह चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, सेंट्रल हिस्ट्री शासन सभा की प्रधान बीबी रविंदर कौर, कमलजीत कौर गिल एवं अन्य पूर्व प्रधान गुरमुख सिंह मुखे, कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह, इंदर सिंह इंदर, अवतार सिंह भाटिया अन्य शामिल हुए।

## खालसा क्लब ने संगत की सेवा की

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सोनारी से निकले विशाल नगर कीर्तन में शामिल संगत की सेवा खालसा क्लब बिस्टुपुर की ओर से की गई। क्लब के ट्रस्टी सरदार संता सिंह सरदार गुरदयाल सिंह, सरदार हरमिंदर सिंह मिंदी, प्रधान भगवंत सिंह रूबी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की अगवानी की और शुकराना अदा किया। स्कूली बच्चों, स्त्री सत्संग सभा की बीबीयों, कीर्तनी जत्थे और श्रद्धालुओं को चाय, पानी और चूड़ा पैकेट की सेवा की गई। सचिव कुलविंदर सिंह, ऑडिटर गुरमीत सिंह लाडी, सुरेंद्र सिंह, संदीप सिंह नवनीत, सरबजीत सिंह लाली, नेहाल सिंह, मनजीत सिंह, सरबजीत सिंह, एचएस बेदी, बलबीर सिंह गिल, अमरपाल सिंह आदि ने सेवा की

विचार प्रवाह

संपादकीय

# जलवायु कोष का सम्मेलन

**संयुक्त** राष्ट्र जलवायु परिवर्तन का सालाना सम्मेलन 'कॉप 29' अजरबेजान की राजधानी बाकू में 11 नवंबर से शुरू हुआ है। सम्मेलन और संवाद करीब 15 दिनों तक चलेंगे। सम्मेलन का बुनियादी थीम 'वित्तपोषण' तय किया गया है। करीब 15 साल के बाद जलवायु कोष और संसाधनों के दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के क्रांतिकारी प्रयास निरंतर जारी रहें, उनके लिए आर्थिक संसाधनों की ऐसी चिंता पहली बार की गई है। यह सिर्फ विकासशील, गरीब, पिछड़े देशों की ही समस्या नहीं है, बल्कि बड़े और विकसित देश भी चक्रवात, तूफान, बाढ़ जैसी बारिश, मरुस्थल जैसे सूखे और बढ़ती गर्मी को झेलते रहे हैं। वहां भी व्यापक नुकसान होता है, लोग हताहत होते हैं। जलवायु की गर्मी और निरंतर परिवर्तन वैश्विक समस्या है। जब 'कॉप 29' का सम्मेलन आरंभ हुआ है, तब दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमरीका में डोनाल्ड ट्रंप नए राष्ट्रपति चुने गए हैं। ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में 'पेरिस जलवायु समझौते' को खारिज करते हुए अमरीका को उससे अलग कर लिया था। इस बार जब राष्ट्रपति ट्रंप का दूसरा कार्यकाल शुरू होगा, तब भी अमरीका की सोच और रवैया पूर्ववत ही होगा, ऐसे संकेत मिल रहे हैं। 'कॉप 29' के सामने अनिश्चित भविष्य और वित्तीय संकट हैं। जलवायु परिवर्तन के 2009 के 'कोपेनहेगन सम्मेलन' के दौरान तय किया गया था कि विकसित देश 2020 तक 100 अरब डॉलर प्रति वर्ष का कोष जुटाएंगे। उससे कमजोर, गरीब, विकासशील देशों की मदद की जाएगी, ताकि वे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को संबोधित कर सकें। 2022 तक लक्ष्य आंशिक तौर पर ही हासिल किया जा सका। इस दौरान 'ग्लोबल साउथ' के वित्तीय बोझ उससे कई गुना बढ़ गए, जिसके अनुमान 'कोपेनहेगन सम्मेलन' के दौरान लगाए गए थे। 'कॉप 29' बाकू में नया वित्तीय लक्ष्य तय करेगा। चूंकि अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे अधिक 'ग्रीन हाउस गैसों' का उत्सर्जन भी करता है, लिहाजा अमरीका को अपनी जिम्मेदारियों से भागना नहीं चाहिए। यदि ऐसा होता है और अमरीका जलवायु परिवर्तन समझौते से अलग रहता है, तो 'कॉप 29' के लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा सकता। इस बार चीन और खाड़ी देशों के वित्तीय योगदान के भी प्रयास किए जा रहे हैं। जो देश ऐसे योगदान से इंकार करते रहे हैं, क्योंकि उन देशों के लिए जलवायु संकट के हालात नहीं हैं, उनसे भी आर्थिक मदद मांगी जाएगी। उन देशों का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अमीर पश्चिमी देशों की तुलना में नगण्य-सा है। तेल और गैस का योजनाबद्ध विस्तार का आधे से ज्यादा हिस्सा पांच अमीर देशों का ही है। यह गौरतलब रहेगा कि बाकू सम्मेलन के दौरान भू-राजनीतिक न्याय, विकास और कर्ज सरीखे मुद्दों पर क्या संवाद होता है और क्या निष्कर्ष सामने आते हैं? लेकिन यह बिल्कुल ही 'विनाश और अंधकार' की स्थिति नहीं है। 'कॉप फेमवर्क' के समानांतर निजी क्षेत्र ने भी अपनी प्रतिबद्धताएं निभाई हैं। सरकारों और जनहितैषी वर्ग ने भी काम किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा पहले की अपेक्षा सस्ती है। सौर ऊर्जा भी पिछले दशक की तुलना में 90 फीसदी सस्ती हुई है। बैटरी भंडारण और पवन ऊर्जा में भी नाटकीय सुधार हुए हैं। चीन का उत्सर्जन चरम पर पहुंच चुका है और अब दशक के अंत तक कम होना शुरू हो जाएगा। फिर भी ये विकास, सुधार और प्रयास जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के सामने 'बौने' हैं। बाकू सम्मेलन इस मुद्दे पर बंटे हुए विश्व को एकजुट करने का प्रयास साबित होगा, वैश्विक हित सामूहिक होंगे, यह 15 दिन के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। इस बार सम्मेलन ज्यादा मजबूत आधार पर शुरू हुआ है, संवाद भी सशक्त रूप से होंगे। अभी तक कॉप के प्रतिनिधि एक खास तरह का कोष गठित करने पर सहमत हुए हैं। भारत यह मांग करने में अग्रसर रहा है कि देशों को 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर का कोष जुटाना चाहिए। भारत और चीन समेत कई देश जलवायु कोष को लेकर सख्त संवाद कर सकते हैं।

> जलवायु परिवर्तन के क्रांतिकारी प्रयास निरंतर जारी रहें, उनके लिए आर्थिक संसाधनों की ऐसी चिंता पहली बार की गई है। यह सिर्फ विकासशील, गरीब, पिछड़े देशों की ही समस्या नहीं है, बल्कि बड़े और विकसित देश भी चक्रवात, तूफान, बाढ़ जैसी बारिश, मरुस्थल जैसे सूखे और बढ़ती गर्मी को झेलते रहे हैं। वहां भी व्यापक नुकसान होता है, लोग हताहत होते हैं। जलवायु की गर्मी और निरंतर परिवर्तन वैश्विक समस्या है। जब 'कॉप 29' का सम्मेलन आरंभ हुआ है, तब दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमरीका में डोनाल्ड ट्रंप नए राष्ट्रपति चुने गए हैं। ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में 'पेरिस जलवायु समझौते' को खारिज करते हुए अमरीका को उससे अलग कर लिया था।

### कई प्रकार की खतरनाक बीमारियां जन्म ले रही हैं और लाखों लोग असमय ही काल के ग्रास बन रहे

# वायु प्रदूषण के कारण संकट में बचपन

**योगेश कुमार गोयल**

> दिल्ली और आसपास के कई क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या बेहद गंभीर बनी हुई है, जहां कुछ जगहों पर एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 400 के पार है, जबकि यह 50 से कम रहना चाहिए। मौसम में ठंड की शुरुआत होते ही यह हर साल की कहानी है। हाल ही में नीदरलैंड के एल्सेवियर जर्नल में प्रकाशित हुए आईआईटी दिल्ली के वायुमंडलीय विज्ञान अध्ययन केंद्र द्वारा किए गए अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि दिल्ली में जून और अक्तूबर में प्रदूषण बाहरी कारकों से होता है, लेकिन सर्दियों में गंभीर प्रदूषण के लिए 72 प्रतिशत प्रदूषकों में स्थानीय कारक शामिल होते हैं। ऐसे में प्रदूषण कम करने के लिए समग्र योजना बनाने की जरूरत पर जोर दिया गया है।

**देश** के कई इलाकों में इन दिनों वायु प्रदूषण को लेकर स्थिति बहुत विकराल है। दिल्ली और आसपास के कई क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या बेहद गंभीर बनी हुई है, जहां कुछ जगहों पर एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 400 के पार है, जबकि यह 50 से कम रहना चाहिए। मौसम में ठंड की शुरुआत होते ही यह हर साल की कहानी है। हाल ही में नीदरलैंड के एल्सेवियर जर्नल में प्रकाशित हुए आईआईटी दिल्ली के वायुमंडलीय विज्ञान अध्ययन केंद्र द्वारा किए गए अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि दिल्ली में जून और अक्तूबर में प्रदूषण बाहरी कारकों से होता है, लेकिन सर्दियों में गंभीर प्रदूषण के लिए 72 प्रतिशत प्रदूषकों में स्थानीय कारक शामिल होते हैं। ऐसे में प्रदूषण कम करने के लिए समग्र योजना बनाने की जरूरत पर जोर दिया गया है। वैसे वायु प्रदूषण अब एक वैश्विक समस्या बन चुका है, जिससे कई प्रकार की खतरनाक बीमारियां जन्म ले रही हैं और लाखों लोग असमय ही काल के ग्रास बन रहे हैं। वल्र्ड हेल्थ फेडरेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक दशक में वायु प्रदूषण के कारण दिल की बीमारियों से होने वाली मौतों में करीब 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार हवा में छोटे प्रदूषक (अदृश्य कण) हृदय की लय, रक्त के थक्के जमने, धमनियों में प्लाक बनने और रक्तचाप को प्रभावित कर रहे हैं। वायु प्रदूषण का खतरा सबसे ज्यादा छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बना है क्योंकि वे बहुत संवेदनशील होते हैं और जहरीली हवा की चपेट में जल्दी आते हैं। दरअसल वयस्कों की तुलना में छोटे बच्चे ज्यादा तेज गति से सांस लेते हैं, जिससे उनके शरीर में प्रदूषण के कण तेजी से तथा ज्यादा मात्रा में चले जाते हैं। इसी कारण वायु प्रदूषण छोटे बच्चों को बहुत जल्दी अपनी चपेट में लेता है और उनमें अस्थमा से लेकर फेफड़ों के संक्रमण तक कई बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण से बच्चों के मस्तिष्क और दूसरे अंगों पर भी प्रभाव पड़ता है। देश की राजधानी दिल्ली हो या देश के अन्य प्रदूषित इलाके, छोटे-छोटे बच्चे वायु प्रदूषण की चपेट में सबसे ज्यादा आ रहे हैं। हवा में बढ़ती नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें और प्रदूषक कण बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं। प्रदूषित हवा में जो जहरीले 2.5 नैनोपार्टिकल होते हैं, वे छोटे



बच्चों के फेफड़ों की गहराई तक पहुंचकर उन्हें बीमार बना रहे हैं। वायु प्रदूषण छोटे बच्चों की श्वसन प्रणाली को बहुत जल्द अपनी चपेट में लेता है, जिससे उनका इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार, बच्चों में प्रदूषित हवा के कारण निमोनिया, फेफड़ों की समस्याएं, कमजोर दिल, ब्रोंकाइटिस, साइनस और अस्थमा जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। प्रदूषित हवा के कारण फेफड़े कमजोर होने से बच्चे अन्य बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। वायु प्रदूषण के कारण समय पूर्व प्रसव या फिर कम वजन वाले बच्चे पैदा होते हैं और ये दोनों ही शिशुओं की मृत्यु के प्रमुख कारण हैं। अत्यधिक प्रदूषण में पलने वाले बच्चे अगर बच भी जाते हैं, तब भी उनका बचपन अनेक रोगों से घिरा रहता है। बच्चों पर वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों को लेकर दुनियाभर में समय-समय पर परेशान करने वाली रिपोर्टें सामने आती रही हैं। किसी नवजात का स्वास्थ्य किसी भी समाज के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन बेहद चिंताजनक स्थिति है कि कई अध्ययनों में बताया जा चुका है कि गर्भ में पल रहे शिशुओं पर भी वायु प्रदूषण का घातक असर पड़ता है। एम्स द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार वायु प्रदूषण गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए बहुत ज्यादा खतरनाक है। अधिक प्रदूषित क्षेत्रों में रह रही माताओं के नवजात शिशु के फेफड़े सिकुडऩे का भी खतरा होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक वायु प्रदूषण बच्चों के दिमाग को भी कमजोर कर रहा है। यूनीसेफ की 'डेंजर इन एयर' रिपोर्ट के अनुसार भी बढ़ता प्रदूषण दिमाग को खराब कर सकता है, जिससे बच्चों के दिमागी विकास पर असर पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदूषित कण फेफड़ों के जरिये शरीर के कई दूसरे अंगों को भी नुकसान पहुंचाते हैं और कुछ मामलों में ये बच्चों की दिमाग की कार्यप्रणाली पर भी असर डाल सकते हैं। हालांकि प्रदूषण का सीधा संबंध दिमाग की कार्यप्रणाली से नहीं है, लेकिन लंबे समय तक प्रदूषण रहने पर यह गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। बढ़ते प्रदूषण के कारण हवा में नाइट्रोजन, सल्फर जैसी विषाक्त गैसों का स्तर बहुत ज्यादा हो गया है और जब बच्चे सांस के जरिये इसी प्रदूषित हवा को अपने शरीर में लेते हैं तो इसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य और विकास पर पड़ता है। ये विषाक्त गैसें बच्चों के दिमाग तक पहुंचकर उनके मानसिक और बौद्धिक विकास को धीमा कर देती हैं। नॉर्थ कैरोलिना के ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने दो हजार से भी ज्यादा लोगों पर एक व्यापक अध्ययन किया और अध्ययन के दौरान बच्चों की मानसिक सेहत पर वायु प्रदूषण के प्रभावों का आकलन किया गया। कई दशकों के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि शहरों में प्रदूषित वायु और वायु प्रदूषण के बीच पलने-बढऩे वाले बच्चों में वयस्कावस्था में मानसिक सेहत संबंधी विकार होने की संभावना सबसे ज्यादा होती है। बच्चों पर प्रदूषण के कहर को लेकर वैश्विक स्तर पर कई चिंता पैदा करने वाली रिपोर्टें आ चुकी हैं। यूनीसेफ द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि भारत में लगभग सभी स्थानों पर वायु प्रदूषण निर्धारित सीमा से अधिक है, जिससे बच्चे सांस, दमा तथा फेफड़ों से संबंधित बीमारियों और अल्प विकसित मस्तिष्क के शिकार हो रहे हैं। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु में से दस फीसदी से अधिक की मौत वायु प्रदूषण के कारण उत्पन्न होने वाली सांस संबंधी बीमारियों के कारण होती हैं। भारत में बच्चों के मस्तिष्क की कार्यप्रणाली वायु प्रदूषण के कारण प्रभावित हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण बच्चे मंदबुद्धि हो रहे हैं, जन्म के समय कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। गर्भ में भी बच्चे वायु प्रदूषण के प्रभाव से अछूते नहीं हैं, उनका तंत्रिका तंत्र प्रभावित हो रहा है। बच्चों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं, उनमें दमा और हृदय रोगों के मामले बढ़ रहे हैं और वायु प्रदूषण के कारण हर साल लाखों बच्चों की मौत वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों के कारण हो रही हैं।

दृष्टि कोण

# जवाहर लाल नेहरु की महान शख्सियत

**स्वतंत्रता** प्राप्ति पर जवाहर लाल नेहरु भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। वह 17 वर्ष प्रधानमंत्री बने रहे। नेहरु एक ऐसी शख्सियत थे जो महान थे। उनके सबसे करीबी सरदार पटेल जी थे। जब भारत का बंटवारा हुआ, उस समय बहुत से शरणार्थी भारत आए। उनको शरण देना, बसाना और उनके लिए खाद्यान्न की व्यवस्था करना बहुत ही कठिन कार्य था। इसके साथ बहुत सी रियासतों को भारत में विलय करने का कार्य और भी मुश्किल था। कुछ समृद्ध तथा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रियासतों को उनके राजाओं के अनुसार मांगी गई सुविधाएं देकर भारत में मिलाया गया। यह उस समय अहम था, चाहे आज इन विशेष सुविधाओं को देने के लिए जवाहर लाल नेहरु की मुखालफत होती है। परंतु नेहरु ने सरदार पटेल की सहायता से इस कार्य को बखूबी निभाया। भारत में उस समय भुखमरी थी। अनाज की कमी थी। सडक़ें कम थी, उद्योग आदि बहुत कम थे। देश के पास पैसा एवं साधन बहुत कम थे, परंतु नेहरु जी ने अपनी सूझबूझ से इनका सामना किया। उन्होंने भारत में आर्थिक विकास के लिए मिश्रित अर्थव्यवस्था का मॉडल दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र में बड़े-बड़े उद्योग लगवाए। इनके लिए वित्त का प्रबंध किया। लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध करवाए। उद्योगों में स्टील, बिजली आदि की बुनियादी सुविधाएं देने वाले उद्योग लगाए तथा नियोजन के द्वारा आधारभूत उद्योगों को महत्व दिया गया। यह भारत जैसे विकासशील देश के लिए जरूरी था, क्योंकि यहां गरीबी, बेरोजगारी, असमानता, अशिक्षा और लोगों का जीवन स्तर बहुत ही निचले स्तर पर था। उन्होंने पंचवर्षीय योजनाओं के द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास द्वारा आर्थिक वृद्धि को महत्व दिया। इसके लिए रोजगार के साधनों को बढ़ा कर, आय में असमानता को कम करना, समतामूलक समाज बनाने के लिए लोगों में मूल्यों और दृष्टिकोण का निर्माण करना आदि शामिल था। उन्होंने ही आधुनिक धर्मनिरपेक्ष संसदीय लोकतंत्र को बहुत कुछ योगदान दिया। मौलिक अधिकारों की हमेशा ही उन्होंने रक्षा की। आत्मनिर्भरता की ओर ही नेहरु जी भारत को आगे ले गए थे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सामुदायिक विकास कार्यक्रम और 1952 तथा 1959 में पंचायती राज शुरू किए। वह भारत के एक सफल प्रधानमंत्री कहलाए। नेहरु का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ। अपनी कानून की डिग्री कैमब्रिज विश्वविद्यालय से पूरी की। 1912 में भारत लौट कर वकालत शुरू की। 1916 में कमला नेहरु से शादी की। 1917 में होमरूल लीग में शामिल हुए। राजनीति में असली प्रशिक्षण 1919 में शुरू हुआ जब नेहरु महात्मा गांधी के संपर्क में आए। नेहरु ने आजादी के संग्राम में अहम भूमिका निभाई। वह 9 बार जेल गए। जवाहर लाल नेहरु एक ऐसे सहिष्णु राजनेता थे जो विध्वंसक दौर में भी रचनात्मक कार्यों मे संलग्न रहे। नेहरु ने 4 महत्वपूर्ण रचनाओं को लिखा, जिनमें पिता के पत्र पुत्री के नाम 1929, ग्लिंपसेज ऑफ वल्ड हिस्ट्री 1933, ऐन आटोबायोग्राफी 1936 व डिस्कवरी ऑफ इंडिया 1946 शामिल हैं। उनका चिंतन मानववादी था। उनका दृष्टिकोण पश्चिमी व आधुनिक था। वह भारतीय परिस्थितियों की जटिलताओं से भली-भांति परिचित थे। उनके दृष्टिकोण में लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े थे। नेहरु जी की रचनाओं से जब हम गुजरते हैं और उनके निजी तथा सार्वजनिक जीवन की निष्पक्ष जांच करते हैं, तो पाते हैं नेहरु आधुनिक भारत के निर्माण के वास्तुकार थे। जवाहर लाल नेहरु को बच्चों से विशेष लगाव था। उन्हें अक्सर चाचा नेहरु के नाम से पुकारा जाता है। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। उनका उचित विकास ही देश के विकास का आधार होगा। आजादी के बाद पंडित नेहरु ने कई अहम फैसले लिए जिनमें शिक्षा क्षेत्र, सामाजिक सुधार, आर्थिक क्षेत्र, राष्ट्रीय सुरक्षा, औद्योगिक क्षेत्र आदि शामिल हैं। उन्होंने भाखड़ा बांध, रिहंद बांध, बोकारो स्टील प्लांट, राउरकेला, भिलाई, दुर्गापुर स्टील प्लांट स्थापित/समझौते किए। आईआईटी, आईआईएम, एम्स और विश्वविद्यालयों की स्थापना की। उन्होंने 5 आईआईटी स्थापित की, वो हैं खडग़पुर, बॉम्बे, मद्रास, कानपुर और दिल्ली। इनको स्थापित कर औद्योगिक तथा अंतरिक्ष क्षेत्र में टॉप टेलैंट तैयार किए। इसके अलावा इंडियन स्कूल ऑफ माइनिज, कृषि विश्वविद्यालय, आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र, सर सीवी रमन (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस), होमी जे भाभा (भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर), सतीश धवन (इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन) तथा अन्य कई संस्थान स्पेस तथा साइंटिफिक अध्ययन एवं रिसर्च के लिए खोले। उन्होंने 1948 में परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना की। पहला परमाणु रिएक्टर (बॉम्बे) अगस्त 1956 में शुरू किया। थुंबा में रॉकेट लॉन्चिंग फैसिलिटी स्थापित की।

कुछ अलग

# समोसा, हाय समोसा!

**बुरा** हो पेट की उस बीमारी का, जो किसी भी आम-ओ-ख़ास को समोसा खाने से रोकती है। पर सवा सत्यानाश उस राजनीति का, जिसने रोटी के बाद अब समोसे को भी आम आदमी की प्लेट से बाहर खींच कर सोशल मीडिया पर इतना वायरल किया कि हिमाचल में नेता विपक्ष के साथ आम लोग भी समोसे खाकर अपने फोटो तमाम सोशल प्लेटफॉर्म पर डालने लगे। बेचारा एक आदमी जो अपनी पेट की बीमारी के चलते एक समोसा तक नहीं खा सकता, उसके साथ समोसे को जोडऩा उतना ही दुःखदायी है जितना किसी ईमानदार आदमी के साथ रिश्वत का जोड़ा जाना। मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर अपनी सफाई देने के लिए एक प्रेस कान्फ्रेंस अवश्य करनी चाहिए। भ्रष्टाचार पर भले कोई प्रेस कान्फ्रेंस हो या न हो, लेकिन सीएम को ऑन कैमरा बताना चाहिए कि उन्हें समोसा खाए मुद्दत हो गई। लेकिन अफसोस! बेचारे चचा ग़ालिब की तरह सरेआम यह भी नहीं कह सकते 'हुई मुद्दत कि समोसा खाए पर याद आता है वो हर इक बात पर कहना कि समोसा यूं खाता तो क्या होता।' इधर मैं यह सोच कर परेशान हूं कि खाड़ी युद्ध के चलते दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी है और अगर उससे बच भी गए तो ग्लोबल वार्मिंग के चलते सन्‌ 2030 तक जान के लाले पडऩे वाले हैं, पर हिमाचली विपक्ष है कि सीएम के समोसे के पीछे पड़ा है। मैं दिन-रात इस चिंता में डूबा रहता हूं कि अठतीस साल की सरकारी नौकरी में अपनी नैसर्गिकता खोने के बावजूद राज्य मुझे बुढ़ापे में कितने दिन पेंशन दे पाएगा। सरकार और विपक्ष मिलकर प्रदेश को आर्थिक बदहाली में धकेल रहे हैं, प्रदेश के संसाधन एवं हित गिरवी पड़े हैं, पर दोनों की नज़र है कि कुरसी से हटती ही नहीं। विपक्ष 'येन केन प्रकारेण' सत्ता पर क़ाबिज़ होना चाह रहा है। हो सकता है समोसे सर्व करने वालों ने सोचा हो कि साहिब से ज़्यादा ज़रूरी है उनके गणों की पूजा और सेवा। इसी चक्कर में सीएम को समोसे देना भूल गए हों या क्या पता सीएम स्टाफ में शामिल चटोरों ने बताया हो कि साहिब समोसे नहीं खाते। सारे समोसों पर सीएम स्टाफ हाथ साफ कर गया हो। लेकिन अंदर बैठे पुलिस के बड़े साहिब तो समोसे खाते हैं। मामला उनको समोसे न परोसे जाने पर ही बिगड़ा। सीएम तो समोसे सर्व किए जाने पर भी खाने से मना कर देते। सीआईडी के बड़े साहिब जो सुबह से मुंह में समोसों का स्वाद भर रहे थे, समोसे न मिलने पर इतने व्यथित हुए होंगे कि सभी की क्लास लगा डाली होगी। उन्होंने गुस्से में कहा होगा, 'मामले की जांच की जाए और पता लगाया जाए कि किसने मा-बदौलत की शान में समोसे नहीं परोसे?' उधर प्रमोशन के इंतज़ार में बैठे उनके मातहत अधिकारी ने सोचा होगा कि साहिब को ख़ुश कर दिया जाए तो प्रमोशन जल्दी होगी। उसने लिखित जांच के आदेश दिए। तभी डीएसपी, भराड़ी ने जांच कैसे शुरू की और उसकी हस्ताक्षरित जांच रिपोर्ट मीडिया में वायरल हुई। इसके बाद डीजी साहिब समोसे के लोभ की तरह कैमरे पर आने का मोह न रोक पाए और ऑन कैमरा सफाई के चक्कर में सीआईडी और सरकार दोनों की मिट्टी पलीद कर दी। रही-सही कसर सीआईडी द्वारा जारी स्पष्टीकरण ने कर पूरी कर दी। डीजी के पास भले प्रदेश में फैल रहे नशे के जाल या भ्रष्टाचार से निपटने की चुनौती हो या न हो, पर उन्होंने ऑन कैमरा कहा कि सीआईडी के सामने चैलेंज आया है। वह इसको स्वीकार करते हैं और पता लगाएंगे कि समोसों का क्या हुआ? हो सकता है कि बड़े साहिब ख़ुद मामले की जांच करें।

देश दुनीया से

# जम्मू कश्मीर में फिर 370 का राग क्यों अलापा जा रहा है?

**जम्मू** कश्मीर में विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद नई प्रदेश सरकार ने फिर से पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस धारा 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति दिखती थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला ही लगता है, क्योंकि पाकिस्तान धारा 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। धारा 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे। अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने जम्मू कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं है, बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू कश्मीर में जब धारा 370 कायम थी, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है। वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक क़ानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह धारा जम्मू कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करती है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः ही ख़ारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी प्रादुर्भित होता है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू कश्मीर को अलग दरजा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इंकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दफ़न करते हुए शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए धारा 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले ही इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे, जो बहुत बड़ा संविधान विरोधी कदम था। क्योंकि उस समय आपातकाल लगाने जैसी स्थिति नहीं थी। यह सारा खेल अपनी कुर्सी को बचाने के लिए किया गया था। आपातकाल संविधान की हत्या करने जैसा ही था। पांच वर्ष पूर्व केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 और 35ए को विलोपित कर दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा का यह कदम किसी भी प्रकार से किसी के विरोध में इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा के हर घोषणा पत्र में इस धारा को हटाने की बात की। इन्हीं वादों को पूरा करने के लिए भाजपा को समर्थन मिला। ज़ब जनता ने भाजपा के वादों को पूरा करने के लिए समर्थन दिया, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि भाजपा ने वही काम किया, जो जनता चाहती थी। अब जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान चलता है, राज्य का अपना कोई संविधान नहीं है। इतना ही नहीं जम्मू कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। इसलिए उसके संवैधानिक अधिकार सीमित हैं। इसलिए जम्मू कश्मीर की सरकार संविधान में बदलाव करने का कोई संवैधानिक हक नहीं रखती। यह केंद्र सरकार का काम है। राज्य कोई विधेयक पारित तो कर सकता है, लेकिन वह विधेयक तब तक लागू नहीं हो सकता, ज़ब तक केंद्र की सरकार न चाहे। इसलिए यह कहा जा सकता है कि राज्य की नवगठित सरकार का यह कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए है। देश में कई विपक्षी राजनीतिक दलों ने एक साथ आकर इंडी गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन बार बार संविधान बचाने की बात करता रहता है, लेकिन सवाल यह है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 को बहाल करने वाले विधेयक पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। इसे मौन समर्थन भी माना जा सकता है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की ऐसी कौन सी राजनीतिक मजबूरी है जो धारा 370 और 35ए की बहाली के लिए उनको मजबूर कर रही है। क्या इन दलों को यह पता नहीं है कि इन्हीं कानूनों के कारण ही कश्मीर हिन्दू विहीन हो गया है। क्या यह दल फिर से कश्मीर घाटी को उसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं। देश में एक समान क़ानून होना चाहिए, यह सभी चाहते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर में इसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में अगर धारा 370 बहाल हो जाती है तो निश्चित ही पाकिस्तान परस्त मानसिकता फिर से हाबी हो सकती है और जम्मू कश्मीर फिर से अलगाव की स्थिति में आ सकता है। ऐसी स्थिति न बने, इसलिए कश्मीर में भी देश का संविधान ही लागू रहे, यह समय की मांग है और यह कदम जम्मू कश्मीर के हित का भी है।



आप का नजरीया

# हमारे पैमानों की अरदास

**बातें** तो अच्छी कर गए केंद्रीय ऊर्जा तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, लेकिन मसलों पर गिरी बर्फ पिघलनी चाहिए। चिट्ठियां बहुत पहले की निकली हुईं, लेकिन डाकिया हर बार घर भूल जाता। एक बार फिर हिमाचली मसलों का मंच सजा और एक केंद्रीय मंत्री की गवाही में हमारी आशाएं गुनगुनाने लगीं। हमारा खजाना, हमारी आत्मनिर्भरता का पैमाना तब-तब खुश हो जाता, जब-जब लगता है कि पंजाब पुनर्गठन के 58 साल बाद कहीं तो कोई हमारे हक की बात सुन रहा है। इस बार मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू सुना रहे थे और सामने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के सामने सारे पैमाने अरदास कर रहे थे। एक सौ दस मैगावाट का शानन विद्युत प्रोजेक्ट इस बैठक से सिर्फ आजादी का एक पन्ना मांगता रहा। वह पन्ना जिसके ऊपर लिखी रसीद बताती है कि सदी पूर्व लीज पर रखी शानन विद्युत परियोजना की नींव अब अपनी वैधता खो चुकी है। जल, जंगल और जमीन की पैरवी करता आज का हिमाचल जिस सतह पर खड़ा है, वहां पंजाब पुनर्गठन के अवशेष पूरी तरह हिमाचली हैं तो फिर शानन परियोजना के मालिकाना हक की बेडिय़ां टूटनी चाहिएं। एसजेवीएन के ताले में बंद ऊर्जा नीति की रूपरेखा का सवाल पुनः केंद्रीय मंत्री के हवाले न्याय की परिपाटी खोज रहा है। बिजली उत्पादन से जुड़ी रॉयल्टी अगर एक फार्मूले के तहत लागू है तो केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम कौनसा सुरमा आंखों में डाले हैं जो आज तक जायज देनदारी पर कुंडली मार कर बैठे हैं। रॉयल्टी के पैमाने तीस प्रतिशत तक पहुंच कर भी असहाय बनाए जा रहे हैं, तो यह प्रश्न देश के संघीय ढांचे और उस सहमति पत्र से है, जो एक फार्मूले के तहत पहले बारह वर्षों में 12 प्रतिशत, अगले अठारह वर्षों के लिए 18 और अंतिम चरण के दस वर्षों में रॉयल्टी का आंकड़ा तीस प्रतिशत पहुंचा देता है, लेकिन इसके विपरीत एसजेवीएन कुंडली मार कर बैठा है। केंद्र सरकार के पास यह मसला वर्षों से संघीय ढांचे के तहत राज्य के अधिकार की नुमाइंदगी कर रहा है, लेकिन सरकारें इस विषय पर सदैव मौन होती रही हैं। सवाल हिमाचल की जन्मपत्री का है, जिसे पंजाब पुनर्गठन के साथ और बाद में पर्वतीय राज्य की उम्मीदों से लिखा गया है। मनोहर लाल खट्टर के आगमन की सुगबुगाहट में जाठिया देवी उपग्रह शहर के मंसूबे झांकने लगे हैं। परियोजना के संदर्भ पिछले डेढ़ दशक से अपनी आंखें खोल रहे हैं, लेकिन केंद्र के सामने ऐसे संकल्प की इज्जत बचाना मुश्किल है। शहरी विकास की विभिन्न योजनाओं के तहत, हिमाचल की आवासीय सुविधाओं का वित्त पोषण अगर उदारता से हो जाए, तो शिमला की बाहों में जाठिया देवी भविष्य की बस्ती होगा। पर्वतीय राज्यों में शहरीकरण की रफ्तार को समझने की जरूरत में अमृत और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का विस्तार व लागत में केंद्र द्वारा वित्तपोषण का 90 : 10 प्रतिशत की दर से समाधान होता है, हिमाचल जैसे राज्य लाभान्वित होंगे। पंद्रहवें वित्तायोग ने आठ हजार करोड़ की लागत से नए शहर बसाने का वादा किया है, जिनमें दो पहाड़ी शहर भी शरीक होंगे।

# प्रतापपुर में चक्रवर्ती सम्राट जरासंध की 5227 वी जयंती समारोह धूमधाम से मनायी गई

➲बेहतर समाज के निर्माण में शिक्षा का अहम योगदान है : विजय राम चंद्रवंशी
➲दुश्मनों को लोहा मनवाने में पहला राजा चक्रवर्ती सम्राट जरासंध थे : जनार्दन पासवान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** चक्रवर्ती सम्राट जरासंध जी महाराज का 5227 वीं जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। जन्मोत्सव का यह कार्यक्रम मुख्यालय में सेवानिवृत शिक्षक विजय राम चंद्रवंशी के आवासीय परिसर में मगध सम्राट जरासंध जी महाराज के चित्र की पूजा अर्चना करने के उपरांत प्रसाद वितरण के साथ प्रारंभ हुआ। इस पूजा को आचार्य धीरेंद्र शर्मा के द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर प्रतापपुर कुंदा, चतरा, सिमरिया, मयूरहंड, इटखोरी, हंटरगंज प्रखंड सहित बिहार के गया इमामगंज सहित विभिन्न जिलों से चंद्रवंशी परिवार के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मीडिया बंधु तथा इस कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथियों व समाज के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को समाज के बुद्धिजीवीयों ने संबोधित कर लोगों को समाज में समरसता पूर्वक समाज की उत्थान में सहयोग करने की अपील किया।वही समाज के लोगो ने कहा की हम सभी संगठित रहे एक दूसरे से जुड़े रहें यदि आपस में थोड़ा मनमुटाव भी है तो उसे भूल कर समर्पण भाव से एक दूसरे के सहयोग करें। साथ ही साथ यह भी कहा कि वर्तमान में शिक्षा का बहुत महत्व है ऐसे में अपने बच्चों को समाज के बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें उन्हें पढ़ने के लिए जो भी खर्च हो उसे पूरा करें और बच्चों के भविष्य को सवारें। मिथिलेश कुमार सोनू ने कहा की नाम के साथ चंद्रवंशी जरूर लगाए ताकि यह पता चल सके कि अपने ही समाज के लोग हैं। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने कहा की भारत के पहला चक्रवर्ती सम्राट राजा महाराज जरासंध थे। इन्हें पराक्रम के कारण ही चक्रवर्ती सम्राट कहा जाता है इनसे सीखने की जरूरत है की अपनी बुद्धि व विवेक से कई राजाओं को इन्होंने बंधक बना लिया था।वही उन्होंने यह भी कहा की समाज का विकास और उत्थान शिक्षा से ही संभव है।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष दामोदर राम चंद्रवंशी, सचिव मिथिलेश कुमार सोनू, महासचिव गुड्डू चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष लवकुश चंद्रवंशी एवं वीकु राम चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष रघुवीर राम चंद्रवंशी, प्राण कुमार, अनुज कुमार सहित सम्मेलन के अन्य सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यो का अहम सहयोग रहा।गायन एवं वादन के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त कलाकार सियाराम पासवान ने भी गई संगीत सुनाएं लोगों ने उनकी संगीत की काफी सराहना की।

## कार्तिक पूर्णिमा व गुरु नानक जयंती में गंगा स्नान को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत स्थित गर्म जल कुंड जैसे तीर्थ स्थल बलबल में कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयंती के शुभ अवसर पर गंगा स्नान करने को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं एवं महिलाओं की भीड़। बताते चलें कि चतरा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थली बलबल के बागेश्वरी धाम में अहले सुबह से ही महिलाएं एवं श्रद्धालुओं में स्नान को लेकर भीड़ लगना शुरुआत हो गया था। जो दोपहर तक भीड़ चलती रही।नदी में स्नान कर गंगा माता की पूजा अर्चना कर आरती मंगल के साथ माता बागेश्वरी की पूजा अर्चना भी किया और श्रद्धालु अपने-अपने गांव घर को प्रस्थान किया। आगे बता दें। कि कार्तिक माह की पूर्णिमा को गंगा स्नान करने से अमोक्छ फल की प्राप्ति होती है। ऐसा शास्त्र का निर्णय है। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार गंगा स्नान करने से महिलाएं अखंड सौभाग्यवती की आशीर्वाद गंगा माता से प्राप्त करती है।तो वही श्रद्धालु धन-धन के लिए माता बागेश्वरी की पूजा अर्चना करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा की इस पूजा अर्चना से घर में सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस वर्ष की कार्तिक पूर्णिमा पर धर्म ग्रंथ की अनेकों शुभ संयोग भी बना रहे हैं।

## हंटरगंज बाजार में तेज हुई सियासी हवा को भापने का कार्य



**चतरा/हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदान के बाद जीत- हार के कयासों का दौर शुरू हो गया है। लोग इस बात का अनुमान लगा रहे हैं कि कौन जीतेगा, कौन हारेगा, किस क्षेत्र से किसको बढ़त मिल सकती है। कुल मिलाकर मतगणना के बाद किसके सिर ताज बंधेगा और कौन मायूस होगा। आपस में बैठकर लोग जीत - हार की गणित लगाने में जुटे दिखाई दे रहे हैं।शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों की जीत-हार की समीक्षा हंटरगंज बाजार के चौक-चौराहे से लेकर गलियों में होने लगी है। अपने-अपने राजनीतिक दलों के समर्थक अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो चुकी है, जो 23 नवंबर को खुलेगी। चाय-पान की दुकानों, हाट बाजारों, बस स्टैंड परिसर, होटलों, गलियों और चौक चौराहों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत का दावा ठोंक रहे हैं। वही जीत के लिए कई प्रकार के अंक-गणित भी बताए जा रहे हैं। हालांकि मतदाताओं की चुप्पी ने राजनीतिक दलों की बेचैनी बढ़ा दी है। मतदान के साथ ही जीत व हार का मंथन का दौर जारी है। हर तरफ लोग सिर्फ जीत - हार की गणित लगाते ही नजर आ रहे हैं। हंटरगंज बाजार में शुक्रवार को शाम कारू होटल और झीकटिया चाउमीन दुकान में बैठ कर लोग प्रत्याशियों की जीत हार की गणित लगाते नजर आए। हर तरफ सिर्फ अब किसके सिर ताज बंधेगा और कौन मायूस होगा। इसे लेकर चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि 23 तारीख के बाद ही इन चर्चाओं में विराम लगेगा।

## ए0 एम0 सिद्दीक पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं फूड फन का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा के सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थानों वादी ए इरफा स्थित ए0 एम0 सिद्दीक पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं फूड फन का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य मौलाना खालिद उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत ए कुरान पाक से किया गया। मुख्य अतिथि को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। वशिष्ठ अतिथि के रूप में विद्यालय के संस्थापक हाजी मिस्टर वहाजुल हक तथा हाजी मो0 अताउल्लाह, मोहम्मद शमीम को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के कक्षा एक से पांच तक के छात्र / छात्राओं ने आर्ट एंड क्रॉफ्ट का एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति पेश किया। साथ ही प्रदर्शनी में आधुनिक एवम नवीन प्रोजेक्ट से सभी अतिथियों एवं अभिभावक को ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा छह से दशम तक के छात्र/छात्राओं ने उच्च कोटी के प्रदर्शनी प्रस्तुत किए। इस प्रदर्शनी को मुख्य अतिथि और अभिभावक एक एक कर के अवलोकन कर छात्रों के द्वारा किए गए प्रयास को खूब सराहा। मुख्य अतिथि ने बताया कि इस प्रकार के प्रदर्शनी से बच्चों में वैज्ञानिक सोच, मानसिक एवं सामाजिक सोच समझ एवं नवीन खोजो की उत्पति की ओर प्रेरित करता है। आज के इस प्रदर्शनी में मॉडर्न सिटी, ड्रिप एरिगेशन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग,स्ट्रीट लाइट, स्वेज वाटर ट्रीटमेंट, वोल्केनो, एंटी सुसाइड इक्वीपमेंट, वाटर ओवर फ्लो अलार्म, सोलर एक्लिप्स, पेरिस्कोप,ब्लाइंड मेन सेफ्टी, हार्ट वर्किंग मॉडल, इलेक्ट्रिक जेनरेशन विद स्पीड ब्रेकर, वाई-फाई प्रदर्शन किया गया। इसके साथ खेल प्रदर्शनी में शूटिंग, डार्ट, लाइट अप कैंडल इत्यादि वहीं फूड स्टॉल में खीर, चार्ट, सैंडविच, मोमोज, पापड़ी, फालूदा, फ्रेंच फ्राई इत्यादि का भी स्टॉल लगाया गया। विद्यालय के निर्देशक प्रो0 मो0 उमर फारूक ने बताया कि इस तरह की एक्टिविटी किया जाना अपने आप में एक मिशाल कायम करेगी।

## चतुर्मास व्रत सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का विधिवत हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत अंतर्गत ग्राम गोडवार में दिनांक 21 जुलाई 2024 से आयोजित चतुर्मास व्रत सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुक्रवार को विधिवत समापन किया गया। प्रधान पीठ पीठाधीश्वर अनंत विभूषित जगतगुरु राम गोपाल आचार्य जी महाराज के कृपा पात्र एवं अनंत विभूषित जगतगुरु मधुसूदन आचार्य जी महाराज, त्रिदंडी सेवा आश्रम बक्सर बिहार के द्वारा पूरे विधि विधान से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को संपन्न कराया गया। आयोजित इस महायज्ञ में संध्या 7 बजे से लेकर 11 बजे तक प्रत्येक रात्रि में मधुर प्रवचन का आयोजन किया जाता रहा। साथ ही प्रत्येक



दिन अखंड भंडारे का भी आयोजन किया गया था। इस महायज्ञ में अगल-बगल के कई गांव के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में निर्मल यादव, यदुनंदन यादव, सरजू यादव, सूर्यनाथ यादव, झलकू यादव, विष्णु भुईयां, बालेश्वर यादव, रंजन यादव, राकेश यादव, दिलु यादव, गणेश यादव, दशरथ यादव, सुखन यादव सम्मिलित थे। वहीं इस महायज्ञ को विधिवत सफल बनाने में उदय यादव, सुरेश यादव, उमेश गंजू, बालेश्वर तुरी, मुकेश यादव, विनय गंजू, बीरेश यादव, बाबूलाल गंजू, गोपाल यादव, संजय यादव सहित संपूर्ण ग्रामीणों का अहम योगदान रहा।

## धरती अबा भगवान बिरसा मुंडा का जयंती मनाया गया



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर मे हर्षोल्लास के साथ लोकनायक धरती अबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम एवं आचार्य शशि कुमार सिंह नें पुष्प अर्पित कर किया। बारी बारी से सभी विद्यालय परिवार नें भी उनके तस्वीर पर पुष्पार्चन किए। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान ही बिरसा मुंडा की क्रांतिकारी तेवर का पता चलने लगा था। आदिवासी समाज ने उन्हें भगवान का दर्जा दे दिया था। बिरसा मुंडा ने अपने छोटे से जीवन में अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों को एकत्रित कर विद्रोह का सूत्रपात तैयार कर लिया और उन्हें आवाज उठाने की राजनीति सिखाई थी।उन्होंने अंग्रेज शासकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी एवं मुंडा आदिवासी के हित की रक्षा की थी।आचार्य शशि कुमार सिंह ने भी अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा हमेशा अपने संस्कृति और धर्म को बचाना और बरकरार रखना चाहते थे। कार्यक्रम में एकल गीत नीतीश कुमार मंच संचालन लक्ष्मण राम धन्यवाद ज्ञापन वंदना सिन्हा एवं अतिथि परिचय खुशबू कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मधुबाला कुमारी, सोनाली कुमारी एवं युवराज कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में सभी भैया/ बहने एवं सभी आचार्य परिवार उपस्थित थे। कार्यक्रम की समापन राष्ट्रीय गीत के साथ की गई। इधर प्रखंड कार्यालय सहित सरकारी गैर सरकारी विद्यालय व संस्थानों मे भी भगवान बिरसा मुंडा का जयंती धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।

## पागल कुत्ता के काटने से 6 लोग घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र में अलग-अलग इलाके में पागल कुत्ता के काटने से छः लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों द्वारा सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।घायलों में चांदनी कुमारी 10 वर्ष पिता लालदेव गंझु ग्राम तुंबागड़ा अमेरिशा खातून 30 वर्ष पिता मो.मुख्तार ग्राम कसारी, राजकुमार 32 वर्ष पिता जुगा गंझु, आनंद कुमार 10 वर्ष पिता नागेश्वर गंझु, फुलवा देवी 23 वर्ष पति सानू गंझु, कुलदीप गंझु 38 वर्ष पिता मंगर गंझु सभी ग्राम सेमरसोत थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। सभी घायलों को एंटी रेबीज की शुई देकर प्राथमिक उपचार किया।और अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# स्कार्पियो ने टेंपू में मारी टक्कर, टेंपू चालक जख्मी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के चंदनडीह एनएच 75 में पशुपालन कार्यालय के समीप में डाला टेंपू और स्कार्पियो में जबरदस्त टक्कर हुई। बताया जा रहा है कि टेंपू लातेहार से किनामांर की ओर जा रही थी कि विपरीत दिशा से आ रही काला रंग के स्कार्पियो गाड़ी नंबर T0823jh78 ने टेंपू में टक्कर मार दी जिससे टेंपू चालक जालिम निवासी चन्दन प्रसाद गुप्ता जख्मी हो गया। चन्दन के सिर और हाथ में चोट लगी है जिसे स्थानीय ग्रामीणों के मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं एक बाइक सवार नवसाद अंसारी ने इस दुर्घटना के शिकार होने से बचा नवशाद ने बताया कि मैं टेंपू के पिछे पिछे जा रहा था कि अचानक स्कार्पियो ने टेंपू में टक्कर मारी जिससे टेंपू के डाला मेरा बाइक से टकराया और मैं गीर गया। बाइक सवार नवशाद बिल्कुल सुरक्षित है उसे हांथ में हल्का चोट लगी है। वहीं घटना स्थल से कुछ दूरी में समाहरणालय गेट के पास स्कार्पियो गाड़ी खड़ी करके गाड़ी चालक और उसमें सवार सभी लोग भागने में सफल रहे। स्कार्पियो किसका? है फिलहाल पुष्टि नहीं हो पाई है। स्कार्पियो गाड़ी को सदर पुलिस थाना ले गई है और गाड़ी मालिक को पता लगाया जा रहा है।

## भगवान बिरसा मुंडा व राज्य स्थापना दिवस ज़िले भर में धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उपायुक्त त्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा चन्दनडीह पार्क में स्थित भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। आगे उन्होंने ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा ने अंग्रेजों के शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान किया था। उन्होंने आजादी एवं लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।मौके पर प्रशासक नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुण्डा के प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर औरंगा नदी सहित अन्य नदियों में स्नान के लिए उमड़ी लोगों की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर औरंगा नदी सहित अन्य नदियों में शुक्रवार सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। सुबह से ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे औरंगा नदी पहुंचकर स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य दिया। कार्तिक पूर्णिमा पर इक्कीसों महादेव धाम औरंगा नदी के तट पर सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का स्नान एवं मंदिर में पूजा शुरू है। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। इस पवित्र दिन पर कई श्रद्धालु परिवार भगवान सत्यनारायण की कथा पंडितों से सुनते देखे गए। साथ ही कई लोग स्वर्ण रेखा नदी में स्नान-दान और पूजा-अर्चना भी कर रहे थे। इस मौके पर पंडित दिलीप शुक्ला ने बताया कि हिंदू धर्म में व्रत, त्योहार और स्नान का विशेष महत्व है। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा और सरोवर में स्नान कर पुण्य प्राप्ति के लिए लोग गंगा घाटों पर पहुंचते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान के साथ दीप दान का विशेष महत्व होता है।पंडित भोला दास ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु ने आज के दिन अपना पहला मत्स्य अवतार लिया था। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति व आर्थिक समस्याएं खत्म होती हैं। वहीं दूसरी ओर मंदिरों में भी लोग सुबह से ही पूजा अर्चना करते देखे गए।

# सीआरपीएफ कैंप में गुरुनानक देव के 555 वें प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**मन के अंदर की बुराइयां को त्याग दो, बस आपका अहंकार चला जाएगा : सुरजीत**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्थानीय सिख समाज व सीआरपीएफ 11वीं बटालियन द्वारा गुरूनानक जयंती के पर्व पर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय लातेहार स्थित सीआरपीएफ कैंप में 555 वें प्रकाश उत्सव व अखंडपाठ के साथ अरदास हुआ। तत्पश्चात लंगर का आयोजन किया गया। अरदास करते हुए ग्रंथी सुरजीत सिंह व अकाशदेव सिंह ने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक और पहले गुरु गुरुनानक देव का जन्म कार्तिक पूर्णिमा के दिन हुआ था। यही वजह है कि इस दिन को सिख धर्म के अनुयाई बड़े ही धूमधाम से प्रकाश उत्सव और गुरु पर्व के रूप में मनाते हैं। गुरु नानक देव भाईचारा, एकता और जातिवाद को मिटाने के लिए कई उपदेश दिए। उन्होंने कहा कि



एक बार धार्मिक यात्रा पर गुरु नानक देव जी बनारस गए। जहां गेरुए रंग के वस्त्र, पांव में जूता, सिर पर टोपी, गले में माला और केसर का तिलक लगाए हुए थे। लोगों ने सोचा दूर देश से कोई महात्मा आए हैं। इसलिए काफी लोग उनके आस-पास एकत्र हो गए। तब वह लोग एक पंडित को बुला लाए। काशी के पंडित ने कहा, महाराज हम रोज वेद-शास्त्र पढ़ते हैं, लेकिन मन से अहंकार जाता ही नहीं। तब गुरु नानक जी ने कहा मन के अंदर जो बुराइयां मौजूद हैं। उन्हें त्याग दो बस आपका अहंकार चला जाएगा। वेद-शास्त्र पढ़ने के बाद उनके सार को यदि जीवन में भी उतारोगे तो मन में अहंकार कभी नहीं आएगा। प्रधान गुरमीत सिंह ने बताया कि गुरु नानक जी ने कहा था कि जैसे नाव पर बैठकर नदी पार की जाती है। ठीक ज्ञान और भक्ति से इस संसार में ईश्वर के निकट जाया जा सकता है। ईश्वर को पाना इतना आसान नहीं है, क्योंकि उनकी शरण में जाने से पहले अहंकार को पूरी तरह से त्यागना पड़ता है। यह बात आज के समय में आम लोगों को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में आम लोगों के बीच लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर हरपाल सिंह, बिनोद प्रकाश मलान, गौरव मालन, गुरमीत सिंह, घनश्याम दास, अभिमन्यु दास, पंकज दास, अशोक दास, गौरव दास, बिजेंद्र दास, अरमिंदर सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# निर्वाचन कार्यों में लापारवाही पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की कारवाई

## बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के 21 एवं हजारीबाग विधान सभा क्षेत्र के कुल 18 के मतदान कर्मियों को शोकॉज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विधानसभा चुनाव 2024 के अन्तर्गत 20 बरकट्ठा, 21-बरही एवं 25 हजारीबाग के लिए नियुक्ति पत्र वितरण की तिथि 12.11.24 को नियुक्त मतदान पदाधिकारियों / कर्मियों का नियुक्ति पत्र का वितरण बिनोवा भावे विश्वविद्यालय परिसर से किया गया। जिसमें 20-बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के 21 एवं 25-हजारीबाग विधान सभा क्षेत्र के कुल 18 के मतदान कर्मी द्वारा घोर लापारवाही एवं चुनाव जैसे महत्वपूर्ण एवं गंभीर कार्यो पर असंवेदनशीलता दिखाने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने उक्त सभी मतदान



कर्मियों को शोकॉज किया है। उपायुक्त ने रोष प्रकट करते हुए कहा है कि संबंधित विधान सभा क्षेत्र में नियुक्त मतदान कर्मी अपने कार्यो के दौरान अनुपस्थित पाए गए है जो गंभीर मामला है। इनके द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में आदेश की अवहेलना करते हुए कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कार्रवाई की गई है। 20-बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के कुल 21 कर्मियों (PO-7, P1-7, P2-2, P3-5) एवं 25-हजारीबाग विधान सभा क्षेत्र के कुल 18 कर्मियों (PO-13, P1-1, P2-4) के विरूद्ध स्पष्टीकरण की गई है। स्पष्टीकरण का उत्तर संतोषप्रद नहीं पाये जाने की स्थिति में संबंधित मतदान पदाधिकारी/ कर्मी के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करते हुए विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ किया जायेगा।

## नरसिंह स्थान मेला में एस एल गुप्ता ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिन गुरूवार को कटकमदाग स्थित नरसिंह स्थान मंदिर में परिसर में आयोजित मेला में 101 जरूरतमंदों को ठंड से राहत हेतु कंबल का वितरण किया गया। कई वर्षो से संस्थान जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर होकर कार्य कर रही है। कोरोनाकाल में एस एल गुप्ता ट्रस्ट का संस्थापक सदस्य राकेश गुप्ता ने अपने पिता का स्मृति पर जरूरतमंदों की सेवा के उद्देश्य से स्थापना किया। हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा में नरसिंह स्थान मेला में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कार्य जारी है। मौके पर एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य राकेश गुप्ता ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन दान पुण्य करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस दिन दान का बहुत अधिक महत्व होता है। उन्होंने कहा कि नरसिंह मेला में जरूरतमंदों को ठंड से राहत के लिए 101 कंबल का वितरण किया गया है। संस्थान वर्षो से इस पुनीत परंपरा को जारी रखकर पुनः जरूरतमंदों को कंबल का वितरण कर इस परंपरा को जारी रखा है। जिससे ठंड से जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगा। उन्होंने कहा कि



समाजसेवा के क्षेत्र में मेरा अब तक का 25 वर्ष समर्पित रहा है। कोशिश आगे भी मेरा जीवन समाजसेवा के क्षेत्र में समर्पित रहेगा। मौके पर अनूज कुमार, कौशल कुमार, शेखर कुमार, रमेश कुमार, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, पंकज कुमार, अनील कुमार, पंकज कुमार, अनील कुमार, पवन कुमार, ऋतिक कुमार, आयूष कुमार, नीरज कुमार, रानी, ललिता, सीमा, मोनिका, नेहा, काजल, सरस्वती, पूजा, पंको, गायत्री, पुष्पा, संजय कुमार, विशाल वर्मा, ऋषि कुमार, प्रेम प्रजापति एवं अनिल यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## रेन्बो स्कूल बरही में मनाई गई बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

- बिरसा मुंडा का जीवन हमें अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए एकजुट होकर लड़ना सिखाता है : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के शिवपुर गडलाही स्थित रेन्बो स्कूल में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा और अन्य शिक्षकों द्वारा बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर सभी ने बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष की कहानी साझा की। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने भारतीय इतिहास में एक अमूल्य योगदान दिया है। उनका संघर्ष हमें सिखाता है कि अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए एकजुट होकर लड़ना कितना महत्वपूर्ण है। निदेशक ने बच्चों को बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से नई पीढ़ी में जागरूकता और प्रेरणा का संचार होता है। बच्चों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, ऊषा यादव, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, शिवानी जायसवाल, अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी, सुजीत कुमार, स्वाती कुमारी, मानसी कुमारी, विनय कुमार, सकलदेव यादव, सतीश कुमार, मानसी केशरी, अरमान आलम, रानी कुमारी और शैलवी कुमारी ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

## जनजातीय चेतना के प्रतीक हैं भगवान बिरसा मुंडा : मुखिया मनोज कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

बरही : बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने जनजातीय गौरव दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज झारखंड अपनी 24वी वर्षगांठ मना रहा है साथ ही भारत देश भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस की भी धूम हैं,आदिवासी समाज भगवान



करने वाले और उलगुलान क्रांति से स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज की चेतना जगाने वाले भगवान बिरसा मुंडा युगो युगो याद किये जायेंगे,भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया और जनजातीय गौरव का प्रतीक बन गये।भगवान बिरसा मुंडा हमेसा जल, जंगल, जमीन के रक्षक बिरसा मुंडा ने वर्ष 1893-94

बिरसा मुंडा को अपना आराध्य मानते हैं। शुरुआती दौर में देखे तो भगवान बिरसा मुंडा को छोटी उम्र से ही आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पडा। सामाजिक असमानता और उत्पीड़न का उन्होंने अनुभव किया। उन्होंने जनजातीय समाज में व्याप्त अंधविश्वास, जातिगत भेदभाव, शराबखोरी और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैला समाज को एक नई दिशा प्रदान किया,उनके नेतृत्व और बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। वे सदैव अबुआ दिशोम-अबुआ राज अपना देश और अपनी माटी के महत्व का उद्घोष

में अंग्रेजों द्वारा वन अधिनियम बनाकर जंगलों पर कब्जा करने का विरोध किया, शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और स्वतंत्रता के लिये उलगुलान क्रांति शुरू की। उन्होंने जनजातियों के स्वाभिमान को जगाया और उन्हें यह विश्वास दिलाया कि यह हमारी धरती है और हम ही इसके रक्षक हैं। अपनी धरती और माटी की रक्षा के लिये जनजातियों ने बिरसा मुंडा के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोला। यह क्रांति इतनी प्रभावी थी कि आखिरकार अंग्रेजों ने छोटा नागपुर टेनेंसी कानून पारित किया और जनजातियों को उनका अधिकार प्राप्त हुआ।

## पुत्रशोक से पीड़ित पत्रकार राजेन्द्र दुबे से मिलकर साँसद ने बंधाया ढांढस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र दुबे के एकलौते सुपुत्र के सड़क दुर्घटना में निधन की सूचना पाकर विष्णुगढ़ दौरे में पहुंचे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल उनके अखाड़ा चौक स्थित आवासीय परिसर पहुंचकर उनसे इस अत्यंत शोक की घड़ी में मिलकर उनका हिम्मत बढ़ाया। सांसद मनीष जायसवाल ने वरिष्ठ पत्रकार के इकलौते सुपुत्र के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया और कहा कि ईश्वर की ऐसी क्रूर लीला किसी पिता को न देखना पड़े जब पुत्र को अंतिम विदाई के लिए मुखाग्नि देना पड़े। दुबे जी के इस अत्यंत विकट घड़ी और परिस्थिति में उन्होंने कहा कि एक परिवार की तरह हमलोग उनके साथ हैं ।सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से मृत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिवारजनों को इस दुःख से उबरने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना भी की ।

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय ने धरती आबा को किया नमन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन किया गया। यहां बिरसा मुंडा की जयंती राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में शान से मनाया गया। वहीं प्रशिक्षुओं ने झारखंड स्थापना दिवस की 24वीं वर्षगांठ पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरी। झारखंडी संस्कृति से सराबोर नागपुरी-संथाली गीत, संगीत और नृत्य से प्रशिक्षुओं ने समां बांध दिया। नेहा एंड ग्रुप के स्वागत गीत से आरंभ हुए कार्यक्रम के बीच सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा कुमारी सिंह ने धरती आबा और आदिवासी जनजातीय समाज की सांस्कृतिक और सामाजिक परिवेश पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं डॉ अनुरंजन कुमार ने बिरसा मुंडा की जीवन गाथा से जुड़े कुछ अनछुए पहलुओं से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के निर्णय के अनुसार वर्ष 2025 पूरे देश में जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में जाना जाएगा। प्रशिक्षु रविकांत तिवारी और गौतम चौधरी ने झारखंड अलग राज्य बनने के उद्देश्य और बिरसा मुंडा के संदेश पर प्रकाश डाला। वहीं खुशबू कुमारी राज ने झारखंड पर लोक कविता का पाठ किया। अंजलि और सिमोंतिका ने नृत्य प्रस्तुत किया। राजा एंड ग्रुप ने झारखंडी लोकगीत गाकर खूब वाहवाही बटोरी। दीपनिशा एंड ग्रुप ने नागपुरी और अदिति एंड ग्रुप ने मनमोहक संथाली नृत्य प्रस्तुत किया। मंच संचालन प्रशिक्षु कपिल देव व इशा कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका डॉ मीरा कुमारी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मौके पर प्रभारी प्राचार्या डॉ पुष्पा कुमारी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ बसुंधरा कुमारी, सहायक प्राध्यापक अशोक कुमार सिन्हा, अनिल कुमार, जगेश्वर रजक, संदीप खलखो, अंजलि कुमारी, एस.एस. मैती, गुलशन कुमार, स्नेहलता खलखो, रचना कुमारी, दिलीप कुमार सिंह, वर्षा दूबे, संदीप कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## दीपक ज्वेलर्स व फर्नीचर दुकान का उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा ने किया उद्घाटन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया में दीपक ज्वेलर्स व फर्नीचर दुकान का उद्घाटन हुआ। दुकान का उद्घाटन उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो क्यूम पूर्व सरपंच बैजनाथ यादव, समाजसेवी सुरेश यादव, दिनेश यादव, विनोद सोनी, लोकेश प्रसाद, ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है, जब तक व्यापार नहीं बढ़ेगा, किसी भी क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। वही अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो क्यूम ने कहा कि किसी भी व्यवसाय में ग्राहकों के प्रति ईमानदारी जरूरी है ग्राहकों की संतुष्टि ही व्यवसाय का आधार है। साथ एक ग्राहकों के बीच मधुर संबंध बनाते हुए उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने की अपील की। संचालक को व्यापार की तरक्की के लिए शुभकामनाएं दी।मौके पर उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा,अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो क्यूम, पूर्व सरपंच बैजनाथ यादव, समाजसेवी सुरेश यादव, दिनेश यादव, विनोद सोनी, लोकेश प्रसाद, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उलगुलान का सौदा करने वालों के खिलाफ उलगुलान करने की सख्त जरूरत है : वाम दल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** धरती आबा बिरसा मुंडा के 150 वी जयंती के अवसर पर हजारीबाग बस स्टैंड स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण वाम दलों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग के पूर्व सांसद और सीपीआई की वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि बिरसा मुंडा के 125 वीं जयंती के अवसर पर झारखंड राज्य का निर्माण हुआ और झारखंड राज्य के निर्माण के तत्काल बाद जो भाजपा की सरकार झारखंड में बनी वह झारखंड का विरोधी ही थी. वह सरकार वनांचल बनाने के पक्ष में था लेकिन झारखंडी जनता के दबाव में झारखंड को ऊपर मन से स्वीकार किया. भाजपा सरकार में आते ही बिरसा मुंडा के सपनों को चकनाचूर करने लगा. इस राज्य की जो स्थापना जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए किया गया था बात लेकिन भाजपा इसके उल्टे बड़े-बड़े कॉर्पोरेट को बुलाकर झारखंड की जल, जंगल, जमीन को लूटवाने का काम किया जो आज तक जारी है. आप अगर गौर से देखें तो झारखंड बनने के बाद



झारखंड में विस्थापन की समस्या लगातार बढ़ती गई और इसके खिलाफ भाजपा सरकार ने कुछ नहीं किया. यह बहुत ही अफसोस की बात है कि राज्य गठन के 24 वर्ष गुजर जाने के बाद भी आदिवासी आयोग का गठन नहीं किया गया और नहीं विस्थापन रोकने का कोई मुकम्मल इंतजाम किया गया. आज भी यहां के मूलवासी रोजगार के चक्कर में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई सहित कई महानगरों में जा रहे हैं. जब कि झारखंड के गर्भ में जो खनिज संपदा है उस पर आधारित यदि यहां उद्योग लगाया जाता और उसमें स्थानीय लोगों को नौकरी दी जाती तो झारखंड में विस्थापन का नाम नहीं रहता. आज जो सीएनटी एक्ट है वह बिरसा के शहादत का परिणाम है. बिरसा के शहादत के बाद आदिवासियों के बढ़ते असंतोष को दबाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत में सीएनटी एक्ट 1908 बनाया ताकि असंतोष को दबाया जा सके. सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि झारखंड में भाजपा सरकार बनने के बाद सरकार बिरसा मुंडा के उलगुलान का सौदा करने लगी देखते-देखते सरकार ने 27 अगस्त 2008 तक 74 बड़े परियोजनाओं के लिए बड़े उद्योगपतियों के साथ एम ओ यू साइन कर दिया. इस एमओयू के आधार पर आर्सेलर मित्तल कंपनी को स्टील प्लांट के लिए 25000 एकड़, टाटा स्टील को ग्रीन फील्ड नमस्ते के लिए 10400 एकड़ जमीन की एम ओ यू साइन किया गया. आज तक झारखंड सरकार ने कुल 98 एम ओ यू पर साइन किया है. इन तमाम एम ओ यू यदि लागू होती है तो झारखंड की लगभग 2 लाख एकड़ जमीन उद्योगपतियों को सरकार सौंप देगी. ऐसी स्थिति में झारखंड के गांव के गांव उजड़ जाएंगे. जिससे सबसे अधिक बिरसा मुंडा के आदिवासी लोग प्रभावित होंगे और जिस जल जंगल जमीन के लिए बिरसा मुंडा ने उलगुलान कर अंग्रेजों से लोहा लिया था वह उलगुलान समाप्त हो जाएगा. आदिवासी मूलवासी दर-दर की ठोकरे खाने के लिए मजबूर हो जाएंगे. बहुत ही दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जिस राज्य की स्थापना बिरसा मुंडा के नाम पर और उनके जयंती पर किया गया उसी राज्य में आदिवासियों को बेदखल करने के लिए उपरोक्त एम ओ यू साईन किया गया है. इस अवसर पर सीपीआई केमहेंद्र राम, निजाम अंसारी, ईश्वर मेहता, अशोक कुमार मेहता, शौकत अनवर , सी पी आई एम के जिला सचिव ईश्वर महतो, तपेश्वर राम, लक्ष्मी नारायण सिंह, सुरेश कुमार दास, विपिन कुमार सिन्हा सहित वाम दल के कई सदस्य उपस्थित थे.

## श्रीदस स्कूल के बच्चों और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचंदा स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने पांचमेल गांव में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणो व भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय प्रशासन की यह एक सराहनीय पहल है,आगे उन्होंने कहा कि हमें अपने भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने अंग्रेजों के अन्याय और जनजातीय लोगों के शोषण के खिलाफ आवाज उठाई। विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके उलगुलान यानी महाविद्रोह ने अंग्रेजों की शोषणकारी नीतियों के खिलाफ आदिवासी समाज को एकजुट किया था। यह जयंती उन सभी लोगों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपने जीवन का बलिदान दिया। बिरसा मुंडा का जीवन यह संदेश देता है कि किसी भी समुदाय को उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए यह दिन समाज में समानता और न्याय को बनाए रखने की प्रेरणा देती है।मौके पर कक्षा 9वीं के सभी बच्चों व शिक्षक विवेक भारद्वाज सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ प्रखंड के एनडीए प्रत्याशी तिवारी महतो के पक्ष में सांसद मनीष जायसवाल ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी निर्मल महतो और तिवारी महतो के पक्ष में विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के एक दर्जन गांवों का तूफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और विष्णुगढ़ क्षेत्रवासियों से मांडू विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन करके झारखंड में एनडीए सरकार बनाने का अपील किया। सांसद मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र का तूफानी दौरा विष्णुगढ़ चेडरा स्थित चुनाव कार्यालय से किया उसके बाद विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक, जमनीजारा, बांडीसिमर, नरकी, खरकी सिमरबेड़ा, गाल्होबार, खरकट्टों बस्ती, जोबर बंदखारो, बनासो और विष्णुगढ़ के नावाडीह में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता भुनेश्वर पटेल, द्वारिका सिंह उर्फ़ खोखा सिंह, विष्णुगढ़ भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, आजसू नेता रंजीत गुप्ता, दीपू अकेला, नागी मुखिया कुंवर हांसदा, भाजपा नेता सुनील मिश्रा, निर्मल कुमार, प्रभु विश्वकर्मा, डूमरचंद महतो, डोमन प्रसाद गुप्ता, राजेश सोनी, कन्हाय यादव, सुनील अकेला, राजू श्रीवास्तव, बंटी श्रीवास्तव, अरविंद लहकार, गायत्री देवी, रीता देवी, डब्लू सोनी, शंकर वर्मन, अशोक गुप्ता, तापेश्वर रजक, दिनेश अग्रवाल, राजेंद्र मंडल, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया उन्हें याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 149 वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के नायक थे । उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19 वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए । केवल 25 वर्ष की उम्र में अपने देश की रक्षा के लिए शहीद होने वाले बिरसा मुंडा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के लिए



जनजातीय विद्रोह और क्रांति के प्रतीक के रूप में याद किए जायेंगे, और शायद यही कारण है की लोग उनहे भगवान बिरसा मुंडा कह कर संबोधित करते हैं । पूर्व अध्यक्ष कार्यकारी अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि 1900 ईस्वी को बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया गया और जेल में उनकी मृत्यु हो गई बिरसा मरे नही अपितु अमर हो गए । जब भी आदिवासी विद्रोह के बारे में हम बात करेंगे बिरसा मुंडा का नाम प्रथम पंक्ति में लिया जाएगा । साथ ही साथ झारखंड राज्य का 24 वां स्थापना दिवस सादगी से मनाया गया । कार्यक्रम में प्रदेश सचिव बिनोद सिंह, अजय गुप्ता, राजू चौरसिया, कृष्ण कुमार यादव, दिलीप कुमार रवि, ओमप्रकाश झा, सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, अनिल भुईयां, मुस्ताक अंसारी, मुगेश्वर चौधरी, सीडी सिंह, उपेन्द्र कुमार राय, सुनिल सिंह राठौर वरिष्ठ कांग्रेसी कृष्णदेव प्रसाद सिंह, लाल बिहारी सिंह, अकिल अहमद, मिथिलेश दुबे, राजू यादव, सैयद अशरफ अली, ज्ञानी प्रसाद मेहता, गोविंद राम, अरशद खान आदि उपस्थित थे।

# सिख धर्म के संस्थापक गुरुनानक देव जी का प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया

## रागी जत्थों ने किया मधुर गुरूवाणी के गायन, संगत हुये निहाल





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर शुक्रवार को श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल परिसर में विशेष दीवान सजाया गया। जिसके बाद लंगर का वितरण किया गया। जिसमें कई लोग शामिल हुए और लंगर ग्रहण किया । दिन का दीवान 11:00 बजे से 3:00 बजे तक चला और रात का दीवान 8:30 बजे श्री गुरुद्वारा साहिब में सजा। जो 12:00 बजे समाप्त हुआ।गुरूवाणी से माहौल हुआ भक्तिमय जम्मू से आये जगतार सिंह ने श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में सजे विशेष दीवान के क्रम में अपनी गुरुवाणी से संगत को निहाल किया । हुजूरी रागी जत्थे भाई सरबजीत सिंह जी ने भी मधुर गुरुवाणी से संगत को निहाल किया । रागी जत्थों द्वारा गुरुवाणी गायन के उपरांत गुरु के लंगर का वितरण किया गया।लंगर लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग गुरुनानक स्कूल परिसर पहुंचे। सभी को लंगर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, जोगिंदर सिंह जग्गी प्राचार्य हरजाप सिंह, जगजीत सिंह सोनी , इंद्रजीत सिंह कालरा, बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा,अनमोल सिंह, हरदीप सिंह होरा,जसकीरत सिंह भाटिया, राजू, जसकीरत सिंह सैनी, रौनक सिंह,गुरजोत सिंह,नरेंद्र सिंह होरा,गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, सुमी जौली , गुरबख्श कौर सैनी, मनप्रीत सैनी आदि कई लोग शामिल हुए।

# राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर हुआ माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शुक्रवार को छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों ने छतरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने सर्वप्रथम सभी को राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए। सभी से कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए यह संकल्प लेने का दिन है कि हम किस प्रकार झारखंड राज्य को एक विकसित राज्य बनाने में अपना योगदान दें ।

## अरगडा चपरी मोड़ में बिरसा मुंडा जयन्ती सह स्थापना दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगडा चपरी मोड़ में बिरसा मुंडा जयन्ती सह स्थापना दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम पाहन के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई व माल्यार्पण किया गया । इसके बाद वक्ता राजेश बेदिया धनेलाल बेदिया विरेन्द्र गोप आदि लोगों के द्वारा अपने अपने विचार रखे व बिरसा मुंडा के रास्ते चलने का संकल्प लिया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवदेव बेदिया ने किया । इस समारोह में मुख्य रूप से बलगोबिन्द बेदिया श्याम बेदिया अरुण कुमार बेदिया अमर मुण्डा पंकज बेदिया गुरु चरण बेदिया आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे



## रामगढ़ जिला में भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला में भगवान बिरसा मुंडा जयंती सिद्धू कानू मैदान से जुलूस पैदल मार्च होते रामगढ़ टाउन होते हुए रामगढ़ बस स्टैंड का पास भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाया गया। इस मौके पर पहान के द्वारा विधि विधान से पूजा किया गया। सभी आदिवासी लोग ने अपने-अपने वेशभूषा से पारंपरिक रूप से पूरा रामगढ़ जिला शहर में पूरा खुशी का मौहल रहा।मौके पर आदिवासी छात्र संघ व राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा सुनील मुंडा, जगनारायण बेदिया, श्रीवास्तव मुंडा, प्रमोद मुंडा, राजेश पाहन, जगन्नाथ मुंडा,आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव, विक्की आदिवासी, नितेश मुंडा ,रवि मुंडा, सुनील मुंडा, तरुण मुंडा सूरज मुंडा बसंत मुंडा , दीपू मुंडा राजू मुंडा आदि कोई उपस्थित थेद्य



## आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र करमाली ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के पूर्व प्रमुख और आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र करमाली ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर नई राजनीतिक दिशा में कदम बढ़ाया है। श्री करमाली ने कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर श्री करमाली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सिद्धांत और नीतियाँ जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं। उन्होंने यह विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर वे क्षेत्र की उन्नति और समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए सार्थक प्रयास करेंगे। कांग्रेस पार्टी की ओर से ममता देवी ने सुरेंद्र करमाली का स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव और नेतृत्व से पार्टी को मजबूती मिलेगी और जनता के हित में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान मिलेगा। श्री करमाली का कांग्रेस में शामिल होना दुलमी प्रखंड एवं संपूर्ण क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



## मांडु में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंति मनाई गई

**मांडु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वीर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंति, मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति, मांडू चट्टी प्रधान कार्यालय मांडू जिला रामगढ़ में विधानसभा चुनाव 2024 एवं आचार संहिता को देखते हुए सादगी के साथ उनके जीवनी , संघर्ष , कुर्बानी और त्याग को याद करते हुए उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। वीर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंति पर मुख्य रूप से उपस्थित मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति के मुख्य संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शाहिद सिद्दिकी, मांडू प्रखण्ड अध्यक्ष नरेश हेम्ब्रम , आमीन गफ्फार, डॉ.इस्माईल अंसारी, अमित कुमार हांसदा ,उमेश रविदास, लालधन महतो, राजकुमार टुडू, जोगेश्वर रविदास, कमरूल हुसैन ,इंतेखाब आलम, दिलीप तुरी, भोलेस्वर भोक्ता थे ।इस मौके वीर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवनी पर वक्ताओं ने विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन गुलाम रब्बानी ने किया।




## मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय में भगवान बिरसा मुंडा के 150वां जयंती मनाया गया

**मांडु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय में भगवान बिरसा मुंडा के 150वां जयंती मनाया गया। जिसके अध्यक्षता मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी ने किया । इस मौके पर वार्ड सदस्य शैलेश महतो आलम अंसारी निशिकार गुप्ता निरंजन महतो योगेश्वर महतो छोटेलाल भुइया सुरेंद्र कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# पतरातू भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाई गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पीटीपीएस डीएवी स्कूल के सामने भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति के तत्वाधान में भगवान बिरसा मुंडा का 150 वीं जयंती को झारखंड स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र मुंडा एवं संचालन नंदकिशोर महतो के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में एकल विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय मुखिया किशोर कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सीताराम मुंडा शामिल होकर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के कटआउट पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया।तथा मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाए गए तथा मुखिया किशोर कुमार माता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को रांची के पास उलिहातु नामक स्थान पर हुआ था। वे झारखंड भारत में एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी समाज के नेता बने। मुंडा जनजाति के सदस्य के रूप में,उन्होंने छोटी उम्र से ही ब्रिटिश शासन का कड़ा विरोध किया और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए विद्रोह का नेतृत्व किया था तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया आज पूरा देश में उनकी जयंती के दिन को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है यह झारखंड की लोगों के लिए गर्व की बात है। मौके पर पंचायत समिति अनीता जैन,उपमुखिया नंद किशोर महतो,नागेश्वर महतो,शांति देवी, ललिता देवी,नवीन सिंह,आलोक गुड़िया,अतीन तिर्की,बबलू मिंज,एवं सैकड़ो बच्चों महिलाओं उपस्थित थे।

*बिरसा चौक उरीमारी में भगवान बिरसा मुंडा कि 150 वी जयंती मनाई गई*

# शौर्य और साहस कि प्रतिमुर्ति है झारखंड के बीर भगवान बिरसा मुंडा : दशई मांझी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** बिरसा चौक उरीमारी स्थित शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा कि 150वी जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। वहीं इस बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास रहे। वहीं इस कार्यक्रम का नेतृत्व अबुआ संथाल समाज दिशोम भारत परगना के केन्द्रीय महासचिव दशई मांझी ने किया। वहीं सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डि शिव दास एवं केन्द्रीय महासचिव दशई मांझी ने भगवान बिरसा मुंडा कि चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। वहीं भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे का नारा लगाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि बिरसा पीओ डि शिव दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को उलिहातू जिला खुंटी में हुआ। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत कि नींव हिला कर रख दी थी। वहीं अबुआ संथाल समाज दिशोम भारत परगना के केन्द्रीय महासचिव दशई मांझी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा शोर्य और साहस कि प्रतिमुर्ति थे। भगवान बिरसा मुंडा ने जल जंगल जमीन कि रक्षा के लिए उलगुलान का आह्वान किया जोकि 1897 से 1900 ईस्वी तक चला। वहीं इस मौके पर दिनेश करमाली, कार्तिक मांझी,शुखू मांझी, सुरेश मुर्मु, भवानी शंकर प्रसाद, रैना टुडू, जुगल करमाली,खेपन मांझी, नकुल प्रजापति, तालो हांसदा, शिकारी टुडू, सिकंदर सोरेन, संतोष शर्मा, राजू पावरीया, मनोज सिंह, सत्यनारायण बेदिया, रामलाल बेदिया, रामस्नेही ,अनिल मुर्मू, भादो करमाली, जितेन्द्र यादव, महादेव सोरेन, बिनोद सोरेन, दीपक मरांडी,र ाजा किस्कू, सोमरा पावरीया, बरियात किस्कू, प्रदिप किस्कू, पुरण टुडू, सुरेश प्रजापति, सुरेन्द्र करमाली ,भुन्दू करमाली, बुधन करमाली, अजय साव, शिबू ठाकुर, राजेश साव, सहदेव टुडू, राजकुमार साव आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

*आरसीएमयू इंटक कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा कि जयंती मनाई गई*

## जनजातीय विद्रोहो और क्रांति के प्रतिक माना जाता है भगवान बिरसा मुंडा को : राजू यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन(इंटक) कार्यालय में आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रिय सचिव राजू यादव के नेतृत्व भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती मनाया गया। सर्व प्रथम उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान उनके संघर्ष को याद किया गया। वहीं इस दौरान आरसीएमयू इंटक के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का नारा था अबुआ राज एते जना, महारानी राज टुंडू जना यानी ÷रानी का राज्य समाप्त कर हमारा राज्य स्थापित करें।÷ इसका मतलब है हमारा राज्य, हमारा शासन। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने यह भी कहा कि ये उन लाखों आदिवासी लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत था जो झारखंड की भूमि से थे और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा थे और झारखंड की जल जंगल जमीन के लिए अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिए जिसको वो उलगुलान उलगुलान के नाम से संबोधित करते थे। भगवान बिरसा मुंडा ने सिर्फ 25 साल की उम्र में अपने देश की रक्षा के लिए शहीद होने वाले स्वतंत्रता सेनानी थे। वहीं इस मौके पर आरसीएमयू उरीमारी के शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू,बिरसा परियोजना के शाखा के अध्यक्ष लालो महतो,एससी एसटी ओबीसी काउंसिल सचिव गणेश राम, दिलीप कुमार,दीपक विश्वकर्मा, टहल गोप, के सी डे,संजय यादव, सुखदेव सोरेन, सतीश कुमार, दीपक यादव,सताई राजभर, प्रकाश राम, सीबू ठाकुर, गिरधारी प्रजापति, राधे श्याम बैठा, पप्पू यादव, अजय कुमार आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## युवाओं के प्रेरणा स्रोत भगवान बिरसा मुंडा एक सच्चे देश भक्त थे : बी एन साह



प्रभात मंत्र संवाददाता


**रामगढ़ :** शुक्रवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी एवं सम्मानित अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया।इसके बाद विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने झारखंड की संस्कृति पर आधारित गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति उत्साहवर्धक एवं आकर्षक रहा।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने भगवान बिरसा मुंडा को शत -शत नमन करते हुए कहा की कहा कि युवाओं के प्रेरणा स्रोत भगवान बिरसा मुंडा एक सच्चे देशभक्त थे। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा की झारखंड की जनजातीय संस्कृति प्रकृति से प्रेम करने वाली संस्कृति है।प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने कहा की जनजातीय समाज के सम्मान और संस्कृति की रक्षा के लिए भगवान बिरसा का संघर्ष अमर है।कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने गौरवशाली इतिहास व संस्कृति समृद्ध झारखंड के स्थापना दिवस की सभी को हार्दिक बधाई दी और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर माटी वीर को शत-शत नमन किया।मौके पर वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन संबंधी तैयारियों की प्रेक्षकों ने किया समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 की रामगढ़ जिला अंतर्गत 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन संबंधी कार्यों का सफल संचालन हेतु तैयारियों की समीक्षा हेतु सामान्य प्रेक्षक 23- रामगढ़ टी वी सुभाष, पुलिस प्रेक्षक 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र देवब्रत दस की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय परिसर स्थित परिसदन रामगढ़ में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार ने निर्वाचन आयोग से आए प्रेक्षकों को 23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु अब तक हुए तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सफलता पूर्ण संपन्न कराने हेतु पूरी तरह से तैयार है सभी तैयारियां लाभग पूरी कर ली गई है।वहीं बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 23- रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न चेक नाका में लगातार चल रही जांच अभियान में जब्ती संबंधी जानकारी दी गई साथ ही जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए तैयारी की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई । बैठक के दौरान सर्वप्रथम प्रेक्षकों द्वारा निर्वाची पदाधिकारी 23- रामगढ़ सह अनुमंडल पदाधिकारी,रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी से 23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान के दौरान सहूलियत पहुंचने के उद्देश्य से अब तक की हुई तैयारी की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 में चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यों का सही से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

# निर्दलीय प्रत्याशी पंकज किया जमकर प्रचार-प्रसार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कुशवाहा पंकज महतो ने रामगढ़ शहर के हर दुकानदार प्रचार प्रसार किया। निर्देलीय प्रत्याशी कुशवाहा पंकज महतो फुल गोभी छाप( 15 नम्बर ) में वोट डालने की अपील की गई। पंकज ने बताया कि हमारे रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन विकास न किया और न आजसू पार्टी तथा भाजपा ने विकास कार्य किया गया। हमलोग ने कई आंदोलन के जेल जाना पड़ा। रामगढ़ पुर्व विधायक सह पुर्व मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी ने पेयजल सह स्वाच्छता मंत्रालय में रहते हुए। रामगढ़ शहरी क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति योजना धरातल उतर नहीं सके। इतना ही नहीं आजसू पार्टी परिवारवाद से घिरी हुई हैं। वहीं रामगढ़ पुर्व विधायक ममता देवी को तीन साल छह महीने तक शुद्ध पेयजल के साथ स्वास्थ्य अच्छा हो ऐसा एक कार्य करने नहीं सकी। उक्त मौके पर रहीश अंसारी, गुरुदयाल करमाली, पवन कुमार महतो, बिनोद कुशवाहा, इंद्रजीत कुमार,विजय दुबे, अंकित पटेल, आकाश तिवारी,रौशन तिवारी, आरीफ राजा,दीपक भट्ट, रजऊल अंसारी नीरज यादव, लालू यादव, राजकुमार आदि सैकड़ों समर्थक प्रचार प्रसार में शामिल हुए।

## सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में विजिलेंस अवेयरनेस वीक तथा विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन का हुआ समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड़ा क्षेत्र सीसीएल में विजिलेंस अवेयरनेस वीक 2024 तथा विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन 2024 का समापन , सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक अरगड़ा क्षेत्र संजय कुमार झा मौजूद रहे। कार्यक्रम में अमला अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासन) मोहम्मद फैयाजुल हक, नोडल अधिकारी सतीश कुमार श्रीवास्तव, प्रबंधक कार्मिक स्मिता पन्ना, प्रबंधक कार्मिक मनीष कुमार अम्बष्ट एवं नोडल अधिकारी (लीगल) निखिल श्रीवास्तव के अलावा तीन विद्यालयों से पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र छात्रा तथा उनके अभिभावक व शिक्षकगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को सम्मानित किया गया एवं शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में सत्य निष्ठा और ईमानदारी की शपथ दिलाई गई तथा जीवन में इसका आचरण करने हेतु प्रोत्साहन किया गया। पुरस्कार समारोह की समाप्ति के उपरांत सभी बच्चे, शिक्षक एवं अभिभावक गण भोजन ग्रहण के उपरांत अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

## प्रशिक्षण का सामान्य प्रेक्षक ने किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से आए प्रेक्षक 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र टीवी सुभाष द्वारा विधानसभा निर्वाचन के निमित मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल रामगढ़ में दिए जा रहें प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान श्री सुभाष ने प्रशिक्षण हॉल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें कर्मियों के साथ बैठक कर मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहें प्रशिक्षण को बारीकियों से सुने इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं पदाधिकारी व मतदान कर्मियों को मतदान के दौरान हो रही गलतियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताई गई साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कर्मियों की दुविधाओं को भी दूर किया गय। वहीं उन्होंने सभी को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मौके पर मुख्य निर्वाची पदाधिकारी 23- रामगढ़ सह अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# हाईवा के चपेट में आने से कोयला मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत

## त्रिवेणी कम्पनी से एक नौकरी एंव पांच लाख मुआवजा राशी देने का आश्वासन के पश्चात हटा सड़क जाम





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग मुख्य सड़क बरवाडीह 13 माइल के पास सड़क दुर्घटना में कोयला मजदूर मोटरसाइकिल चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना की खबर परिवार जनों एवं ग्रामीणों को मिलते ही लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि मृतक तौफीक अंसारी पिता इसाक मिंया उम्र 30 वर्ष रुद्दी निवासी साइकिल से कोयला लेकर ग्राम रुद्दी से 15 नवंबर की अहले सुबह 4~30 बजे हजारीबाग की ओर बेचने के लिए जा रहे थे।लगभग 5~00 बजे बड़कागांव हजारीबाग 13 माइल पास हाइवा की चपेट में आ जाने से तौफीक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक तौफीक अंसारी का पत्नी , एक बेटा एवं दो बेटी है। मौत की खबर परिजनों एवं ग्रामीणों को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर बड़कागांव हजारीबाग मुख्य सड़क को जाम कर दिया गया और मुआवजा व नौकरी की मांग की जाने लगी। परिवारजनों एवं रिश्तेदारों का रो रो कर कर बुरा हाल था।इस दरमियान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। त्रिवेणी कंपनी के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं मृतक के परिवार जनों के समक्ष वार्ता हुई। जिसमें मृतक के परिजन को एक नौकरी एवं 5 लाख मुआवजा को लेकर समझौता हुआ, तत्पश्चात सड़क जाम हटा लिया गया। वहीं बड़कागांव पुलिस प्रशासन के द्वारा लाश को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक निर्मला देवी, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, एस आई आशीष भगत, बडकागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, समीम मियां, मुखिया वासुदेव यादव, तकरीम उल्लाह खान, रंजीत मेहता, इलियास अंसारी, सोनू इराकी, पंचायत समिति सदस्य फयूम अंसारी, सुरेश चौधरी, विशेश्वर नाथ चौबे, पंकज कुमार, प्रभु राम, रवि राम सहित पुलिस सशस्त्र बल और सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## रोशनी के साथ रंग बदलने वाले फ्रेम होंगे आपकी उम्मीद से परे, पेश करते हैं ट्रांज़िशन्स द्वारा पावर्ड रे-बैन चेंज

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत 1937 से रे-बैन इनोवेशन्स के साथ ऐसे आईवियर लाते रहे हैं जो बेहतरीन डिज़ाइन और आधुनिक टेक्नोलॉजी का अनूठा संयोजन हों। इनोवेशन के इसी क्रम को जारी रखते हुए आज ब्राण्ड ने ट्रांज़िशन्स द्वारा पावर्ड लाईट-रिस्पॉन्सिव फ्रेम रे-बैन चेंज का लॉन्च



किया है। रे-बेन चेंज रोशनी के अनुसार आपके स्टाइल में शानदार बदलाव लाता है। यह फ्रेम यूवी लाईट के संपर्क में आने पर अपने रंग को बदल लेता है और इस तरह इंडोर और आउटडोर में आपका लुक भी पूरी तरह से बदल जाता है। आपके साथ बदलने के लिए तैयार किया गया रे-बैन चेंज ओरिजिनल वेफेरर और वेफेरर ओवल की तरह अपने अनूठे पिगमेन्ट्स के साथ बेजोड़ ऑप्टिकल स्टाइल देता है। रे-बैन निरंतर सीमाओं को पार करते हुए नए ट्रैंड्ज़ लाता रहा है और अपने डिज़ाइन में इनोवेशन को प्राथमिकता देता रहा है। ट्रांज़िशन्स की पावर और इसकी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ब्राण्ड लाईट-रिस्पॉन्सिव फ्रेम- रे-बैन चेंज के माध्यम से आईवियर का नया अनुभव लेकर आया है। फेडेरिको बुफ़ा, चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, एस्सिलोर लक्ज़ोटिका ने कहा। ''हम लैंसेज़ में लीडर, ट्रांज़िशन्स और फ्रेम्स में लीडर रे-बैन को एक डायनामिक प्रोडक्ट के रूप में लेकर आए हैं, जो उपभोक्ताओं को अपने फंक्शनल आईवियर को फैशनेबल बनाने का मौका देता है।सैल्युलोज़ एसिटेट की पारम्परिक हस्तनिर्मित कारीगरी और इनोवेशन के संयोजन के साथ रे-बैन चेंज को रोशनी के साथ तालमेल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फ्रेम के अनूठे रंगों ओर पैटर्न को ट्रांज़िशन के फोटोक्रोमिक डाई से तैयार किया गया है जो यूवी लाईट के संपर्क में आते ही तुरंत एक्टिवेट हो जाते हैं।

## कार्तिक पूर्णिमा पर सफा होड़ समुदाय ने बांसलोई नदी में लगाई आस्था की डुबकी

**अमड़ापाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को इलाके के सैकड़ों-हजारों सफा धर्मावलंबियों ने बासलोय नदी में स्नान किया। आस्था की पवित्र डुबकी लगाई। अमड़ापाड़ा, गोपीकांदर, महेशपुर सीमाई क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सफा होड़ समुदाय बासलोय नदी तट पर जुटे। नदी का दृश्य विहंगम था। माहौल भक्तिमय था। सफेद और लाल वस्त्रों में इस समुदाय की महिलाएं, बच्चे और पुरुष सभी अलग-अलग झुंडों में अपने इष्ट देव को रिझाते दिखे। हारमोनियम, ढोलक, मंजीरा और झाल आदि वाद्य यंत्रों पर एक स्वर में आदिवासी धार्मिक पारंपरिक भक्ति गीत गाते दिखे। सबों ने अलग-अलग समूहों में अपने पुरखे बाबा अथवा पुरोहितों के नेतृत्व में अपनी सभ्यता और संस्कृति के तहत इष्ट देव भगवान सूर्य, भगवान राम, हनुमान और शंकर आदि की पूजा-आराधना किया। विभिन्न फल-मिठाई और अन्य मीठे द्रव्यों को कांस्य पात्र में रख भगवान को भोग लगाया। पुरोहितों ने चढ़ावा चढ़वाया।भक्तों ने अपने पुरोहितों से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद उनसे आशीर्वाद लिया। महिला-पुरुषों ने उपवास रखा। सफाहोड़ समुदाय के प्रबुद्ध गोपीकान्दर प्रखंड के पहाड़पुर गांव के सनातन मरांडी और पुरखे बाबा बरसन मूर्मू व सुफल हेम्ब्रम ने बताया कि इस समुदाय के बीच कार्तिक पूर्णिमा का विशेष धार्मिक महत्व है। सभी पूजा-पाठ के जरिए अपने परिवार-समाज के स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना करते हैं।कार्तिक पूर्णिमा को यह पूजा दिनभर चलता रहता है। यह दिन ईश्वर के प्रति आस्था, भक्ति और समर्पण का दिन है। लोग इस मौके पर गंगा स्नान को भी जाते हैं।

**कार्तिक पूर्णिमा का है विशेष महात्म्य**

कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली भी कहा जाता है। कहा जाता है कि शक्तिशाली त्रिपारासुर के अत्याचार से परेशान हो चुके देव भगवान शिव के पास गए और मदद मांगी। तब भगवान शिव ने इस असुर का बध कर देवों और ऋषि -मुनियों को भयमुक्त किया। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा से पापों का नाश होता है। गंगा स्नान से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## एमटी राजा ने कसवा एवं लालमाटी पंचायत में किया जनसंपर्क

**तालझारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तालझारी में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के राजमहल विधानसभा के प्रत्याशी मों. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा के पक्ष में वोट को लेकर मखानी से पैदल रैली निकालकर लालमाटी, बेलदारचक होते हुए तालझारी स्टेशन पूर्वी टोला का भ्रमण किया। नेतृत्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मोहम्मद ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने किया। इस दौरान लोगों से मुलाकात कर केंद्र सरकार के द्वारा भेजे गए भाजपा नेता के द्वारा लोगों के बीच फूट डालने की काम कर रही है। क्योंकि भाजपा सरकार के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। अब भाजपा लोगों के बीच धर्म के नाम पर, तो झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के नाम पर झूठी आरोप लगाकर राजनीति करना चाहती है। भाजपा झारखंड की जो संपत्ति है उसे लूट कर बड़े-बड़े बिजनेसमैन के हाथों बेचने की साजिश रची है। परंतु झारखंड सरकार ऐसी सोच वाली पार्टी को अपने झारखंड में किसी भी हाल में सफल होने नहीं देगी। क्योंकि हमारे झारखंड में महागठबंधन पार्टी की जो सरकार है, वह झारखंड की विकास के बारे में सोचती है?। इसलिए हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 5 साल में जो विकास का कार्य किया है। ऐसी कई नई योजना को बताते हुए कहा कि हमारी सरकार झारखंड में रह रहे लोगों का जो भी पुराना बिजली बिल बकाया था, वह हमारी सरकार ने माफ कर दिया गया।

# डीएवी में गुरु नानक, बिरसा मुंडा व एनडी ग्रोवर की मनाई गई जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मानवता के पुंज गुरुनानक देव जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के सभा भवन में प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती, वरिष्ठ स्नातकोत्तर शिक्षक संजीव कुमार मिश्रा एवं अन्य शिक्षकों ने गुरु नानक देव जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। वहीं विद्यालय के बच्चों के द्वारा विद्यालय से गुरुद्वारा तक के लिए एक शांति मार्च का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने बताया कि गुरु नानक देव जी का आविर्भाव उस समय हुआ जब समाज बुरी तरह से विखंडित हो चुका था। उस समय



गुरु नानक देव जी एक दिव्य ज्योति की तरह अवतरित हुए और समाज को एक नई दिशा दिखाई। वहीं दूसरी ओर धरती आबा बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों ने बिरसा मुंडा जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि आज के दिन को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। झारखंड के लाल एवं माटी वीर को डीएवी परिवार शत शत नमन करता है।डीएवी के जनक कहे जाने वाले महात्मा नारायण दास ग्रोवर की जयंती को विद्यालय परिवार द्वारा बहुत धार्मिक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में एक वैदिक हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षकों द्वारा एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि एनडी ग्रोवर साहेब ने ज्ञान के प्रचार के लिए संपूर्ण उत्तर भारत में सैकड़ों डीएवी विद्यालय एवं कॉलेजों की आधारशिला रखी। जिससे आज लाखों बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

# धूमधाम से मनाई गई श्री गुरु नानक देव जी की 555 वीं जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** पूरी दुनिया को मानवता का संदेश देने वाले सिख समुदाय के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी की 555 वीं जयंती शुक्रवार को सादगी से मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारे में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रंथ पाठ, भजन कीर्तन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम हुए। इधर सिंधीपाड़ा स्थित हीर्दुमल गुरुद्वारे में भी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में समाज के महिला और पुरुष शामिल हुए। बता दें कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी सिंधीपाड़ा गुरुद्वारे में तीन दिनों का अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी दी गई कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव हीर्दुमल गुरुद्वारे में बड़ी ही धूमधाम



से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड जोत जलाकर किया गया। गुरुद्वारे में बाबा के भजन कीर्तन की महिमा के साथ सभी सिंधी समाज की महिलाएं व पुरुष श्रद्धा भाव के साथ भक्ति का आनंद उठाया। गुरुद्वारे में उपस्थित बाहर से आए हुए अतिथियों का स्वागत पुष्प वर्षा के साथ किया गया और उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। प्रभु गुरु नानक जी के जय-जयकार से पूरे गुरुद्वारे में हर्षोल्लास कीर्तन और मधूर भजन गाए गए। वहीं रात्रि से ही भक्तों का तांता लगा हुआ था। महिला, पुरुष और बच्चें सभी लोगों ने कार्यक्रम का बखूबी आनंद उठाया। पिछले तीन दिनों से कार्यक्रम में जयकारों के साथ प्रभु के सुंदर सुंदर गीत और भजन सुनाए गए। अतिथि और उनके साथीगण अपनी मधुर आवाज से भक्तों का मन मोह लिया। वहीं सिंधी समाज के मुखिया उदय लखवानी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी सिख धर्म के प्रथम गुरु थे। जिन्होंने पूरी दुनिया को मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी धर्म और जाति को एक साथ और समान रूप से रहकर चलने का संदेश दिया। श्री गुरु नानक देव जी ने ही लंगर की शुरुआत की थी। उन्होंने संदेश दिया था कि ईश्वर एक है। वहीं विनोद तिर्थानी ने बताया कि गुरुजनों की भक्ति में अत्यंत मधुरता और लोगों की आस्था और विश्वास जुड़ी हुई है। जिससे लोगों में मन को शांति मिलती रही है। विनोद तिर्थानी का कहना है कि यहां के आए हुए सभी अतिथिगण बड़े ही विश्वास और श्रद्धा के साथ इस त्योहार को बड़ी ही धूमधाम से और श्रद्धा भक्ति से मनाते हैं।

## रोटी, माटी व बेटी के साथ खिलवाड़ कर रहे बंगलादेशी घुसपैठियों को चुन चुनकर देश के बाहर खदेड़ेंगे- शिवराज सिंह चौहान

**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में रोटी, माटी व बेटी के साथ खिलवाड़ कर रहे बंगलादेशी घुसपैठियों को चुन चुनकर देश के बाहर खदेड़ेंगे। जिसे झामूमो व कांग्रेस ने पनाह दिए हुए है। शुक्रवार को हिरणपुर स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह बातें कही। आयोजित सभा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि झामूमो पति, पत्नी व भाई की पार्टी बनकर रह गई है। इस पार्टी का मूल कार्य कमीशनखोरी है। झारखंड को जेएमएम व कांग्रेस ने तबाह कर दिया। बिना पैसा का कोई काम आम लोगों का नहीं हो पा रहा है। अबुआ आवास में भी 20 हजार की कमीशनखोरी ली जा रही है। राज्य की विकास को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार ने 3.84 लाख हजार करोड़ की राशि दी। जल जीवन मिशन को लेकर 10 हजार करोड़ की राशि दी गई। पर इस राशि का उपयोग जनहित में नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य में बालू की लूट मची हुई है। महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ की जा रही है। हेमंत सोरेन ने कहा था कि पांच लाख नौकरी न देने पर पद से त्याग-पत्र दे देंगे। पर पांच वर्षों में एक भी नौकरी युवाओ को नहीं मिली। पेपर लीक कर युवाओं की भविष्य के साथ खिलवाड़ की गई। उत्पाद सिपाही भर्ती में 19 युवाओ की मौत हो गई। भाजपा की सरकार आने पर राज्य में रिक्त पड़े 2.87 लाख की भर्ती किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्नातक बच्चों को हर माह दो हजार बेरोजगारी भत्ता, 3100 रुपए प्रति क्विंटल कृषकों से धान खरीद, खेतो में सिंचाई की सुविधा, गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपए, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, वर्ष में दो सिलेंडर निःशुल्क, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार से मुक्ति पाने के लिए एक उलगुलान की आवश्यकता है। जिन्होंने लोगों का नही स्वंय का विकास किया। जिससे मुक्ति पाना आवश्यक है। यह भी कहा कि सहारा इंडिया में जमा राशि का भुगतान भी जल्द किया जाएगा। लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप बीजेपी को वोट देकर बाबूधन मुर्मू को भारी मतों से जिताएं।

## मॉडल कॉलेज राजमहल में छात्रों के बीच कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजमहल :** मॉडल कॉलेज राजमहल और स्वीप कोषांग साहिबगंज के संयुक्त तत्वावधान में चुनाव चौपाल , वोट करने चलें, क्विज प्रतियोगिता, चुनाव शपथ , चुनाव का महत्व पर विमर्श गोष्ठी कार्यक्रम शुक्रवार को मॉडल कॉलेज राजमहल में प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी स्वीप कोषांग चित्रा यादव ने विद्यार्थियों और मतदाताओं को मतदान के महत्व को विस्तार से बताया और की शपथ दिलाई । अधिक से अधिक मतदान करने एवं कराने का आवाह्न किया। प्राचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मत की महत्वों को समझाते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया और अधिक से अधिक वोट देने की अपील की। इस संगोष्ठी के माध्यम से 20 नवंबर को मतदान का दिन घरों से निकल कर अधिक से अधिक वोट देने की अपील की गई ।इस कार्यक्रम के बाद झारखंड स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने झारखंड स्थापना दिवस को याद करते हुए कहा कि झारखंड प्राकृतिक सुंदरता और महान क्रांतिकारियों की भूमि है तथा झारखण्ड महानायक बिरसा मुंडा को याद करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया कि बिरसा मुंडा ने बहुत कम उम्र में अंग्रेज़ों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजा दिया था। अंग्रेज भी उनसे खौफ खाने लगे थे। उन्होंने ये लड़ाई तब शुरू की थी जब वो 25 साल के भी नहीं हुए थे। उनका जन्म 15 नवंबर, 1875 को मुंडा जनजाति में हुआ था। उन्हें बाँसुरी बजाने का शौक था। वह पढ़ाई में भी होशियार थे। धरती आबा बिरसा मुंडा का नारा ÷जल, जंगल, जमीन अबुआ÷ यानी ÷जल, जंगल, जमीन हमारी है,÷आदिवासी मूलवासी समुदाय के लिए स्वाभिमान, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। बिरसा मुंडा, जिन्हें %धरती आबा% के रूप में जाना जाता है, आदिवासी मूलवासी समाज के अधिकारों और उनकी परंपराओं की रक्षा के लिए अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष किया। उनका यह नारा सीधे आदिवासियों की उस संस्कृति से जुड़ा हुआ है, जो जल, जंगल, और जमीन पर आधारित है।बिरसा मुंडा का मानना था कि जल, जंगल और जमीन आदिवासियों मूलवासियों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, उनके नेतृत्व में आदिवासियों ने अपने जल, जंगल, और जमीन की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। बिरसा मुंडा का आंदोलन सिर्फ आदिवासी अधिकारों तक सीमित नहीं था, बल्कि यह उनके प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए था। आज भी ÷जल, जंगल, जमीन÷ का यह नारा भारतीय आदिवासी और मूलवासी समुदायों के आंदोलनों में प्रतिध्वनित करता है। यह नारा आधुनिक समाज को भी एक सशक्त संदेश देता है कि प्रकृति के साथ तालमेल बनाए रखना और उसके अधिकारों का सम्मान करना आवश्यक है। बिरसा मुंडा के इस क्रांतिकारी संदेश का महत्व आज भी इसलिए है क्योंकि पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन, और प्राकृतिक संसाधनों के शोषण के कारण ग्रामीण और आदिवासी समाज की आजीविका खतरे में है। बिरसा मुंडा का विचार केवल उनके समय का नहीं, बल्कि एक स्थायी दर्शन है, जो आदिवासियों मूलवासियों की संघर्षशीलता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का समर्थन करता है। इस लिए बिरसा मुंडा के संदेश वर्तमान और भविष्य है। बिरसा मुंडा के जयंती को भुलाया नहीं जा सकता यह अतीत को संजोकर वर्तमान और भविष्य का गठजोड़ है।

**पूर्व मध्य रेल**

**विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु खुले ई–निविदा के लिए निविदा सूचना की प्रति**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

**ई–निविदा संख्या–GEM/2024/B/5605663, Dated 13.11.2024**

**क्रम सं. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनबाद मंडल के बालूमाथ रनिंग रूम की सम्पूर्ण प्रबंधन के साथ क्रू के लिए भोजन बनाना, केयर टेकिंग, साफ–सफाई और बागवानी, न्यूज पेपर और मैगजीन आपूर्ति, कपड़ों की धुलाई एवं रहने वाले क्रू को सब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है की 03 वर्षों (1095 दिनों) के लिए आउटसोर्सिंग ।, **2. कार्य के लिए प्राक्किलित राशि** : रू0. 3,01,32,899.85, **3. अग्रधन राशि** : रू0. 3,00,700.00, **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा का बंद होना: 04.12.2024 को 19:00 बजे, ई–निविदा का खुलना: 04.12.2024 को 19:30 बजे, **5. वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट **http://gem.gov.in**

**विशेष:** ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नही किये जाएंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विधुत/परि०)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/01524/डीएचएन/ईओपीएन/टी/24–25/36

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**
**विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

**ई–निविदा संख्या :** ईएल/26/खुली/2024–25, **क्रम सं. : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** धनबाद मंडल के अंतर्गत धनबाद, गोमो में लिफ्ट, एस्केलेटर, सबस्टेशन, 30%-70% प्रकाश व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग के लिए डेटा मॉनिटरिंग और प्रबंधन (IR NIYANTRAC) के लिए क्लाउड आधारित केंद्रीकृत वेब–पोर्टल के साथ वेब आधारित स्वचालन (निगरानी और नियंत्रण) प्रणाली का प्रावधान (कार्य समापन अवधि : नौ माह), **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू0 3,46,65,148.54, **3. बीड सिक्युरिटी :** रू0 3,23,300/–

**ई–निविदा संख्या :** ईएल/27/खुली/2024–25, **क्रम सं. : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ओवरहेड कंडक्टरों और अन्य सहायक उपकरणों को बदलकर बिजली आपूर्ति प्रणाली का उन्नयन। (कार्य समापन अवधि : नौ माह), **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू0 76,61,111.12, **3. बीड सिक्युरिटी :** रू0 1,53,200/–

**4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 10.12.2024 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 10.12.2024 को 11:30 बजे **के बाद, 5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाइट **ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/01523/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24–25/44

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं. : 1. कार्य का नाम एवं स्थान :** "पीएफ लाइटिंग सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन निर्माण, क्वार्टर वायरिंग आदि का विद्युतीकरण, सहायक ट्रांसफार्मर के माध्यम से यार्ड लाइटिंग और बिजली आपूर्ति व्यवस्था के लिए हाई मास्ट का प्रावधान, पीकेए से एसडीएमडी और के बीच विभिन्न स्टेशनों पर भूमिगत केबल के माध्यम से 33 केवी/11 केवी ओवरहेड लाइन को संशोधित/हटाना। पीकेए से एसडीएमडी सेक्शन तक रेलवे लाइट के दोहरीकरण के संबंध में एसडीबीएच से एसएनडीटी और डिप्टी सीईई/सी/एस/एमएचएक्स के तहत पीकेए से एसडीएमडी सेक्शन और किसी अन्य स्थान तक रेलवे लाइन के दोहरीकरण के संबंध में 10 किलोवाट हाइब्रिड सौर ऊर्जा उत्पादन प्रणाली। निविदा संख्याः EL/C/S/MHX/ETEN/14/24-25, **2. अनुमानित कार्य की लागत :** रू. 11,16,42,285.67/–, **3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, **4. कार्य पूर्ण करने का समय :** 12 माह, **5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय :** 04.12.2024 दोपहर 12:00 बजे तक, **5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है :** आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाईट पर **www.ireps.gov.in** पर निविदा डाउनलोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ**
**पूर्व मध्य रेल/महेंद्रूघाट/पटना**

पीआर/01522/कॉन/ईएलईसी/टी/24–25/44

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के बैनर तले 15 नवंबर 2024 भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन का भव्य आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एम जी रोड स्थित झखरा कुम्बा सरना स्थल प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। यह शोभायात्रा वीर शिवाजी चौक अलका मेनका रोड होते हुये न्यू रोड, सोमवार बाजार, पावरगंज चौक, साइडिंग बस स्टैंड, कचहरी मोड़ स्थित दरहा देशवली कुटमू लोहरदगा के प्रांगण में महासम्मेलन आयोजित की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन लोहरदगा जिला धर्म गुरू फुलेश्वर उरांव, जोरी पंचायत मुखिया राजू उरांव, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा के उपाध्यक्ष सोमे उरांव, कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, चेरो आदिवासी महासभा अध्यक्ष विनय सिंह चेरो, बिहार पूर्णिया कटिहार राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष दयामनी उरांव, शांति उरांव, अध्यक्ष सुरेश उरांव, सहदेव उरांव समेत 60-80 की संख्या में बिहार से शामिल हुये। पलामू, रांची, लापूग, लातेहार, लोहरदगा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के महासचिव जालेश्वर उरांव, जिला अध्यक्ष सोमदेव उरांव, सचिव सुकेन्दर उरांव, महिला प्रकोष्ठ से अध्यक्ष जयंती उरांव और लोहरदगा जिला के सभी आदिवासी समुदाय बुद्धिजीवीगण के मौजूद में कलश पर रखें दीप प्रज्वलित करके की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मे रामप्यारी उरांव, पलामू बबन उरांव, हजारीबाग रामदेव उरांव लातेहार, सोमरा उरांव खूंटी, संदीप उरांव, रामगठ, फुल्केश्वर उरांव लोहरदगा, विशिष्ट अतिथि प्रेममांती उरांव, संरक्षक, पवन बारला, लपूग, करमा उरांव, सुरेश उरांव, धर्म अगुवा कटिहार बिहार सहदेव उरांव, पूर्णिया बिहार बिनय सिन्हा। मौके पर विनय चेरो ने कहा कि जय जोहार,जय आदिवासियों का नारा दी। मैं खुद महसूस करता हूँ कि चेरो समाज व आदिवासी समाज के साथ एक जुट होकर आगे बढ़ना है। कार्यक्रम में मुख्य केन्द्रीय सरना समिति संरक्षक मनी उरांव, प्रोफेसर लोहरा सर, सुधू भगत, बिहारी भगत, जय सिंह चेरो खूंटी, विनय सिंह खरवार, वीरेंद्र उरांव पूर्व मुखिया, अरकोसा सहित भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के अगुवागण मौजूद थे।? कार्यक्रम में आदिवासी ढोल मादर वाद्ययंत्र आदिवासी रीति-रिवाज पराम्परा वेष भूषा के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल लोहरदगा में मनाया गया बिरसा मुंडा जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रियाडा के पीछे स्थित ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल लोहरदगा में झारखंड स्थापना दिवस एवं बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के फोटो पर माल्यार्पण, एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्प अर्पण किया गया एवं दीप प्रज्वलित कर क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को याद किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्या शोभा रानी साहू ने विद्यालय के बच्चों को झारखंड स्थापना दिवस के बारे में बताया कि आज ही के दिन 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य को अलग राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था एवं झारखंड दो शब्दों से झार और खंड जिसका अर्थ झार अर्थात जंगल एवं खंड अर्थात भूमि झारखंड अर्थात जंगलों का प्रदेश बताया इस अवसर पर बिरसा मुंडा की जीवनी भी बताई गई की बिरसा मुंडा का जन्म झारखंड के रांची में 15 नवंबर के दिन ही हुआ था। झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चियों ने लाल पाड साड़ी एवं बच्चों ने धोती गंजी एवं गमछा पहना था। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा झारखंड के नागपुरी गाने हाय रे हमर छोटा नागपुर जंगल पहाड़ नदी नाला इत्यादि जैसे गानों पर झूमर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता, प्राचार्या शोभा रानी साहू,शिक्षिकाएं नीलम देवी,मुन्नी देवी, रोजलीन लकड़ा, एलिस लकड़ा, पायल कुमारी, शहजादी खातून, संगीता कुमारी, राजकुमारी देवी, प्रेम मुन्नी देवी इत्यादि उपस्थित थे।

# एसएस पब्लिक स्कूल में मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड लोहरदगा में स्थित एस एस पब्लिक स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर विद्यालय की सचिव बिंदु तिवारी ने माल्यार्पण के पश्चात भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए उनके उनके ऐतिहासिक पराक्रम को नमन किया। वही विद्यालय के प्राचार्य श्री अमित चतुर्वेदी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद भगवान बिरसा मुंडा के समर्पण को नमन किया। आज के युवाओं को उनके अद्भुत क्षमता से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। श्री चतुर्वेदी ने झारखंड राज्य गठन किन उद्देश्य से किया गया, उसे पूरा करके झारखंड को शिक्षा में, उद्योग में, देश के अग्रणीय राज्यों में शामिल हो सके ऐसा करने के लिए आह्वान किया। सभी प्रदेशवासियों की समुचित विकास एक स्वस्थ शिक्षा से ही हो सकती है,इसलिए सभी लोग अपने बच्चों को स्कूल तक जरूर पहुंचाएं। शिक्षा के माध्यम से ही एक मजबूत राज्य का गठन हो सकता है। और भगवान बिरसा मुंडा की आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि इसी माध्यम से दी जा सकती है। साथ ही श्री चतुर्वेदी ने गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विद्यालय परिवार की तरफ से जिले वासियों को बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने भगवान बिरसा मुंडा के वेशभूषा धारण कर उन्हें याद किया। इसके साथ ही विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका सुश्री सरिता कुजूर, अमित एक्का, निक्की वर्मा, मुकेश पांडे, सादिया प्रवीण, शाहजहां, खुश्बू, सपना, मोनिका, रिया, शिफा, जेब, सोनमती, नीलम एवं अन्य लोगों उपस्थित उन्हें नमन किया।

# कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रामरेखा धाम में उमड़ी श्रद्धांलुओं की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** श्रीरामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिन हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंड में स्नान कर पवित्र गुफा में देवी देवताओं के विग्रहों का दर्शन पूजन किया. कल से ही निकटवर्ती राज्यों और स्थानीय श्रद्धालुओं का आने का ताँता लगा रहा, सुबह होने पर सभी ने कतारबद्ध होकर, जयकारे के साथ भगवान के दर्शन किये. दिन भर श्रद्धालू आते रहे और दर्शन पूजन कर इस विशाल धार्मिक मेले का आनन्द उठाया.आज सुबह नाम जप एवं अखंड हरिकीर्तन प्रारम्भ हुआ जिसकी समयावधी चौबीस घंटे की है.संध्या 6 बजे से भजनाश्रम में साधु संतो का प्रवचन हुआ, जहाँ अपने सुन्दर आशीर्वाचनों और भजन से संतो ने भक्तों को आशीर्वाद दीये, वहीं भक्तों ने संतो के सान्निध्य का पुण्यलाभ उठाया. इस अवसर पर धाम के महंत और अध्यक्ष संत श्री अखंडदास जी महाराज ने कार्तिक पूर्णिमा के महत्त्व को भक्तों को बताया की आज के दिन को देव दीपावली भी कहा जाता है, आज भगवान शिव ने पापी त्रिपुरासुर नामक दैत्य का वध किया था और देवलोक में दीपावली मनाई जाती है.आज के दिन स्नान और दान का बड़ा महत्व है, आज पवित्र नदी या कुंड में स्नान कर तिर्थो में दर्शन पूजन कर संत महात्मा का आशीर्वाद लिया जाता है, इससे घर में सुख समृद्धि आती है.उधर मेले में सांस्कृतिक मंच में संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ स्थानीय परम्परागत गायन वादन और नृत्य का कार्यक्रम हुआ. नागपुरी में सुन्दर सुन्दर भजनो का प्रस्तुति हुआ जिसमें लोग झूमते रहे. देर रात्रि तक धार्मिक चलचित्र का प्रदर्शन हुआ जिसका भक्त गण आनन्द उठाते रहे. श्रीरामरेखा धाम जहाँ त्रेतायुग में भगवान श्रीराम अपने भार्या माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ पिता वचन पालन हेतु वनवास काल में यहाँ वर्षाकाल का चातुर्मास विताया था और अपने चरण रज से यहाँ की धरती को धन्य किया था. जहाँ भक्तों के कल्याण के लिए पूजन दर्शन और धार्मिक मेले की व्यवस्था बीरु गढ़ के धर्मपारायण राजाओं ने की थी जो अभी अनवरत जारी है. श्रद्धालुओं की सेवा में और मेले को सुचारु रूप से चलाने में धाम के कार्यकर्त्ता और समिति के अधिकारी सजग और तत्पर रहे।

# डीसी एवं एसपी सिमडेगा ने किया रामरेखा धाम का निरिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने रामरेखा धाम का भ्रमण कर राजकीय रामरेखा कार्तिक पूर्णिमा मेला का किए निरीक्षण। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने रामरेखा धाम मेला का विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने रामरेखा के समिति के सदस्य से मुलाकात कर मेला के विधि व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। तथा उन्होंने ने बिजली, पानी सहित पार्किंग व्यवस्था की भी जानकारी ली। समिति के सदस्यों से कहां की मेले में किसी प्रकार की समस्या होगी तो तुरंत इसका जिला प्रशासन को सूचित करेंगे। उन्होंने कहा कि मेले में आगमन होने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसे सुनिश्चित करेंगे। मौके पर सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री समीर रेनियर खालखो, अंचलाधिकारी सदर सिमडेगा मो0 इम्तियाज अहमद, प्रखंड, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल श्री मुकेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकरटांड़, अंचलाधिकारी पाकरटांड़, सीडीपीओ सिमडेगा, सीडीपीओ सिमडेगा, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# डीएवी में महात्मा नारायण दास ग्रोवर व भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में झारखंड क्षेत्र में डीएवी की नींव रखने वाले महात्मा एन डी ग्रोवर एवं भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर धर्म शिक्षक जितेंद्र मेहेर एवं कृष्ण तांती के द्वारा हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों की तस्वीर के समक्ष प्राचार्य महोदय के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक द्वारा विद्यार्थी दक्ष भालेकर समृद्धि,साध्वी,भव्यता व अन्य विद्यार्थियों के साथ मनोरम संगीत प्रस्तुत किया गया। शिक्षक पी के सिन्हा एवं शिक्षिका अर्चना राय के द्वारा प्रभावी भाषण प्रस्तुत किए गए। भाषण के माध्यम से इन्होंने महापुरुषों के जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इनका अनुसरण करने के लिए कहा।प्राचार्य महोदय द्वारा भी आशीर्वचन दिए हुए कहा कि महात्मा नारायण दास ग्रोवर व भगवान बिरसा मुंडा की तरह जो व्यक्ति अपने कर्मों के प्रति पूर्ण समर्पित होते हैं वे मरणोपरांत भी अपने कर्मों के प्रकाश से लोगों के हृदय में संसार में सदैव जीवित रहते हैं तथा प्रकाश पुंज बनकर मानव जाति का मार्गदर्शन करते रहते हैं इसलिए हम सबको अपने कर्म के प्रति पूर्ण समर्पित रहना चाहिए। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## कुडू में हथियार के साथ दो नाबालिग लड़के गिरफ्तार

**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह हथियार के साथ दो नाबालिग लड़को को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो को सुचना मिली कि दो नाबालिग एक लुना बाइक से गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र से सप्लाई करने के लिए हथियार लेकर कुडू पहुंचने वाले हैं। सूचना पर विधि-व्यवस्था संधारण व सुरक्षा व्यवस्था और गिरोह को पकड़ने के लिए पुलिस ने जाल बिछाया। इसी बीच सुबह के करीब सात बजे एक लुना से दो नाबालिग कुडू इंदिरा गांधी चौक से रांची की तेज रफ्तार से पार हुए। पुलिस ने शक के आधार पर उनका पीछा किया तो पुलिस को देख लुना लेकर रुद शिवाजी चौक से माराडीह जाने वाले सड़क पर प्रवेश कर गए और लुना छोड़कर भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा। पुलिस ने दोनों को संरक्षण में लेकर तलाशी ली तो एक लड़के के कमर से एक कट्टा बरामद किया गया। पुछताछ के क्रम में पुलिस को जानकारी दी है कि देशी कट्टा को चंदवा थाना क्षेत्र के एक हथियार सप्लायर को देना था लेकिन पुलिस को देख रास्ता भटक गए तथा पुलिस गिरफ्त में फंस गए। इधर चुनाव के दुसरे दिन हथियार के साथ अलग थाना क्षेत्र के लड़को के घुमने को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। गिरफ्तार लड़कों के पुराने इतिहास,आपराधिक सगठनो से संपर्क होने सहित विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। गिरफ्तारी में कुडू थाना प्रभारी के अलावा एसआई कुंदन कुमार, लवकुश सिंह, प्रेम प्रकाश के साथ पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जयंती के मौके पर आज दिनांक 15.11.2024 को भगवान बिरसा मुंडा की शंख नदी के समीप अवस्थित प्रतिमा और समाहरणालय परिसर अवस्थित प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई।

# ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में गुरु नानक एवं बिरसा मुंडा की मनाई गई जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में गुरु नानक जयंती एवं धरती आबा बिरसा मुंडा जी की जयंती, धूमधाम के साथ बनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने कहा कि हम महापुरुषों की जीवनी से सीख ले और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। साथ ही अपने अंदर देशभक्ति की जज्बा भरते हुए उत्तम नागरिक बनने का प्रयत्न करें। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जी का मानना था कि ईश्वर एक है और हम सभी जीव जंतु उसके ही संतान हैं। ईश्वर हम सबको एक समान प्यार करता है। बिरसा मुंडा जी के जीवन चरित्र पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वह सही मायने में झारखंड के सच्चे सपूत थे। अंग्रेजों को यहां से खदेड़ने में उनकी प्रमुख भूमिका रही है। हमें ऐसे महापुरुषों के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे।

# कैरो प्रखंड के नरौली गांव में अंधविश्वास ने ली एक अधेड़ की जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के नरौली में अंधविश्वास की वजह से एक अधेड़ की हत्या कर दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। पूरे मामले की जांच और आगे की कार्रवाई जारी है। घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया गया मृतक की पहचान कैरो थाना क्षेत्र के नरौली गांव निवासी संतोष उरांव के रूप में हुई है। हत्या की इस घटना को गांव के ही के एतवा मिंज के पुत्र रवि शंकर मिंज ने अंजाम दिया। पुलिस ने रवि शंकर मिंज को गिरफ्तार कर लिया है।घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में अंधविश्वास का मामला सामने आया है, जिसके चलते हत्या की गयी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे : चंद्रपति यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के सभागार में भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के सचिव श्री सीपी यादव द्वारा भगवान बिरसा मुंडा फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। पश्चात संस्थान के सभी सदस्यों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजली अर्पित किया गया। तत्पश्चात संस्थान के सचिव सीएपीएयादव ने अपने संबोधन में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि बिरसा मुंडा जिन्हें धरती आबा के नाम से भी जाना जाता है, भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व रहे हैं। उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलीहातू गाँव में मुंडा जनजातिय परिवार में हुआ था।बिरसा मुंडा का जीवन कठिनाइयों और उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक है। उनका बचपन गरीबी और संघर्ष में बीता,लेकिन उन्होंने शिक्षा प्राप्त करने का प्रयास जारी रखा। मिशनरी स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्होंने अंग्रेजों की नीतियों और मिशनरियों के आदिवासी संस्कृति पर किए जा रहे हमलों का विरोध करना शुरू किया। उन्होंने अपने समुदाय को एकजुट किया और उनकी सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। बिरसा मुंडा ने आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए उलगुलान (महान विद्रोह) की शुरुआत की। यह विद्रोह अंग्रेजों के खिलाफ चलाया गया था। उन्होंने अंग्रेजों की जमीन हड़पने की नीतियों का विरोध किया और आदिवासियों को उनकी जमीन वापस दिलाने का संकल्प लिया। उनके नेतृत्व में आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ कई संघर्ष किए, उन्हें कड़ी चुनौती दी। बिरसा मुंडा का धार्मिक दृष्टिकोण भी महत्वपूर्ण था। उन्होंने लोगों को सत्य, अहिंसा और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एक नए धार्मिक आंदोलन की शुरुआत की, जिसे बिरसैत कहा जाता है। इस आंदोलन का उद्देश्य समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और सामाजिक बुराइयों को दूर करना था। बिरसा मुंडा का संघर्ष अंग्रेजों के लिए एक बड़ी चुनौती था। उनके नेतृत्व में आदिवासियों ने कई सफलताएँ हासिल कीं, लेकिन 1900 में उन्हें अंग्रेजों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। 9 जून 1900 को रांची जेल में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बाद भी उनका संघर्ष और उनके विचार जीवित रहे और समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बने। बिरसा मुंडा की विरासत आज भी जीवित है। झारखंड में बिरसा मुंडा की याद में कई स्मारक और संस्थान स्थापित किए गए हैं। उनका जन्मदिन 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। बिरसा मुंडा का जीवन और उनका संघर्ष हमें यह सिखाता है।

# धरती आबा ने इस देश और धर्म के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर हमें मानवता का मूल्य समझा गये : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आजसू पार्टी के पदाधिकारी गण एवं एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने कचहरी मोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा में माल्यार्पण किया। इसके पश्चात शंख मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा का मूर्ति में श्रद्धा सुमन अर्पित की। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने इस दौरान अपने विचार रखते हुए कहा की जननायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा इस देश के सही में जननायक थे। इन्होंने जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए कम उम्र में सर्वोच्च बलिदान दिया। धरती आबा आदिवासियों को संगठित कर अंग्रेजों के खिलाफ बड़ा लड़ाई लड़ी ।उनके कुशल नेतृत्व के कारण अंग्रेज इनसे हमेशा खौफजदा रहे। इन्होंने कम समय में ही यह बतला दिया इस क्षेत्र के लोग किसी की गुलामी बर्दाश्त नहीं करते और अपने हक और अधिकार के लिए हमेशा लड़ने को तैयार रहते हैं। इसी तरह झारखंड आंदोलन की लड़ाई भी लड़ी गई। जिसकी अगुवाई आजसू पार्टी ने की। इस अलग राज्य लडाई में आजसू के लाखों कार्यकर्ताओं ने अपना सब कुछ लगाकर बरसों झारखंड के लिए लड़ते रहे। कुछ लोगों ने अपना सर्वस्व बलिदान दिया तो कुछ लोगों ने अपना घर बार त्याग किया ।झारखंड बनाने के लिए बहुत दुख तकलीफ सहना पड़ा। तब जाकर यह झारखंड बना और इसके लिए प्रेरणा भगवान बिरसा मुंडा से ही ली गई। नीरू शांति भगत पति आजसू के प्रेरणा स्रोत पूर्व विधायक आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की। एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने अपने विचार रखते हुए कहा की धरती आबा ने इस देश और धर्म के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर हमें मानवता का मूल्य समझा गए। इसी तरह आंदोलनकारी हमारे अंदर अपनी अस्मिता और जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए लड़ने की प्रेरणा दे गए। सभी को नमन धरती आबा को शत-शत नमन आंदोलनकारीयों को नमन। झारखंड स्थापना दिवस की झारखंड वासियों खास कर लोहरदगा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। गुरु पूर्णिमा एवं सिखों के धर्मगुरु गुरु गोविंद सिंह की जयंती की सबको हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

चलते चलते एक नजर

## स्वर्गीय पुरनचंद की सादगी हमारी प्रेरणा : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुरनचंद विचार मंच द्वारा आयोजित जन-जन के नायक स्वर्गीय पुरनचंद की 100 वीं जयंती पर मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पंचमुहान पर उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए कहा कि पूरनचंद पिछड़ों के मसीहा थे। हमें उनके जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनकी सादगी हमारे लिए प्रेरणा है। मैंने अपने निगम के कार्यकाल में उनके द्वारा निर्मित कराई गई कोयल पुल का नाम पुरनचंद सेतु कर गौरवान्वित हूं। उन्होंने कहा कि पुरनचंद जी को पलामू हमेशा याद रखेगा। पलामू के लिए उन्होंने कई ऐसे काम किए हैं जो भूला नहीं जा सकता है। अरूणा शंकर ने कहा कि आज हम सभी को पुरणचंद जी के आदर्श को आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर पूरनचंद विचार मंच के अध्यक्ष रंजन कुमार चंद्रवंशी, सचिव श्रीमती सीटू गुप्ता, ज्ञानचंद पांडे, महेश सर, परशुराम ओझा,ओंकार जी, जुगल किशोर प्रसाद एवं कई अतिथियों ने भी माल्यार्पण करते हुए अपने उदगार व्यक्त किया।

* 100 वीं जयंती में कई गणमान्य लोग हुए उपस्थित

## हेमंत सोरेन भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रांची के कोकर स्थित उनके समाधि स्थल और बिरसा चौक स्थित प्रतिमा पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण शामिल हुए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरू साहू, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता, जिला संयुक्त सचिव आदिल इमाम, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शमीम मंसूरी, परवेज आलम, कोषाध्यक्ष विलयम रिचर्ड लकड़ा, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, युवा मोर्चा जिला संगठन सचिव रमजान रजा, संजय राय, अरुण वर्मा, तालकेश्वर महतो, बबलू राम, गुलाम रब्बानी, गोपाल पांडेय, अवधेश यादव, राकेश वर्मा, साहिल यादव, मुस्लिम अंसारी, गुड्डू , कयूम अहमद, विजय रविदास, राहुल वर्मा, बबलू, हरीश महतो एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सत्ता की चाबी के लिए संथाल में हो रहा है कड़ा संघर्ष

# संथाल में इंडिया गठबंधन व एनडीए आमने-सामने

* इंडिया गठबंधन व एनडीए के लिए प्रतिष्ठा का सीट बना जामताड़ा

* अनंत ओझा और लोबिन हेंब्रम की प्रतिष्ठा दाव पर

* बरहेट व पाकुड़ में मुकाबला एकतरफा, फिर भी यहां सबकी नजर

रवींद्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र



**दुमका :** झारखंड में दूसरे चरण के मतदान के लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर चुनाव होना है। इन 38 सीटों में से 18 सीट संथाल परगाना क्षेत्र में आता है। सत्ता की चाबी किसके पास रहेगा, यह संथाल ही तय करेगा। यहां से कई दिग्गज अपना भाग्य अजमा रहे हैं, जिनके लिए राजनीति की दुनिया में यह चुनाव जीवन-मरण का है। संथाल में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। इनमें पहला नाम सूबे के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का है। हेमंत सोरेन बरहेट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी हैं। यहां इनका मुकाबला भाजपा से है। बरहेट के लोगों का कहना है कि यहां मुकाबला एकतरफा है। यही कारण है कि बरहेट पर सबकी निगाहें है। राजमहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा और बोरियो से लोबिन हेंब्रम की भी प्रतिष्ठा दाव पर है। राजमहल से अनंत ओझा को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी एमटी राजा से कड़ी टक्कर मिल रही है। इसी तरह लोबीन हेंब्रम से भी झामुमो प्रत्याशी धनंजय सोरेन दो-दो हाथ करने को तैयार हैं।लिट्टीपाड़ा से जेएमएम कंडीडेट हेमलाल मुर्मू और बीजेपी के बाबूधन मुर्मू के बीच कड़ा संघर्ष देखा जा रहा है। पाकुड़ में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम का मुकाबला भाजपा के अजहर इस्लाम से है। पाकुड़ विधानसभा पर नजर रखने वाले राजनीतिक पंडितों का कहना है कि यहां भी मुकाबला एकतरफा है। महेशपुर सीट पर मुकाबला जेएमएम प्रत्याशी स्टीफन मरांडी और बीजेपी के नवनीत हेम्ब्रम के बीच है। दोनों ही अपना-अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। शिकारीपाड़ा में जेएमएम के आलोक सोरेन का टक्कर बीजेपी के पारितोष सोरेन से है। नाला विधानसभा की बात करें तो यहां से जेएमएम प्रत्याशी रवींद्रनाथ महतो का सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो से है। जामताड़ा में भी चुनावी महफिल पूरी तरह से सज चुका है। सबकी निगाहें इसी सीट पर है। यहां कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी का सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन से है। संथाल का यह हॉट सीट है। क्योंकि सीता सोरेन झारखंड की राजनीति के भीष्म पितामह दिशोमगुरू शिबू सोरेन की पतोहु और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी हैं।

वे जेएमएम से नाता तोड़कर बतौर बीजेपी प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। दुमका से सीएम हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन जेएमएम के प्रत्याशी हैं। यहां इनका मुकाबला भाजपा के सुनील सोरेन से है। इसी तरह जामा सीट पर भाजपा छोड़कर जेएमएम का दामन थामने वाले लुईस मरांडी का भी कड़ा मुकाबला बीजेपी के सुरेश मुर्मू से है। जरमुंडी सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बादल पत्रलेख को बीजेपी प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर कड़ा चुनौती दे रहे हैं। मधुपुर विधानसभा में जेएमएम प्रत्याशी हफीजुल हसन को ललकार रहे हैं बीजेपी के प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह। दोनों के बीच कांटे का मुकाबला है। अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए दोनों ही प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में पसीना बहा रहे हैं। सारठ से जेएमएम प्रत्याशी चुन्ना सिंह भी चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। यहां इनका मुकाबला जेएमएम प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह से है। बाबानगरी देवघर में राजद के प्रत्याशी सुरेश पासवान का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी नारायण दास से है। दोनों ही प्रत्याशी मैदान मारने को आतुर दिख रहे हैं। इसी तरह पोड़ैयाहाट में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव का मुख्य मुकाबला बीजेपी के देवेंद्रनाथ सिंह से है। गोड्डा में भी राजद प्रत्याशी संजय प्रसाद यादव भाजपा प्रत्याशी अमित कुमार मंडल के सामने कमर कसकर डटे हुए हैं। महगामा विधानसभा में भी कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार भगत से है। इस तरह स्पष्ट है कि संथाल परगना के सभी 18 सीटों पर मुकाबला आमने-सामने का है। सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच सीधा मुकाबला है। यही कारण है कि दोनों ही गठबंधन संथाल का किला फतह करने के लिए पूरी ताकत झोंके हुए हैं। अब अंतिम फैसला यहां की जनता जनार्दन को करना है।

## पहले चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है प्रदेश में एनडीए की सरकार नगेगी : राजनाथ

**रांची :** केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि आज गुरु पर्व, भगवान बिरसा मुंडा की जयंति और झारखंड प्रदेश का स्थापना दिवस का दिन है। आज ये बताने की जरूरत नहीं है कि भाजपा और हमारे नेताओं का आदिवासी समाज के लिए कितना सम्मान रहा है। भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष देश के युवाओं को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंति को देश भर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। राजनाथ सिंह शुक्रवार को गोड्डा जिले के महगामा में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने 13 बार मुख्यमंत्रियों को बनते देखा है, जिनमें से तीन मुख्यमंत्रियों को जेल की हवा खानी पड़ी है लेकिन भाजपा के 3 मुख्यमंत्री रहे हैं, जिन पर कभी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में भाजपा-एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस-जेएमएम-आरजेडी तीनों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। वहीं कांग्रेस ने जिस भी राज्य में जिस भी दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ा हैं, वहां बंटाधार हो गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि, हेमंत सोरेन ने सत्ता के लालच में चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाया, ताकी जमकर भ्रष्टाचार कर सकें। प्रदेश की हालात ये है कि यहां मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी पैसा लिया जाता है।

# प्रदेश कांग्रेस के तत्वाधान में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची:** प्रदेश कांग्रेस के तत्वाधान में स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस के सीनियर कोऑर्डिनेटर बीके हरिप्रसाद ने कहा कि बिरसा मुंडा एक महान वीर और झारखंड उलगुलान के महानायक थे। अत्याचारियों और जमींदारों के शोषण के खिलाफ उन्होंने क्रांति की अलख झारखंड के इलाके में जलाई थी। आदिवासी अस्मिता की पहचान और देश की स्वतंत्रता के लिए बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी साम्यवाद और शोषण के खिलाफ उलगुलान किया था। अंग्रेज शासन द्वारा जंगल के अधिकारों में परिवर्तन किए जाने से खफा बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी शासन से सीधे संग्राम की घोषणा कर झारखंड इलाके में स्वतंत्रता आंदोलन की नींव डाली। उनके पद चिन्हों पर चलकर आज भी जल जंगल जमीन के अधिकार के लिए झारखंड वासी हमेशा संघर्षरत रहते हैं। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में सर्वश्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और झारखंड विधानसभा चुनाव के सीनियर कोर्डिनेटर बीके हरिप्रसाद, अभिलाष साहु, शशिभूषण राय, राजन वर्मा, सोनाल शांति, ऋषिकेश, अमृत सिंह, मनोज सहाय, सुरेन्द्र सिंह, उमेश चौधरी, अजय सिंह, अजय कुमार मंडल, जीतू पातर, बिरजू उरांव, जितेन्द्र त्रिवेदी, समुद्र गुप्ता, नेहाल अहमद, रामानंद केशरी सहित अन्य शामिल थे।

## हिंदू मुस्लिम की एकता को बाटना चाहती है भाजपा : राजद

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के नेता हिमंता बिस्वा सरमा राज्य में हिन्दू मुसलमान आदिवासियों को आपस में तरफरका पैदा कर एन केन प्रकारण चुनाव जीतना चाहती है। राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि भाजपा नेता हिमंता बिस्वा चुनावी सभा में एक बार फिर झूठ की पोठली खोलते हुए कहा कि हिंदू की संख्या घट रही है और मुस्लिम की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि भाजपा नेता को झारखंड का सही से इतिहास भुगोल मालूम ही नहीं है। , राज्य में हिंदू मुसलमान सिख इसाई सब आपस में भाई-भाई है यहाँ की जनता अखंडता और एकता पर विश्वास करती है जबकि भाजपा के नेता समाज को बांटना चाहती है। पाण्डेय ने कहा कि अगर राज्य में घुसपैठिये है तो केंद्र सरकार क्या कर रही है पिछले 14 साल भाजपा की सरकार थी तो घुसपैठिये पर क्यों नहीं करवाई की।

संत मरियम विद्यालय में दिखी प्रकाश पर्व की उत्सव

# समाज में समानताएं लाना ही प्रकाश पर्व होगा सार्थक: उपप्राचार्य साहा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** स्थानीय नवाटोली स्थित संट मरियम विद्यालय में गुरु नानक देव जी महाराज की जयंती के अवसर पर प्रकाश पर्व मनाया गया। विद्यालय के उप्राचार्य एस.बी. साहा समन्वयक अचला सिंह व अन्य शिक्षकों ने गुरु नानक देव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात शिक्षक व विद्यार्थियों ने उनके बहुमूल्य विचारों को सभा में प्रस्तुत किया। मौके पर उप प्राचार्य श्री साहा ने प्रकाश पर्व की महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक गुरु को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है, यहां तक की सभी धर्म में पूर्ण गुरु को परमात्मा के समान माना गया है। आगे उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी के अनुसार हम सब एक ही पिता-परमेश्वर के परिवार के सदस्य हैं।

इसलिए हम आपस में प्रेमपूर्वक रहें और एक-दूसरे की मदद करें। ऐसा करने पर हम अपने भीतर प्रभु के प्रेम का अनुभव करेंगे। इससे हमें जीवन जीने की सही राह मिलेगी। अंततः उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को हम सही मायनों में तभी मना सकते हैं, जब हम उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालें और उन पर अमल करें। इस दौरान शिक्षक एस.के. साहा, एवलिन केरकट्टा, ऋषि शर्मा, जूही कुमारी समेत समस्त शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

# रिकॉर्ड मतों से जीतेगी कल्पना सोरेन : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 द्वितीय चरण के मतदान के लिए गांडेय विधानसभा क्षेत्र इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन के पक्ष में पार्टी के युवा नेता अविनाश देव ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ध्रुबदेव पंडित के घर पहुंच कर वहां लोगों से चर्चा की और जेएमएम प्रत्याशी कल्पना सोरेन के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि राज्य में 5 वर्षों के दौरान हेमंत सोरेन ने विकास की जो लकीर खींची है वह किसी इतिहास से कम नहीं है। यहां विकास के कई काम किए गए। हर गांव, हर पंचायत और हर प्रखंड को विकास योजनाओं से अच्छादित किया गया। कहा कि झारखंड के गरीब लोगों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने न्याय दिलाने का काम किया है। राज्य में गरीब, जरूरतमंद, महिलाएं, और युवाओं के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की गई। उसी का परिणाम है कि झारखंड के सभी विधानसभा सीटों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की बढ़त दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र से कल्पना सोरेन रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल कर एक इतिहास रचने जा रही है।

## विकास के लिए जनता एनडीए को जीत का आशीर्वाद देने को तैयार सुदेश महतो

**रांची।** कांग्रेस और जेएमएम राज में हुई बेतहाशा खनिज संपदाओं की लूट, भ्रष्टाचार और लचर कानून व्यवस्था ने राज्य की छवि को धूमिल किया है। हेमंत सरकार ने सबसे अधिक युवाओं को धोखा दिया है। युवा त्रस्त और सरकार अपनी धुन में मस्त है। इनके लूट और भ्रष्टाचार की कहानी देश भर में चर्चा का विषय है। लूट के आकंठ में डूबी इस सरकार के दिन अब गिनती के शेष हैं। झारखंड की जनता अब परिवर्तन के लिए तैयार है। उक्त बातें केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने पाकुड़ में एनडीए उम्मीदवार अजहर इस्लाम के पक्ष में आयोजित पदयात्रा के दौरान कही। पदयात्रा में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो भी शामिल हुए। पदयात्रा का आयोजन सिदो कान्हु पार्क से चांचकी तक किया है जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# राज्य सरकार ने शिक्षण संस्थानों में किया आतंक राज स्थापित किया: प्रतुल शाहदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रांची के मारू टावर स्थित प्रदेश मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित करके राज्य सरकार पर राज्य के प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थाओं को टारगेट करने का आरोप लगाया।प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से शिक्षण संस्थानों में छापेमारी हो रही है उससे यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार अपने हार से बदहवास होकर किसी भी हद तक नीचे गिर जा रही है। प्रतुल का यह राज्य सरकार के द्वारा शिक्षण संस्थानों में आतंक का राज्य स्थापित करने की कोशिश है। हेमंत सरकार को तब मुंह की खानी पड़ी जब सरला बिरला स्कूल और विश्वविद्यालय से चुनाव से संबंधित ना नकद बरामद हुआ ना कोई दस्तावेज। जिस तरीके से प्रतिष्ठित सरला बिरला स्कूल और विश्वविद्यालय और उषा मार्टिन विश्वविद्यालय में राज्य पुलिस ने सरकार के इशारे पर छापेमारी की यह अति निंदनीय है। प्रतुल ने कहा की सरला बिरला समूह 1913 से ही राज्य में अपनी सेवा दे रहा है। शुरुआत अस्पताल से हुई थी ।अब यह एक राज्य का अति प्रतिष्ठित स्कूल और निजी विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो गया है। सिर्फ सरला बिरला शिक्षण संस्थानों में 1041 लोग नौकरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। 12000 बच्चे को उच्च स्तरीय शिक्षा मिलती है। इस तरह हिमाद्री ग्रुप के द्वारा संचालित उषा मार्टिन विश्वविद्यालय में भी हजारों बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा मिलती है।राज्य पुलिस के द्वारा इन संस्थाओं को टारगेट करना सब दिख रहा है कि राज्य सरकार शिक्षण व्यवस्था को पंगु बनाना चाहती है। प्रतुल ने कहा कि आज से 15 दिन पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता ने प्रेस वार्ता में नामकुम और टाटीसिल्वे में स्थित इन विश्व विद्यालयों पर राजनीतिक टिप्पणी की थी और आज पुलिस का रेड पड़ गया। साफ दिख रहा है कि पुलिस झारखंड मुक्ति मोर्चा के इशारे पर चल रही है।कुछ अधिकारी इस सरकार में टूल किट बनकर काम कर रहे हैं।प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार की खुद की शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। 96त्न मिडिल स्कूल में पूर्णकालिक हेड मास्टर नहीं है।मिडिल, प्राइमरी और हाई स्कूल के कुल 68त्न शिक्षकों की नियुक्ति अभी तक नहीं हुई है। 65,000 पारा शिक्षक अपना अधिकार को लेकर सड़कों पर है।इसके बावजूद विपरीत परिस्थितियों में भी जो निजी शिक्षण संस्थान अच्छा कार्य कर रहे हैं ,उनको यह सरकार टारगेट कर रही है। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने सरला बिरला विश्वविद्यालय में छापेमारी के दौरान सभी सीमाएं पार कर दी। सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों के साथ बदसलूकी की गई। कोई सर्च वारंट नहीं दिखाया गया।चुनाव आयोग से प्राप्त कोई निर्देश की कॉपी नहीं दिखाई गई।रेड करने गए अधिकारियों ने कहा कि यह एसएसपी के मौखिक आदेश पर रेड हो रहा है। प्रेस वार्ता में तारिक इमरान भी उपस्थित थे।